सुप्रभात
रांची, मंगलवार
14.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 238

12 नागालैंड के सीएम नेफ्यू रियो ने पीएम मोदी से की मुलाकात

ESTD : 2007
BACET
B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

# आरआरआर के 'नाटु-नाटु और 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने जीता ऑस्कर अवार्ड

## भारत ने रचा इतिहास

- नाटु नाटु गाने को बेस्ट ऑरिजनल सांग कैटेगरी में अवॉर्ड
- 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को बेस्ट डॉक्युमेंट्री शॉर्ट मूवी अवॉर्ड

**एजेंसी**

**लॉस एंजिलेस।** लॉस एंजिल्स में संपन्न ऑस्कर 2023 या यूं कहे 95वें अकादमी पुरस्कार समारोह में भारत ने इतिहास रचते हुए दो बड़े अवॉर्ड्स अपने नाम कर लिये। जहां एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के 'नाटु नाटु' गाने को बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग कैटेगरी में अवॉर्ड मिला, वहीं कार्तिकी गोंजाल्विस के डायरेक्शन में बनी इंडियन शॉर्ट मूवी 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने भी बेस्ट डॉक्युमेंट्री शॉर्ट मूवी में अवॉर्ड जीता। इसके अलावा एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस ने अधिकांश पुरस्कार जीते। फिल्म को 11 नॉमिनेशन मिले थे और यह ज्यादातर कैटेगरी में जगह बनाने में सफल रही।

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' के हिट ट्रैक 'नाटू-नाटू' भारत की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए ऑस्कर्स अवार्ड अपने नाम कर लिया है। पहले जहां 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने बेस्ट डॉक्युमेंट्री शॉर्ट मूवी का अवॉर्ड जीता वहीं फिर 'नाटु नाटु' गाने ने बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड अपने नाम कर लिया। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने ऑस्कर्स में इतिहास रच दिया है। भारत को दो ऑस्कर मिलने से पूरे देश में खुशी की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमिति साह, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णम, सीएम हेमेत सोरेन समेत तमाम नेताओं और फिल्म जगत की हस्तियों ने खुशी का इजहार किया है। (शेष पेज 11 पर)

### 2023 विजेताओं की सूची

सबसे अच्छी फिल्म - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - मिशेल योह (एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - ब्रेंडन फ्रेजर (द व्हेल), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - डेनियल (एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस), सर्वश्रेष्ठ फिल्म संपादन - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस, सर्वश्रेष्ठ मूल गीत - आरआरआर से नाटू-नाटू। बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म - द एलिफेंट व्हिस्परर्स **(पूरी सूची 12 पर)**





**'द ऐलीफेंट व्हिसपरर्स' :** नाटू-नाटू से थोड़ी देर पहले निर्माता गुनीत गोंगा और कार्तिकी गोंजाल्विस निर्देशित 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने ऑस्कर-95 अकादमी पुरस्कारों में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शार्ट फिल्म का पुरस्कार जीता। भारत की 'द ऐलीफेंट व्हिसपरर्स' ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फि ल्म का ऑस्कर पुरस्कार जीत कर भारत की झोली में एक और ऑस्कर डाला था।

## राज्यपाल सीपी और सीएम हेमंत ने दी बधाई

**रांची।** फिल्म आरआरआर के बहुचर्चित गाने नाटू नाटू और डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को ऑस्कर पुरस्कार मिला है। इसके लिए देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णम और और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फिल्म 'आरआरआर' और 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' की टीम को बधाई दी। राज्यपाल ने ट्वीट किया, भारत के लिए गर्व का क्षण। मेरी हार्दिक बधाई। जय हिन्द। वहीं सीएम श्री सोरेन ने ट्वीट कर कहा, द एलीफंट व्हिस्परर्स की पूरी टीम को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र लघु फिल्म के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने और आरआरआर की पूरी टीम को नाटू नाटू के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर जीतने पर मेरी हार्दिक बधाई। आपकी उपलब्धियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

## न्यूज डायरी

### वंदना डाडेल बनीं सीएम की प्रधान सचिव

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी वंदना दादेल सीएम हेमंत सोरेन की प्रधान सचिव नियुक्त की गयी हैं। कार्मिक प्रशासनिक सुधार व राजभाषा विभाग ने सोमवार शाम को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वंदना दादेल अपने कार्यों के साथ कार्मिक विभाग और गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार पर भी रहेंगी।

### दो शव मिलने से खूंटी में सनसनी

**खूंटी।** जिले में मिले दो लाश ने सनसनी फैला दी है। एक लाश पुलिस को मुरहू थाना क्षेत्र से मिली है जबकि दूसरी लाश अड़की के जंगल से। पुलिस दोनों ही मामले की जांच में जुट गयी है। शव एक अर्धनिर्मित मकान में मिला है।

### वास्तावड़े, कोड़ा और विनोद इडी कोर्ट में पेश

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी विनोद सिन्हा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ बस्तावड़े सहित अन्य आरोपित सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर उपस्थित हुए। सोमवार को ईडी को कोर्ट में गवाह प्रस्तुत करना था। सुनवाई की अगली तिथि 31 मार्च निर्धारित की।

### चतरा के टंडवा से चार नक्सली गिरफ्तार

**चतरा।** टंडवा पुलिस ने भाकपा माओवादी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में सुलेमान गंझू, परमेश्वर गंझू, सुधन उर्फ नाठा उर्फ अजीम करमाली और कुलदीप गंझू शामिल हैं। इनके पास से आठ नक्सली पर्चा, चार मोबाइल और दो बाइक बरामद किया गया है।

### 18 अप्रैल से समलैंगिक शादी मामले में सुनवाई

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि समलैंगिक जोड़े की शादी को मान्यता के मामले में 18 अप्रैल से संविधान पीठ सुनवाई शुरू करेगी। अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

### भारत ने जीती बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

**अहमदाबाद।** ट्राविस हेड (90) और मार्नस लाबुशेन (63 नाबाद) के अड़ियल अर्द्धशतकों के कारण चौथा टेस्ट सोमवार को ड्रॉ हो गया। जिसके बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली।

### राष्ट्र प्रथम-जनता प्रथम भावना से करें काम: मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, प्रतिबद्धता और तत्परता के सिद्धांतों का पालन करते हुए राष्ट्र प्रथम और जनता प्रथम की भावना के साथ काम करना चाहिए।

### सिलिकन वैली बैंक संकट से मचा हाहाकार

**मुंबई।** अमेरिका के सिलिकन वैली बैंक (एसवीबी) के विफल होने से वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज घरेलू शेयर बाजार में डेढ़ प्रतिशत से अधिक की गिरावट से हाहाकार मच गया।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 54,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 70,000 रु./प्रति किलो |

# राज्य में 1400 केंद्रों पर आज से होगी मैट्रिक-इंटर परीक्षा

- आठ लाख हैं कुल परीक्षार्थी केंद्रों के आसपास 144 लागू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में बनाये गये 1400 केंद्रों पर मंगलवार से मैट्रिक-इंटर परीक्षा होगी। जैक और जिला प्रशासन के स्तर पर परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लगा दिया गया है। इसके अलावा दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त कर दिये गये हैं। संबंधित जिलों के उपायुक्तों ने कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। परीक्षा आयोजन को लेकर जैक की ओर से सभी जिलों और परीक्षार्थियों के दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। मैट्रिक की परीक्षाएं 14 मार्च से तीन अप्रैल तक तथा इंटर की परीक्षाएं 14 मार्च से पांच अप्रैल तक चलेंगी।

**करीब आठ लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल :** मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 1400 केंद्रों पर होगी। हालांकि, पिछले वर्ष की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।

### मैट्रिक का परीक्षा केंद्र प्रखंड और इंटर का परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर

24 मार्च को होने वाली मैट्रिक की परीक्षा 25 मार्च को ली जायेगी। परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जैक ने बोर्ड की परीक्षाओं के लिए सेंटर का निर्धारण किया है। मैट्रिक का परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर बनाया गया है, जबकि इंटर का परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। कई ऐसे परीक्षा केंद्र भी हैं, जहां मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षा होगी। 15 जून तक रिजल्ट जारी होने की संभावना है।

पिछले साल 1936 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। वहीं, इस साल करीब आठ लाख परीक्षार्थी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इसके तहत मैट्रिक की परीक्षा में करीब साढ़े चार लाख और इंटर की परीक्षा में करीब साढ़े तीन लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। (शेष पेज 11 पर)

## नियोजन नीति पर अंदर और बाहर हंगामा, 60-40 नाय चलतो के नारे लगे

# भाजपा के शोर में डूबा सदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में सोमवार को नियोजन नीति के मुद्दे पर भाजपा के हंगामे में सदन डूबा रहा। हंगामे के कारण स्पीकर को पहली पाली में दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित व शून्य काल नहीं चल सका। इसके पहले अपराह्न सदन की कार्यवाही शुरू होते ही रामगढ़ से आजसू की नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी को स्पीकर ने शपथ दिलायी। इसके बाद भाजपा विधायकों ने नियोजन नीति को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। वेल में पहुंचकर 60-40 नाय चलतो... के नारे लगाने लगे। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि मीडिया के माध्यम से यह बात सामने आयी है कि सरकार 2016 के पहले की नियोजन नीति ला रही है। उन्होंने कहा कि 2021 की नियोजन नीति को हाइकोर्ट ने रद्द कर दिया। ऐसे में इस नियोजन नीति को पहले विधानसभा में लाना चाहिए था। लेकिन सदन के बजाये कैबिनेट में लाकर सरकार ने विधानसभा की अवमानना की है। 60-40 क्या है? यह समझ में नहीं आ रहा। सरकार इसे स्पष्ट करे। भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर जमकर नारेबाजी करने लगे।

**हंगामे के बीच स्पीकर ने करायी चर्चा :** विपक्षी सदस्यों के शोरगुल के बीच स्पीकर ने दो-तीन प्रश्नों पर चर्चा करायी। विपक्ष के हंगामे के बीच समानांतर रूप से प्रश्न काल चलता रहा। नियोजन से जुड़े सवालों पर सरकार की ओर से मंत्री आलमगीर आलम जवाब दे रहे थे। इसी बाच झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने नियोजन नीति पर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि सदन से जो नियोजन नीति पारित हुई थी उसका क्या हुआ? जब सदन में नयी नियोजन नीति आयी ही नहीं, तो मंत्री कैसे जवाब दे रहे हैं? (शेष पेज 11 पर)

### जनता के हित में है सरकार का फैसला

विपक्ष के हमले को देख सत्ता पक्ष के विधायक और मंत्री सरकार के बचाव में उतरे। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि जान-बूझकर विवाद पैदा करना चाहते हैं। यदि हिम्मत है तो 1932 खतियान आधारित स्थानीयता का वह समर्थन खुलकर करें। मगर वह ऐसा नहीं करना चाहते। उन्होंने सरकार के निर्णय को सही बताया। साथ ही कहा कि सरकार सदन में चर्चा से भागना नहीं चाहती, मगर विपक्ष बाहर कुछ और अंदर कुछ बोलकर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि युवा विपक्ष के साजिश का शिकार न हों। सरकार ने जो फैसले लिये हैं वह आने वाले समय में झारखंड के युवाओं के लिए लाभदायक साबित होगा।









**सरकार बताये क्या है नयी नियोजन नीति : सुदेश-** आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि सरकार यह बताये कि नयी नियोजन नीति क्या है? उन्होंने कहा कि यह 1932 खतियान आधारित होगी या नहीं? इस पर झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि ये लोग सिर्फ सदन का समय बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1932 की बात करने वाले अपने एनडीए के साथी भाजपा से पूछें। 32 वाली नीति में वे कहां खड़े हैं?

**बार-बार जाति प्रमाण पत्र बनाने से मिले छूट : दीपिका-** कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य में जाति प्रमाण पत्र की समय सीमा तीन साल निर्धारित की गयी है। इसके कारण युवाओं को नौकरी या अन्य कारणों से बार-बार जाति प्रमाण पत्र बनवाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जाति किसी की नहीं बदलती है। युवा बार-बार सीओ, एसडीओ कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर होते हैं। उनका दोहन भी किया जाता है। सरकार कब तक इस नियमावली में सुधार करेगी। इस पर मंत्री आलमगीर आलम ने संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

## चार परिजनों की हत्या में आरपीएफ जवान दोषी करार

**रामगढ़ ।** 2019 में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या मामले में आरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह को रामगढ़ कोर्ट ने दोषी करार दिया है। सोमवार को एडीजे वन शेषनाथ सिंह की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। सजा के बिंदु पर 16 मार्च को फैसला सुनाया जायेगा। सभी गवाहों के बयान के आधार पर पवन कुमार सिंह को दोषी करार दिया गया है।

**क्या है मामला :** 17 अगस्त 2019 की रात बरकाकाना ओपी क्षेत्र के रेलवे में चार लोगों की हत्या हुई थी। आरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह ने अपनी गर्भवती प्रेमिका वर्षा देवी उर्फ मीना देवी, प्रेमिका के पिता अशोक राम, प्रेमिका की मां लीलावती देवी की हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार पवन अपने सर्विस रिवाल्वर लेकर अशोक राम के घर पहुंचा था वहां वह इतने गुस्से में था कि खिड़की से ही गोलियां बरसाने लगा था, जिस कमरे में अशोक, वर्षा, सुमन और लीलावती देवी थे वहां उसने अंधाधुंध फायरिंग की।

# इडी ने इजहार से की पूछताछ

### इजहार पर अवैध कोयला से कमाई का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के करीबी इजहार अंसारी से इडी पूछताछ कर रही है। इजहार अंसारी के हजारीबाग स्थित घर से तीन करोड़ रुपये की बरामदगी हुई थी। तीन मार्च को मोहम्मद इजहार अंसारी के हजारीबाग मिल्लत कॉलोनी स्थित घर पर इडी ने छापेमारी की थी। इजहार अंसारी कहकशा समूह की कंपनियों को नियंत्रित करते हैं। आरोप है कि वह पूजा सिंघल की ओर से कट मनी को जुटाने का प्रबंध करते थे। मनरेगा घोटाले में गिरफ्तार पूजा सिंघल अभी सुप्रीम कोर्ट से मिली अस्थायी जमानत पर हैं।

सूत्रों के अनुसार पूजा सिंघल जब खनन सचिव थी, उस समय इजहार ने बड़े पैमाने पर कोयला से अवैध कमाई की थी। कोयले की काली कमाई का एक बड़ा हिस्सा पूजा सिंघल और दूसरे अधिकारियों के पास भी भेजा था। पूजा सिंघल झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के रियायती कोल का फर्जी आवंटन करती थी। फिर उसी कोयले की तस्करी की जाती थी।





### इडी को दिया गया और समय

इधर, झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी ने भी जवाब दाखिल नहीं किया, बल्कि और समय मांगा। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 मार्च निर्धारित की है। जमानत याचिका में बच्चू यादव की ओर से कहा गया है कि उन्हें ईडी ने बरहरवा थाने में दर्ज कांड संख्या 85/2020 में आरोपित बनाया है, लेकिन वह इस मामले में शामिल नहीं है। इसके अलावा अन्य दर्ज मामलों में उन्हें जमानत मिल गयी है।

# महंगाई से चिंतित विधायकों ने की अपना वेतन बढ़ाने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनहित के मुद्दे पर भले ही विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक और हंगामा होता है, वेतन बढ़ोतरी के मुद्दे पर ये माननीय एकजुट हो जाते हैं। सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायकों की सैलरी बढ़ाने का मुद्दा उठा। यह मामला प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने उठाया। इस मुद्दे पर हालांकि सरकार की तरफ से कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया है। भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने सदन में मांग करते हुए कहा कि दिल्ली की तरह झारखंड में भी विधायकों का वेतन बढ़ाया जाये। उन्होंने कहा कि पिछली बढ़ोत्तरी 2017 में सरकार ने की थी। इन वर्षों में महंगाई बढ़ी है। समय की मांग है कि विधायकों का वेतन बढ़े। श्री शाही की मांग पर हालांकि सोमवार को सरकार का कुछ भी जवाब नहीं आया। ज्ञात हो कि वर्तमान में झारखंड में विधायकों का वेतन 40 हजार प्रतिमाह से शुरू होता है।

### सदन में उठा पेयजल संकट का मामला

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत सदन में पेयजल समस्या का मामला उठाया। कहा कि राज्य में सुखाड़ की स्थिति है। फरवरी में ही कुआं, पोखर और चापाकलों के पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। मई-जून में स्थिति और भयावह होगी। सरकार की ओर से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य के सभी विस क्षेत्रों में 681 बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना और 8315 एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना की स्वीकृति दी गयी है। वहीं राज्य के सभी विस क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए 4,40,767 नलकूप के जरिये शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

# एच3एन2 इनफ्लूएंजा को लेकर झारखंड अलर्ट

- अस्पतालों में बेड, दवा उपलब्ध रखने का निर्देश
- जांच किट खरीदारी के का टेंडर जारी
- प्रबंधन का दावा : अस्पताल में पर्याप्त बेड उपलब्ध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इन्फ्लूएंजा वायरस को लेकर झारखंड अलर्ट पर है। इसे लेकर राज्य सरकार ने एडवाइजरी जारी कर दी है। अस्पतालों में बेड, दवाइयां, ऑक्सीजन व उपकरणों की उपलब्धता तैयार रखने का निर्देश जारी किये गये हैं। वहीं हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो मौसमी इन्फ्लूएंजा एच3एन2 तेजी से फैल रहा है। कई राज्यों में बुखार, गंभीर सांस संबंधित बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। वहीं शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में इन्फ्लूएंजा से ग्रसित मरीजों की संख्या दोगुनी हो गयी है। रिम्स मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ बिंदे कुमार ने कहा कि इन्फ्लूएंजा का स्ट्रेन बदल रहा है। इसके इलाज में मरीजों को एंटीबायोटिक की जगह एंटीएलर्जिक टेबलेट दी जा रही है।

**बच्चों-बुजुर्गों का रखें विशेष ध्यान :** मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ बिंदे कुमार ने कहा कि इन्फ्लूएंजा बच्चों और बुजुर्गों को जल्दी अपनी चपेट में लेता है। ऐसे में इन इनको अपना खास ख्याल रखने की जरूरत है। ठंड से बचाव जरूरी है। साथ ही उन्होंने धूप से आने के बाद ठंडे पानी के प्रयोग से बचने की सलाह दी है।



### कंज्यूमेबल खरीद को लेकर निकाला गया टेंडर

वहीं राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि इन्फ्लूएंजा के टेस्टिंग के लिए मशीन तो है, लेकिन इसके कंज्यूमेबल (प्राइमर) के खरीद के लिए माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने लोकल टेंडर निकाला है। प्राइमर आते ही जांच शुरू कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह कोरोना जांच के लिए नाक-गले का स्वाब लिया जाता है। इन्फ्लूएंजा जांच के लिए भी वही प्रक्रिया अपनायी जायेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही पता चल पायेगा कि झारखंड में इन्फ्लूएंजा का कौन सा सब वैरिएंट लोगों को संक्रमित कर रहा है।

**रिम्स में पर्याप्त बेड उपलब्ध :** जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि रिम्स में पर्याप्त संख्या में बेड उपलब्ध है। वास नली में संक्रमण के इलाज का जो प्रोटोकॉल है। इसमें भी वही प्रक्रिया अपनायी जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए रिम्स के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अस्पताल परिसर समेत कुछ इलाके में प्रबंधन लोगों को जागरूक करने में जुटा है।

**सदर अस्पताल में 100 बेड इन्फ्लूएंजा मरीजों के लिए :** इधर, सदर अस्पताल में इन्फ्लूएंजा के मरीजों के लिए 100 बेड सुनिश्चित किया गया है। आईसीयू की जरूरत पड़ने पर इलाज के लिए दूसरे तल पर मरीजों को शिफ्ट किया जायेगा। फिलहाल इन्फ्लूएंजा का एक भी मरीज भर्ती नहीं है।

# झटका : केंद्रीय कर्मियों को नहीं मिलेगा 18 महीने का एरियर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ ही लोकसभा में केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के 18 महीने के बकाये एरियर का मुद्दा उठा। प्रश्नकाल के दौरान केंद्र सरकार से बकाये महंगाई भत्ता और महंगाई राहत को लेकर सवाल पूछा गया। सरकार ने पूछा गया कि कोरोनाकाल के दौरान केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का 18 महीने का जो महंगाई भत्ता रोका गया है क्या निकट भविष्य में उसे जारी किये जाने की कोई योजना है। इसपर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने लिखित जवाब देते हुए कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की तीन किस्तों का एरियर दिये जाने की कोई योजना नहीं है। एक जनवरी 2020, एक जुलाई 2020 और एक जनवरी 2021 को जारी किए जाने महंगाई भत्ते को फ्रीज करने का फैसला कोरोना महामारी से पैदा हुए आर्थिक व्यवधान के चलते लिया गया था, जिससे सरकार पर वित्तीय बोझ को कम किया जा सके। सरकार को कल्याणकारी योजनाओं के लिए काफी धन का प्रावधान करना पड़ा था जिसका असर 2020-21 और उसके बाद भी देखा गया है। (शेष पेज 11 पर)

## कार्यालय नगर पंचायत छत्तरपुर

पत्रांक–.................. **आम– सूचना** /दिनांक–..................

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर पंचायत छत्तरपुर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 18.03.2023 को नगर पंचायत छत्तरपुर को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र० सं० | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 18.03.2023 को नगर पंचायत छत्तरपुर को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर पंचायत छत्तरपुर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

श्रीकान्त विसपुत्ते(भा0प्र0से0)
सहायक समाहर्ता, पलामू, –सह–
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत छत्तरपुर

PR 292384 District(22-23)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID : eedwsd.lohardaga@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 11/2021–22**

PR No. – 257279 का दशम् आमंत्रण

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय :– 16.03.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.03.2023 को अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 25.03.2023 को अपराह्न 3.30 बजे तक,
   1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में।
   2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 27.03.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 08084784990

10. कार्य की विवरणी :– Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Scheme on Solar Energy based Mini Water Supply Scheme in different blocks of Lohardaga District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 years Operation and maintenance works on "Turn-key basis" under D.W.& S.Division, Lohardaga for the year 2021-22 under JJM.

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों की संख्या | योजना की संख्या | FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhandra & Senha | 13 | 44 | 65 | 2141 | Loh/SVS/ Cluster-04A | 6,09,21,000.00 | 6,10,000.00 | 10,000.00 | 09 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 292454 Lohardaga(22-23)#D



## कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद

पत्रांक–................../दिनांक–..................

**आम–सूचना (2nd Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर पंचायत हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वालेUrban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 21.03.2023 को नगर पंचायत हुसैनाबाद को पूर्वाह्न 01:00 PM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र० सं० | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01(एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमिति करण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 21.03.2023 को कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद को पूर्वाह्न 01:00PM बजे Walk in Inter view के लिए अपना बायो डाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छाया प्रति के साथ नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद।

PR.NO.292465 District(22-23):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-49/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिलान्तर्गत सेन्हा प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय बरही से महतो टोली होते हुए लोहरदगा बेड़ो मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 98,44,500.00 | 1,96,900.00 | 10000.00 | 2 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 15.03.2023 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 21.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 22.03.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 23.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० | :- | 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank/Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 292355 Garhwa(22-23)#D



–: कार्यालय :–

## प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

–: आवश्यक सूचना :–

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 21.03.2023 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16/2022 | 09.04.2022 | ललन यादव, बब्लू यादव, अनिल कुमार | Tractor Engine No. IMG40053 Tractor Engine No. RFNB00114 Tractor Engine No.RENI02985 | कोयला–09 टन |
| 02 | 37/2022 | 06.12.2022 | कैलाश उरांव | Tractor Reg. No. JH-13D-1684 | कोयला–100 CFT |
| 03 | 38/2022 | 18.12.2022 | रूपेश यादव | Sawari Van Reg. No. JH-01R-8731 | साल चौकठ चिरान–20 पीस |
| 04 | 01/2023 | 10.01.2023 | अरविन्द यादव | -- | साल बल्ली–35 पीस |
| 05 | 02/2023 | 10.01.2023 | मो0 गुलजार अहमद | Truck Engine No. 278614609864 | साल बोटा–81 पीस |
| 06 | 03/2023 | 31.01.2023 | बैजू यादव, बादल यादव, जलेशर यादव | Tractor Engine No. DL33A325694F3 | साल बल्ली–35 पीस |
| 07 | 04/2023 | 31.01.2023 | करमा गंझू | -- | साल बल्ली–22 पीस |
| 08 | 05/2023 | 31.01.2023 | मुन्ना अगेरिया | -- | साल बोटा–08 पीस |
| 09 | 06/2023 | 31.01.2023 | जितु उरांव, ललेश्वर उरांव, विशुन उरांव | -- | साल बोटा–07 पीस |
| 10 | 07/2023 | 07.02.2023 | अशोक साव | -- | साल पटरा–10 पीस, साल चौकठ–40 पीस |
| 11 | 08/2023 | 07.02.2023 | प्रयाग यादव | Tractor Engine No. 331006/SNG2370S | पत्थर (मेटल)– 80 CFT |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.03.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR 292353 Forest, Environment and Climate Changes (22-23)_D


### हटिया स्टेशन से विशेष ट्रेन द्वारका एवं सोमनाथ के लिए होंगे रवाना

# श्रद्धालु 20 को जायेंगे तीर्थ यात्रा पर

**1000 वरिष्ठ हिन्दू धर्मावलम्बियों को भेजा जा रहा**

**राज्य सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों को तीर्थ स्थलों का करा रही है दर्शन**

**15 मार्च निबंधन की आखिरी तारीख**

**बीपीएल के लिए है योजना**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के दूसरे चरण में 20 मार्च 2023 को राज्य के 60 वर्ष से अधिक आयु के बीपीएल श्रेणी के 1000 वरिष्ठ हिन्दू धर्मावलम्बियों को द्वारका एवं सोमनाथ दर्शन के लिए ट्रेन रवाना होगी। तीर्थ दर्शन आईआरसीटीसी के माध्यम से कराया जायेगा। यह विशेष ट्रेन हटिया स्टेशन से रवाना होगी। मालूम हो कि 15 मार्च निबंधन की आखिरी तारीख है। जानकारी के मुताबिक जिलावार कोटा निर्धारित है लेकिन आवेदकों की संख्या काफी ज्यादा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार 60 वर्ष से अधिक आयु के बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थ स्थलों का दर्शन करा रही है। इस योजना के तहत तीर्थ यात्रा में सभी तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क ट्रेन यात्रा, नाश्ता, भोजन एवं होटल में ठहराना तथा बस के माध्यम से स्थानीय धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाता है।

**15 फरवरी से 21 फरवरी तक कराया गया तीर्थ दर्शन**

विगत माह झारखंड पर्यटन विकास निगम लिए द्वारा वर्ष 2023 के प्रथम चरण में राज्य के 60 वर्ष से अधिक आयु के बीपीएल श्रेणी के कुल 830 वरिष्ठ इस्लाम धर्मावलम्बियों का चयन किया गया था। जिनको 15 फरवरी से 21 फरवरी तक अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सीकरी के तीर्थ स्थलों का दर्शन आईआरसीटीसी के माध्यम से विशेष ट्रेन द्वारा कराये गये। इस तीर्थ यात्रा में सभी तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क ट्रेन यात्रा, नाश्ता, भोजन एवं होटल में ठहराना तथा बस के माध्यम से स्थानीय धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। झारखंड सरकार द्वारा इस योजना के तहत दी जा रही सुविधाओं से सभी तीर्थ यात्री खुश हुये।

## नियोजन नीति को लेकर भाजपा विधायकों ने किया हंगामा, सीएम का मांगा इस्तीफा

**विधानसभा के गेट पर तख्ती लेकर खूब की नारेबाजी**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में नियोजन नीति पर मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने के पहले विधायकों ने विधानसभा के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों पर तख्तियां उठा रखा था। इस दौरान मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की गयी। इन तख्तियों के जरिये भाजपा के विधायकों ने सरकार से विधिसम्मत नियोजन नीति लागू करने की मांग की। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि झारखंड की वर्तमान सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले मुख्यमंत्री इस्तीफा दो। प्रदर्शन करने वालों में बिरंची नारायण, भानु प्रताप शाही, अनंत ओझा, डॉ नीरा यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, मनीष जायसवाल, अमित मंडल, रणधीर सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा आदि शामिल थे।

## प्रदीप यादव के बजट पर पक्ष रखते ही वेल में आ गये विपक्षी विधायक



**स्पीकर रवींद्र नाथ महतो विपक्षी विधायकों की हरकत से हुए नाराज**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में सोमवार को द्वितीय पाली में बजट पर प्रदीप यादव सदन में सरकार का पक्ष रखने पर विपक्ष खफा हो गया। इसी दौरान भाजपा के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण वेल पर आ गये। उनके साथ भाजपा के अन्य विधायक भी बेल में आ गये और हंगाम करने लगे। सभी विधायकों ने एक सुर में कहा कि प्रदीप यादव किस दल से सरकार का पक्ष रख रहे हैं। भाजपा के इस रवैये से स्पीकर नाराज हो गये। उन्होंने कहा कि विपक्ष के दवाब में सदन नहीं चलेगा। इससे पहले सीपी सिंह ने यह मामला उठाया था।

स्पीकर के कहने के बाद भी भाजपा विधायक नहीं माने और सदन से वॉक आउट कर गये।

## लंबित योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करें : केंद्रीय संयुक्त सचिव

**मामला सांसद आदर्श ग्राम योजना का**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्रालय के केंद्रीय संयुक्त सचिव नवीन कुमार शाह ने सांसद आदर्श ग्राम योजना से क्रियान्वित सारी योजनाओं को हर हाल में प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश झारखंड के अधिकारियों को दिया है। सभी विभागों और उपायुक्त और डीडीसी के साथ की गयी समीक्षा बैठक में केंद्रीय संयुक्त सचिव ने सांसद आदर्श ग्राम योजना की प्रगति की जानकारी ली थी। यह बात सामने आयी कि अभी तक सिर्फ 50 फीसदी ही योजनाएं पूरी हो पायी है। नवीन शाह ने इसे गं.ीरता से लिया और उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग सहित तमाम विभागों के अधिकारियों को सांसद आदर्श ग्राम योजना से क्रियान्वित योजनाओं को पूरा करने को कहा। स्कूली शिक्षा,पेयजल, जलसंसाधन, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य सहित अन्य वर्क्स विभागों को कहा है कि पेयजल, सिंचाई, सड़क-पुल इत्यादि की निर्माण योजनाएं अविलंब पूरा करें।

केंद्रीय संयुक्त सचिव ने स्पष्ट किया है कि मई 2024 तक सारी योजनाओं को पूर्ण करा दिया जाये, ताकि इस योजना से आदर्श ग्राम की जो परिकल्पना है उसे पूरा किया जा सके। अधिकारियों को उन्होंने टाइमलाइन बनाकर काम करने को कहा।

## टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार और मोहन मंडल ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के प्रति अभार जताया है। उन्होंने कहा है कि टेट सफल सहायक अध्यापक संघ वेतनमान की मांग एवं टेट विसंगति की समस्या के समाधान की मांग लगातार कर रहा था और सोमवार को टेट विसंगति का समाधान पत्र निर्गत होना टेट विसंगति से ग्रसित एवं तमाम टेट पास सहायक अध्यापको को सुखद अनुभूति का अहसास कराया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार, पूर्व सरकार के द्वारा दर्ज कराये गये मामले को वापस लेने और वेतनमान का वादा भी जल्द पूरा करे।

### खबर एक नजर में

## डीजीपी ने छोड़ा एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह स्वतः भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अतिरिक्त पद के प्रभार से भारमुक्त हो गए। डीजीपी ने सरकार को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। गौरतलब है कि बीते 14 फरवरी को राज्य सरकार ने झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को झारखंड का नया डीजीपी बनाया था।

## तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** सीआइडी की टीम ने झारखंड के अलग–अलग जिलों से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के नाम राजेश कुमार मंडल, राहुल कुमार मंडल और छोटेलाल मंडल है। सीआइडी की टीम को जानकारी मिली थी कि साइबर अपराधियों द्वारा बड़े पैमाने पर विभिन्न बैंक के केवाईसी अपडेट के नाम पर साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बाद सीआइडी ने इस मामले की जांच की और तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया।

## मैट्रिक-इंटर परीक्षा के दिन भी मिलेगा मध्याह्न भोजन

**स्कूली शिक्षा सचिव ने जारी किया आदेश**

**रांची।** राज्य में आज 14 मार्च से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू हो रही है। यह 5 अप्रैल तक चलेगी। इस दौरान स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन दिया जाएगा। इस बाबत शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने 13 मार्च को आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी डीएसई को दी गयी है।

## बच्चू यादव की बेल पर अगली सुनवाई 21 को

**रांची।** अवैध खनन मामले पंकज मिश्रा के करीबी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बच्चू यादव की जामनत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पक्ष रखा। वहीं ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमित दास ने बहस की। बच्चू यादव की बेल पर अब अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी। बताते चलें कि अवैध खनन और टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने के मामले की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने बच्चू यादव को रांची से गिरफ्तार किया था।

## प्राथमिक शिक्षकों की प्रमोशन याचिका 30 दिन में निपटाये एकल पीठ : चीफ जस्टिस

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षकों के प्रमोशन से संबंधित अपील याचिका को एकल पीठ को 30 दिनों में निपटाने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। पूर्व में एकल पीठ ने प्राथमिक शिक्षकों के प्रमोशन पर रोक लगायी थी। इसके खिलाफ कई प्राथमिक शिक्षकों ने हाईकोर्ट में अपील की थी। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता और पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार, समीर सहाय और अपराजिता भारद्वाज ने कोर्ट में पक्ष रखा।

### हाईकोर्ट ने बीसीसीएल और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से पूछा

# धनबाद में प्रदूषण की स्थिति बतायें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धनबाद में प्रदूषण की विकट स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर ग्रामीण एकता मंच, धनबाद की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बीसीसीएल एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शपथ पत्र दाखिल कर धनबाद में प्रदूषण की वर्तमान स्थिति क्या है, बताने को कहा है। अदालत ने इन दोनों को जवाब दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया है। सुनवाई की अगली तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सौमित्र बारोई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आज भी धनबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स स्वास्थ्य पर बुरा असर डालने वाला है। बीसीसीएल और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार कह रही है कि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कदम उठाया जा रहा है लेकिन इनके द्वारा प्रदूषण कंट्रोल का जो दावा किया जा रहा है वह सही प्रतीत नहीं होता है। इनके पास कोई डाटा भी नहीं है जो यह बता सके कि धनबाद में प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। प्रदूषण की रोकथाम में किसी प्रकार का सकारात्मक असर धनबाद में नहीं दिख रहा है। पूर्व में कोर्ट ने इस मामले में बीसीसीएल, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार से पूछा था कि धनबाद में प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। इस पर इनकी ओर से हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया गया था।

# 40 हजार पुलिसकर्मी कर रहे हैं तीन करोड़ जनता की सुरक्षा!



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इन दिनों झारखंड पुलिस अपने स्ट्रेंथ की कमी की वजह से जूझ रही है। राज्य में सैकड़ों स्वीकृत पद रिक्त हैं। इन पदों पर बहाली नहीं हो पा रही है। राज्य में आइपीएस से लेकर सिपाही स्तर तक के पुलिसकर्मियों की कमी हो गयी है। ताजा हालात यह है कि राज्य की 3.29 करोड़ जनता की सुरक्षा की जिम्मेवारी 40827 पुलिसकर्मियों के जिम्मे है। झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर से लेकर सिपाही तक के पुलिसकर्मियों के कुल 54253 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 40827 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।

**विभिन्न श्रेणी के स्वीकृत और रिक्त पदों की संख्या**

- इंस्पेक्टर रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 822 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 639 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।
- सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 6896 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 3499 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।
- एएसआई रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 6763 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 6518 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।
- हवलदार रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 7751 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 4620 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।
- सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 32021 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 25554 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।

**काम का दबाव : पुलिसकर्मियों के 8 घंटे से 12 घंटे तक बढ़ा ड्यूटी का समय**

काम का दबाव इतना बढ़ गया है कि पुलिसकर्मियों के आठ घंटे की ड्यूटी का आदेश भी हवा- हवाई हो गया है। अब आठ घंटे के बदले एक पुलिसकर्मी से 12 घंटे का समय लिया जा रहा है। चार मार्च 2021 को झारखंड के तत्कालीन डीजीपी नीरज सिन्हा ने पुलिसकर्मियों को बड़ी राहत देते हुए हफ्ते में छह दिन ड्यूटी और एक दिन वीक ऑफ का सिस्?टम लागू करने का फैसला किया था। आदेश के मुताबिक पुलिसकर्मियों को 24 घंटे की बजाए आठ-आठ घंटे की ड्यूटी करनी होती। हफ्ते में एक दिन छुप्ती भी मिलती। लेकिन यह आदेश लागू नहीं हो पाया। फरवरी 2019 में तत्कालीन डीजीपी डीके पांडेय ने भी यही आदेश जारी किया था। आदेश में कहा गया था कि सभी पुलिस कर्मियों से केवल 8 घंटे की ड्यूटी ली जाए।

## कांग्रेस हल्ला बोल कार्यक्रम की शुरुआत सोनिया गांधी से करे : प्रतुल शाहदेव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर कांग्रेस के राज भवन घेराव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। अडाणी प्रकरण की जांच सेबी कर रहा है और मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। फिर भी कांग्रेस नौटंकी और ड्रामेबाजी करने से बाज नहीं आ रही है। ट्वीट में प्रतुल ने आगे लिखा कि यूपीए शासनकाल में सर्वाधिक घोटाला हुआ था तो कांग्रेस को एक हल्ला बोल और घेराव के कार्यक्रम की शुरूआत तत्कालीन यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी के घर से भी करनी चाहिए थी। कांग्रेस के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने जमीन का नेचर बदल कर अरबों रुपए का घोटाला किया था। एक हल्ला बोल तो उनके घर पर भी बनता है। राजनीति में अप्रासंगिक हो गयी कांग्रेस ऐसे ड्रामा-नौटंकी के जरिये लोगों का ध्यान बांटना चाह रही है।

## प्रदेश कांग्रेस ने किया राजभवन मार्च, केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर बरसे

# किसी भी हाल में प्रधानमंत्री के मित्र को सरकारी खजाना लूटने नहीं दे सकते

**अडाणी समूह के मामले में अंतरराष्ट्रीय खुलासे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर कांग्रेस ने जतायी चिंता**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने सोमवार को राजभवन मार्च किया। मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि देशवासी जानना चाहते हैं कि कैसे एक संदिग्ध साख वाला समूह भारत की संपत्तियों पर एकाधिपत्य स्थापित कर रहा है और इस सब पर सरकारी एजेंसियां या तो कोई कार्यवाई नहीं कर रही हैं। वे जानना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री ने एक मित्र पूंजीपति को विश्व के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनाने में मदद क्यों की और वे इस गंभीर अंतरराष्ट्रीय खुलासे पर चुप क्यों हैं?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, उच्चतम बेरोजगारी और कुशासन की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित विभाजनकारी एजेंडे का दंश झेल रहे देशवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है लेकिन एक जिम्मेदार विपक्षी दल होने के नाते भाजपाई सत्ता के मित्र पूंजीपतियों को सरकारी खजाने की लूट की खुली छूट और अडानी महाघोटाले में हो रहे घोटालों से भी चिंतित हैं। उन्होंने कहा की सरकार ने राहुल गांधी जी के सवालों और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के भाषण के अंशों को बेशक संसदीय कार्यवाही से हटा दिया हो लेकिन भारत के लोग सब देख रहे हैं कि संसद में क्या हो रहा है। लोग जानना चाहते हैं कि सरकार संसदीय भाषणों का स्तर गिराने की कोशिश क्यों कर रही है और प्रधानमंत्री संसद में प्रासंगिक सवालों के जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं।



**संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग पर डटे**

### जेपीसी गठित करने से क्यों डर रही केंद्र सरकार : बन्ना गुप्ता

**पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय** ने कहा कि हम किसी व्यक्ति के दुनिया के अमीरों की सूची में 609वें से दूसरे स्थान पर पहुंचने के खिलाफ नहीं हैं लेकिन हम निस्संदेह सरकार द्वारा प्रायोजित निजी एकाधिकारों के खिलाफ हैं क्योंकि वे जनता के हितों के विरुद्ध होते हैं।

**स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता** ने कहा कि हम देश में फिर से कंपनी राज स्थापित नहीं होने देंगे, कांग्रेस पार्टी ने आजादी का संघर्ष गोरों से किया था अब अब हमारा संघर्ष चोरों से है। हम जानना चाहते हैं कि केंद्र सरकार इस मुद्दे पर जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति बनाने से क्यों डर रही है जबकि संसद के दोनों सदनों में उसका अच्छा बहुमत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने से पहले काला धन भारत वापस लाने और हर नागरिक के बैंक खाते में 15.20 लाख रुपए डालने का वादा किया था लेकिन आज की कड़वी सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है।

**कृषि मंत्री बादल पत्रलेख** ने कहा कि स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के पिछले वार्षिक डेटा के मुताबिक 2021 में स्विस बैंकों में जमा भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों का पैसा 14 वर्षों के उच्चतम स्तर पहुँच गया है। उन्होंने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि टैक्स हेवन देशों से संचालित होने वाली विदेशी शेल कंपनियों से भारत आने वाले काले धन का असली मालिक कौन है।

**विधायक दीपिका पांडे सिंह** ने कहा कि पीएम ने कई बार भ्रष्टाचार से लड़ने में अपनी निष्ठा और नीयत की बातें की है लेकिन उनके करीबी मित्र स्पष्ट तौर पर ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त रहे हैं जो आम तौर पर माफियाए आतंकी और शत्रु देश रहते हैं। वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी ने ईडीए सीबीआई और खुफिया राजस्व निदेशालय जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग किया है।

**कार्यक्रम में इनकी रही भूमिका :** राजभवन घेराव कार्यक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, उपनेता विधायक दल प्रदीप यादव, विधायक डॉ इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, केशव महतो कमलेश, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, मोर्चा संगठन प्रभारी रवीन्द्र सिंह, महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह, केदार पासवान, अभिलाष साहु ने भी संबोधित किया। जबकि, राजभवन घेराव कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद एवं डॉ एम तौसीफ ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया। राजभवन घेराव कार्यक्रम में महासचिव- अमूल्य नीरज खलखो, रवींद्र कुमार वर्मा, मदन मोहन शर्मा, जवाहर महथा, अजय नाथ शाहदेव, संजीव श्रीवास्तव, मानस सिन्हा, विजय खान बिनय सिन्हा दीपू, आशिक अंसारी, चंद्रशेखर शुक्ल,उदय लखमनी,शिव कुमार भगत, परविंदर सिंह, अजय सिंह, बलजीत सिंह बेदी, पुष्पा कुल्लू, सुरेंद्र सिंह, के रंजन बोईपाई, विनोद कुशवाहा, विजय चौबे, संजय पाण्डेय, सुरेश बैठा, मदन महतो, विजय सिंह, प्रवक्ता, आभा सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, सचिव- सी पी संतान, राजेंद्र दास, फैयाज कैसर, मनोज कुमार, ईश्वर आनंद, पंकज मिश्रा, अशोक कु. सिंह, रामाशीष पाण्डेय, धर्मराज राम, शशि मोहन सिंह, दीनानाथ पांडेय, गोपाल प्रसाद, खगेन चंद्र महतो, के के शुक्ला, सामंतो कुमार, बिनोद सिंह, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, जगदीप भगत, महेंद्र मिश्रा, पीटर मुंडू, नमिता बा, अजय सिन्हा, शमशेर आलम आदि लोग थे।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

## शेष बचे 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में क्यों हुई देरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में 38 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि शेष बचे 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कब तक बनकर तैयार हो जाएगा। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि इन 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का काम कहां तक पहुंचा है, इसके निर्माण में देरी होने का कारण क्या है। इस संबंध में सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दायर करना है। मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया था कि वर्ष 2009 में 38 पीएचसी और सीएचसी बनना था।

### रांची हिंसा मामले में हाईकोर्ट सख्त, तबरेज की मॉब लिंचिंग के बाद रांची के राजेंद्र चौक के पास हुआ था हंगामा

## डीजीपी बतायें, अशांति फैलाने वालों पर क्या कार्रवाई हुई

**सरायकेला में तबरेज अंसारी की भीड़ द्वारा मौत के बाद राजधानी रांची में 5 जुलाई 2019 को हुआ था हंगामा**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरायकेला में तबरेज अंसारी की भीड़ द्वारा मौत के बाद राजधानी रांची में 5 जुलाई 2019 को राजेंद्र चौक के पास हंगामा और एकरा मस्जिद के पास चाकूबाजी की हुई घटना मामले में पंकज यादव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य के डीजीपी से मामले की जांच से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने डीजीपी से पूछा है कि रांची में उस दिन अशांति फैलाने की घटना पर क्या कार्रवाई हुई? कितने एफआईआर दर्ज हुए और कितने लोगों की गिरफ्तारी की गई? इन सभी बिंदुओं पर कोर्ट ने डीजीपी से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई कोर्ट ने 10 अप्रैल निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

मालूम हो कि जून 2019 को सरायकेला खरसावां में तबरेज अंसारी के मॉब लिंचिंग की घटना हुई थी। इसे लेकर रांची में पांच जुलाई 2019 को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा करने के बाद हजारों की संख्या में रांची के उर्स मैदान में सरायकेला में तबरेज अंसारी के हत्याकांड को लेकर आक्रोश सभा किया था। सभा में तबरेज की हत्या के आरोपियों को फांसी देने की मांग की गई थी। सभा के बाद लौट रहे लोगों ने शहर में जमकर उत्पात मचाया था। मॉब लिंचिंग का विरोध करने निकली भीड़ देर रात तक हंगामा करती रही। इस दौरान पत्थरबाजी की गई और कई गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया गया था। इसी हंगामे में सीआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज की बस इस भीड़ में फंस गई, जिसमे भी तोड़-फोड़ और आग लगाने की कोशिश की गई थी। देर रात भीड़ द्वारा रांची के एकरा मस्जिद के पास चाकूबाजी भी की गई, जिसमे इंद्रपुरी के रहने वाले विवेक कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

### भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू ने सीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, कहा

## मैं 80 वर्ष का हो गया... लेकिन मुझे शौर्य पुरस्कार स्वरूप 5 एकड़ कृषि भूमि और अन्य सुविधाएं अबतक नहीं मिलीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू ने मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उन्होंने भारत सरकार के आदेशानुसार वर्ष 1971, भारत-पाकिस्तानद्ध युद्ध में घायल सैनिक को 5 एकड़ कृषि भूमि एवं अन्य सुविधाएं अभी तक नहीं दिए जाने संबंधी बातों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री से भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू ने कहा कि वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में लड़ते हुए मुझे गोली लगी थी और मैं गंभीर रूप से घायल हुआ था। अतएव युद्ध में घायल हुए सैनिकों को भारत सरकार द्वारा शौर्य पुरस्कार स्वरूप 5 एकड़ कृषि भूमि एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने संबंधी लिखित आदेश दिया गया परंतु मैं आज तक इन सुविधाओं से वंचित हूं। मैं 80 वर्ष का हो चुका हूं तथा उम्र के आखिरी पड़ाव पर हूं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू की बातों को आत्मीयता से सुना तथा मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही उनकी मांगों पर राज्य सरकार द्वारा यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन उन्हें दिया।

### राज्यभर में लंबित कांडों के निपटारे के लिए चलाया जा रहा है अभियान

## रांची पुलिस ने वारंट के 5711 व कुर्की के 552 मामले निबटाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यभर में लंबित कांडों के निपटारे के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान रांची पुलिस ने पिछले सालभर में एक जनवरी 2022 से लेकर 28 फरवरी 2023 तक वारंट के 5711 और कुर्की के 552 मामलों का निपटारा किया है। जबकि रांची रेंज के अंतर्गत आने वाले जिलों की बात की जाए, तो रांची, गुमला, सिमडेगा, खूंटी और लोहरदगा में वारंट के 11365 और कुर्की के 793 मामलों का निष्पादन किया। जबकि वारंट के 12671 और कुर्की के 3875 मामले लंबित हैं। जिसे निपटाने की प्रकिया जारी है।




**लंबित कांडों को निपटाने के लिए चल रहा है अभियान**

राजधानी समेत राज्य के सभी 24 जिलों में लंबित मामलों को निपटाने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पिछले तीन महीने से अभियान जारी है। इसके लेकर एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जो समय-समय पर लंबित कांडों को निपटाने के लिए समीक्षा बैठक कर जिलों के एसपी और एसएसपी को निर्देश देते रहे हैं।

### डोरंडा कॉलेज में दो दिनी शिल्प प्रदर्शन का आयोजन, आरयू के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा ने किया उदघाटन, कहा

## हस्तशिल्प में झारखंड का अहम योगदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हस्तशिल्प सेवा केंद्र रांची की ओर से सोमवार को डोरंडा कॉलेज में दो दिनी शिल्प प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्य के कुल 10 शिल्प का प्रदर्शन किया गया, जिसमें लाह, एप्लिक, टेराकोटा, जूट, कारपेट, सोहराय, डोकरा, इत्यादि शिल्प कला शामिल है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल कॉलेज में छात्र छात्राओं को हस्तशिल्प के प्रति जागरूक करना है।



कार्यक्रम का शुभारंभ रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलन कर किया। आगत अतिथियों का स्वागत बीएड के प्रशिक्षु छात्रों ने स्वागत गान कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में आरयू के वीसी डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि कॉलेज में ऐसे कार्यक्रम का आयोजन सोभाग्य की बात है। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प में झारखंड का अहम योगदान है। यहां हस्तशिल्प में अपार संभावनायें है एवं जीवकोपार्जन का बहुत बड़ा साधन हैं। उन्होंने हार्टिकल्चर, फ्लोरीकल्चर, आईसीआर, सीएफसी आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि आज के समय में हस्तशिल्प को एक अच्छा बाजार मिला हुआ है। शिल्पकला के माध्यम से महिला रोजगार को बढावा मिला है और वह आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने वोकल फोर लोकल एवं इ कामर्स के द्वारा लोकल फार ग्लोबल पर ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया। उन्होंने ने कहा कि शिल्प कला से हर हाथ को काम मिल सकता है। जिससे हमार देश समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं श्रेष्ठ होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मौके पर सी वी एस उपनिदेशक डा स्मृति सिंह ने स्थानीय शिल्पकारों के उत्पाद को प्रश्रय देने पर बल दिया। सहायक निदेशक हस्तशिल्प सेवा केंद्र राँची श्री पुष्प रंजन ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। माननीय कुलपती ने सभी स्टाल पर जाकर निरिक्षण किया और बातचीत की।

मौके पर सैकड़ों विद्यार्थी, सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा सिंह ने किया व प्रो इंचार्ज डॉ रजनी टोप्पो ने सभी का अभार व्यक्त किया।

### सभी जिलों में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन एंड प्रोसेक्यूशन यूनिट का हुआ है गठन

## अपराधियों को सजा दिलाने में झारखंड पुलिस फिसडी!

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के मुताबिक सभी जिलों में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन एंड प्रोसेक्यूशन यूनिट का गठन किया है। क्राइम पर दर्ज कांडों के मामले में अनुसंधान और उसकी क्वालिटी और अभियोजन में तारतम्यता बनाए रखने को इस यूनिट की अहम भूमिका है। राज्य की पुलिस ने अब तक वर्ष 2022 में गंभीर अपराधों से संबंधित प्रतिवेदित कांडों की संख्या 2068 दर्ज किया है, लेकिन 309 कांडों में ही 1116 व्यक्तियों को सजा हुई है। मतलब एसआइएपी के गठन होने के बावजूद दर्ज कांडों में से 50 फीसदी से भी कम मामलों में दोषियों को सजा दिलायी जा सकी है। गौरतलब हो कि झारखंड विधानसभा के जारी बजट सत्र में विधायक राज सिन्हा ने वर्ष 2022 में राज्यभर में दर्ज कांडों और दोषियों को सजा दिलाए जाने के मामलों के अलावा एसआईपीयू के गठन के बारे में जानकारी मांगी थी।

**एसआइएपी के गठन होने के बावजूद दर्ज कांडों में से 50 फीसदी से भी कम मामलों में दोषियों को सजा दिलायी जा सकी**

**कौन कौन हैं एसआइपीयू में**

एसआइपीयू के जरिये दर्ज कांडों के अनुसंधान में क्वालिटी लाने के अलावे तकनीकी रूप से सुधार की कोशिश होती है। इसमें जिला कोर्ट पदाधिकारी, थाना स्तर पर विशेष अनुसंधान पदाधिकारी एवं कोर्ट नोडल पदाधिकारी कार्यरत हैं।

**किन जिलों में क्या रही स्थिति**

गृह, कारा विभाग के मुताबिक 2022 में उग्रवादी घटनाओं से संबंधित कुल 67 कांड दर्ज हुए। गिरिडीह जिला उन टॉप जिलों में रहा जहां 2022 में गंभीर अपराध से संबंधित कुल 355 कांड दर्ज हुए। इसमें कुल 66 अपराधियों को कोर्ट से सजा मिली। अन्य मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं।

धनबाद दूसरे पायदान पर रहा जहां वर्ष 2022 में प्रतिवेदित गंभीर अपराध से संबंधित कुल 352 कांडों में से 249 कांडों में आरोप पत्र कोर्ट में समर्पित किया गया है। इनमें से तीन कांडों में अपराधियों को सजा हो चुकी है। 103 कांडों में अनुसंधान अभी लंबित है। रामगढ़ में इस वर्ष गंभीर अपराध से संबंधित 296 कांड प्रतिवेदित हुए. इनमें से 61 कांडों में अपराधियों को सजा हुई है। धनबाद रेल अंतर्गत वर्ष 2022 में गंभीर अपराध से संबंधित 135 आरोप पत्रित कांडों में से 5 कांडों में सुलह किया गया है। शेष कांडों में साक्ष्य के अभाव में तथा विचारण के क्रम में गवाहों द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। इससे आरोपी दोषमुक्त किये गये हैं।

### राज्य में हर घर, नल से जल योजना की प्रगति पर किया सवाल

## झारखंड में रक्षा उत्पादन संयंत्र की हो स्थापना : आदित्य साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से रक्षा एवं जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित सवाल पूछा। उन्होंने झारखंड में रक्षा उपकरणों के उत्पादन संयंत्र लगाने का आग्रह किया। इस पर भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री अजय भप्त ने कहा कि झारखंड में रक्षा उपकरणों के उत्पादन से संबंधित संयंत्र लगाने का राज्य सरकार ने कोई प्रस्ताव भारत सरकार को नही दिया है। श्री साहू ने बताया कि झारखंड खनिज संसाधनों के उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य में औद्योगिक विकास के रूप में रक्षा उपकरणों के उत्पादन के संयंत्र स्थापित किए जाने की बड़ी संभावनाएं है। इसके लिए राज्य सरकार को पहल करनी चाहिए। रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने तीन निजी उद्योगों को रक्षा उपकरणों के निर्माण के लाइसेंस जारी किए हैं। झारखंड सरकार अपने औद्योगिक एवम विनिवेश नीति के तहत संयंत्र स्थापित करने की पहल कर सकती है। जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि झारखंड में इस महत्वाकांक्षी योजना की प्रगति धीमी है। वर्ष 2019 अगस्त से प्रारंभ इस योजना की पहुंच साढ़े तीन वर्षों में मात्र 31.87 प्रतिशत घरों तक ही हो पाई है। जबकि देश के कई राज्यों में यह योजना शत प्रतिशत पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य के 61.19 लाख परिवारों में से मात्र 19.50 लाख घरों तक योजना पहुंच पाई है।

# नियुक्ति नियमावली और ग्रेड पे में न हो छेड़छाड़ : मंत्री बादल

## झारखंड राज्य जनसेवक संघ ने कृषि मंत्री का किया घेराव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के बैनर तले राज्यभर के जनसेवक सोमवार को हिनू स्थित कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के आवास के पास एक दिवसीय धरना पर बैठ गये। संघ के महामंत्री लोकेश कुमार के मुताबिक जनसेवक संवर्ग की 11 सूत्री लंबित मांगों से मंत्री और कृषि विभाग को पुनः अवगत कराने को सभी रांची में जुटे हैं। इसमें सभी 24 जिलों के हजारों जनसेवक और संघ के सभी जिला और प्रांतीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी ने धरना के दौरान पुनः एक स्वर में जनसेवकों की सभी लंबित मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग विभाग से की। साथ ही मंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में जनसेवकों ने अ/ितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही। मंत्री के आश्वासन के बाद सभी लोग धरना समाप्त कर दिया।



**क्या है जनसेवकों की मांगें :** जनसेवकों की मांगों में जनसेवक संवर्ग के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा नियुक्ति नियमावली एवं ग्रेड-पे संबंधी अवांछनीय छेड़-छाड़ और षड्यंत्र तत्काल स्थायी रूप से बंद हो, जनसेवक को पूर्व की भांति तकनीकी पद मानते हुए ग्रेड-पे 4200/- किया जाये, 2012 में नियुक्त सभी जिले में जनसेवकों को तत्काल एमएसीपी का लाभ मिले, 2012 में नियुक्त जनसेवकों सहित राज्य स्तरीय वरीयता सूची अविलंब प्रकाशित की जाये, जनसेवकों की सम्पूर्ण सेवा 2011 जनसेवक भर्ती नियमावली के तहत कृषि विभाग में वापस लेते हुए डीडीओ परिवर्तन का पत्र अविलंब निर्गत किया जाये, जनसेवक संवर्ग का पदनाम बदल कर कृषि प्रसार पर्यवेक्षक /प्रखण्ड उप कृषि पदाधिकारी किया जाये, जनसेवक संवर्ग को सीमित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाये, झारखंड कृषि शिक्षा पर्षद का अविलम्ब गठन करते हुए जनसेवकों की प्रोन्नति प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष सभी पदों में की जाये, जनसेवकों को गैर कृषि कार्यों से मुक्त किया जाये तथा पूर्व की भांति जनसेवकों के लिए निःशुल्क कृषि स्नातक की पढ़ाई करने की व्यवस्था हो।

## 18 वार्ड पार्षदों पर हाईकोर्ट ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

**रांची।** कोविड-19 से लड़ने एवं गर्मी में रांची में पानी की समस्या को लेकर राज्य सरकार से अतिरिक्त राशि मुहैया कराने का आग्रह करने वाले वार्ड पार्षद सुनील कुमार यादव एवं अन्य की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इसे जनहित याचिका नहीं माना। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए प्रार्थी वार्ड पार्षदों पर 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि को 30 दिनों के भीतर अधिवक्ता लिपिक संघ, झारखंड हाई कोर्ट के पास जमा करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की। खंडपीठ ने कहा है कि अगर जुर्माने की यह राशि निर्धारित समय में जमा नहीं होती है तो प्रार्थी वार्ड पार्षदों के वेतन से यह राशि काट ली जाएगी।

## नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी ने ली शपथ



**रांची।** विधायक बनने के बाद सुनीता चौधरी सोमवार को पहली बार झारखंड विधानसभा पहुंची। स्पीकर ने उन्हें सदस्यता ग्रहण करायी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ की जनता की आवाज बनकर वो सदन में अपनी बातों को रखेंगी। बाद में झारखंड विधानसभा परिसर में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए सुनीता चौधरी ने कहा कि पहले दिन का अनुभव अच्छा रहा। पहले सदन की कार्यवाही सुनते थे, देखते थे, आज हम हिस्सा लेने का मौका मिला। यह हमारे लिए उपलब्धि के साथ-साथ रामगढ़ की जनता की भी उपलब्धि है, जिन्होंने हमें यह मौका दिया है। गर्मी का मौसम है पेयजल संकट हमारे क्षेत्र में गहराने लगा है, ऐसे में हम सदन में आने वाले समय में अपने क्षेत्र की समस्या खासकर पेयजल को लेकर के उठाने का काम करेंग।

## श्रीमहावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति का पहली मंगलवारी शोभायात्रा आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 14 मार्च (मंगलवार) को श्रीमहावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति के द्वारा धूमधाम से पहली मंगलवारी शोभायात्रा निकाली जायेगी। समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकलने वाली यह शोभायात्रा रात्रि 8:00 बजे से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा 3 जगहों से प्रारंभ होगी। पहला घाघरा गोसाईं टोली से लोहरा कोचा, शांति रानी स्कूल विद्युत बोर्ड कॉलोनी, कुम्हार टोली, 56 सेठ होते हुए तुलसी चौक पहुंचेगी। दूसरा लोअर हिनू आदिवासी अखाड़ा, ऐतवा उरांव क्लब मणिटोला, पत्थर रोड स्टूडेंट क्लब, देवी मंडप, जोधामंदिर होते हुए हाथी खाना चौक पहुंचेगी। वहां पर भवानीपुर, काली मंदिर महावीर मंडल, बीएनएस क्लब को लेते हुए कन्या पाठशाला के बगल से होते हुए कसाई मोहल्ला पहुंचेगी। वहां पर रविदास महावीर मंडल, को लेकर नीमेशवर महावीर मंडल, मिस्त्री मोहल्ला को लेकर यूनिस चौक पहुंचेगी. यहीं पर बेलदार महावीर मंडल की शोभायात्रा आकर मिलेगी।

तीसरी शोभायात्रा एजी कॉलोनी से प्रारंभ होगी जो स्टाफ क्वाटर, खटख चौक महावीर मंडल को लेते हुए एजी मोड़ पहुंचेगी। वहां से मिसकोर्ट मैदान महावीर मंडल, कटहर मोहल्ला,को लेते हुए झंडा चौक पहुंचेगी। वहां माजिद लेन में श्री महावीर मंडल बाजार मोहल्ला को लेते हुए यूनिस चौक और फिर तुलसी चौक पहुंचेगी। यहां पर घाघरा से आए शोभायात्रा को लेकर अंबेडकर चौक होते हुए राजेंदर चौक स्थित श्रीशिव मंदिर महावीर मंदिर शोभायात्रा पहुंचेगी। पूजा अर्चना के उपरांत सभी अखाड़े अपने-अपने परंपरागत मार्गों से वापस अपने अखाड़ा को लौटेंगे। श्रीमहावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति ने सभी अखाड़ों से अपील की है कि शोभायात्रा के दौरान अपने परंपरागत मार्ग होते हुए ढोल ताशे के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए इसमें शामिल हों। सभी अखाड़े धारी अपने-अपने अखाड़ों में ध्वज खड़ा कर पूजा-अर्चना करेंगे।

# लगातार 10वीं बार हिंदपीढ़ी महावीर मंडल के अध्यक्ष बने राहुल सिन्हा चंकी

### पुरानी कमेटी भंग, नयी कमेटी गठित , मनीष चंद्र श्रीमाली बनाये गये कार्यकारी अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जय दुर्गा महावीर मंडल हिंदपीढ़ी रांची की वार्षिक बैठक अध्यक्ष सोमवार को राहुल सिन्हा चंकी की अध्यक्षता में श्री शिव मंदिर प्रांगण हिंदपीढ़ी तीसरी गली में हुई। इसमें वर्ष 2023 श्री रामनवमी मोहत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जय दुर्गा महावीर मंडल हिंदपीढ़ी रांची के अध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल झांकी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री सिन्हा कहा कि इस वर्ष रामनवमी को धूम धाम से मनाने के लिए हजारीबाग से 21 सेट ढंका तासा पार्टी को बुक किया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि हिंदपीढ़ी क्षेत्र में 151 महावीरी पताकाओं एवं प्रभु श्री राम हनुमान जी के कटआउट से सजाया जाएगा। और सबसे अहम निर्णय इस बार जो लिया गया है कि पूरे आयोजन जुलूस घोल में 101 महिलाओं की एक मंडली अस्त्र-शस्त्र साथ उपस्थित रहेगी, जो की हिंदपीढ़ी क्षेत्र के लिए पहली बार यह ऐतिहासिक दृश्य सभी कोई के सामने देखने को मिलेगा।बैठक में 2023 की कमिटी को भंग कर नए कार्यकारणी की सर्व सहमति से गठन किया गया। नयी कमेटी में सर्वसम्मति से लगातार 10वीं बार राहुल सिन्हा चंकी को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। वहीं, राजेश सिन्हा सनी, विश्वजीत बॉस, श्री अरुण बुधिया, अप्पू मालाकार को मुख्य संग्रक्षक बनाया गया। इनके अलावा संजय पाल , अमर कुमार रवि, मदन साव, मंटू साव, रंजीत चौरसिया और सत्यजीत सरकार को संरक्षक, लोकेश वर्मा, सुमित कुमार, अशोक साव,अमित प्रसाद, पवन सिन्हा को संयोजक, मनीष चंद्र श्रीमाली को कार्यकारी अध्यक्ष, ऋषभ भगत को मंत्री, विक्रम प्रसाद, विक्की मालाकर, पंकज कुमार संटू, प्रशांत भगत,आर्यन भगत, मानोवेन्द्र घोषाल को उपाध्यक्ष, ऋषभ सिन्हा, आकाश मालाकर,आशीष प्रसाद को सह-मंत्री, शंकर राम, करन राम को प्रचार-मंत्री, सौरव चक्रवर्ती, रोहित कुमार, किप्तू मालाकार को सह-प्रचार-मंत्री, अभिजीत चौरसिया, संदीप भगत को वरीय उपाध्यक्ष, विशाल भगत भोलू को कोषाध्यक्ष को बनाया गया है। साथ ही 21 सदस्यीय कार्यसमिति की घोषणा की गई। बैठक में मुख्य रूप से सोनू मालाकर, विकास वर्मा,रोहित सिन्हा, अविनाश कुमार, रोहित कुमार, आयुष सिन्हा, सचिन रजक, रितिक कुमार, आर्यन सिन्हा, विकास वर्मा, हिमांशु बालोदिया, रमन सिन्हा, अमित तिवारी, पोलास चक्रवर्ती, आकाश चक्रवर्ती, सुमित प्रसाद, रंजीत भगत, सुमित कुमार सहित सभी श्री राम भक्त सदस्य शामिल थे ।

## खबर एक नजर में

### बिरसा हरित ग्राम योजना के विस्तार के लिए हुई चर्चा

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने कहा है कि मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना का विस्तार किया जायेगा। श्री कुमार सोमवार को एफएफपी ब्लिडिंग सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी, अमरूद बागवानी, छायादार वृक्षारोपण किया जायेगा। आम की बागवानी के अलावा अन्य फलदार पौधे जैसे अमरूद, नींबू, नाशपति, शरीफा, बेर, कटहल, सहजन की बागवानी को बढ़ावा देना है। मिश्रित फलदार पौधों की बागवानी को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये मनरेगा के सभी प्रतिनिधियों को वर्ष 2023-24 में होने वाले बागवानी योजना के लिए पुनः प्रशिक्षण दिया जायेगा। बैठक में कई निर्णय लिये गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आजीविका का नया आयाम, बिरसा हरित ग्राम योजना है। वित्त वर्ष 2023.24 में बिरसा हरित ग्राम योजना के विस्तार हेतु की जाने वाली गतिविधियों पर की गई चर्चा। बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग अरुण कुमार सिंह, वन विभाग के पदाधिकारीगण, कृषिए जेएसएलपीएस, केंद्रीय तसर प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक आइआइआरजी, निदेशक कृषि अनुसंधान व कृषि विज्ञान केंद्र के पदाधिकारी सहित उपस्थित थे।

### मुख्य सूचना आयुक्तों को मिलने वाली विशेष अतिरिक्त पेंशन पर महंगाई भत्ता भी अनुमान्य

**रांची।** झारखंड राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्तों को मिलने वाले विशेष अतिरिक्त पेंशन पर महंगाई भत्ता को अनुमान्य कर दिया गया है। नौ फरवरी 2023 की कैबिनेट की स्वीकृति के बाद इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने संकल्प भी जारी कर दिया है। उक्त महंगाई भत्ता का लाभ सूचना का अधिकार संशोधन अधिनियम 2019 के लागू होने के पूर्व नियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्तों को देय होगा। इस संबंध में विधि मंत्रालय भारत सरकार की ओर से भी पत्र आया था जिसमें हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के वेतन और सेवा सर्व संशोधित 2018 में किए गये प्रावधानों के के बारे में सूचित किया गया। इसी आलोक में झारखंड सरकार ने झारखंड राज्य सूचना आयोग के वेतन एवं भत्ते तथा अन्य सेवा शर्त एवं बंधेज में संशोधन किया है।

**मुख्य सूचना आयुक्त सहित सभी सूचना आयुक्त के पद खाली :** झारखंड में राज्य सूचना आयोग में अभी मुख्य सूचना आयुक्त सहित सभी सूचना आयुक्तों का पद लंबे समय से रिक्त है। इन पदों पर नियुक्ति के लिए कार्मिक विभाग ने कई बार आवेदन भी मांगे, पर अभी तक राज्य सरकार ने नियुक्ति नहीं की है। पद रिक्त रहने की वजह से सूचना आयोग में सूचना के गारंटी अधिनियम 2005 के तहत दिए गये सूचना अधिकार के आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बताते चलें कि 2020 में प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली है।

### सर्ड कैंपस में जोरों पर है श्री श्री शतचंडी महायज्ञ की तैयारी

**रांची।** स्थानीय राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) के आवासीय कैंपस में श्री श्री शतचंडी महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। एक ओर राशि संग्रह के लिए आयोजन कमिटी के अध्यक्ष सुनील सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा और मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा सहित पूरे टीम रात दिन लगे हुए हैं एवं आम जनता एवं श्रद्धालुओं के बीच आमंत्रण पत्र वितरण कर रहें है। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं धार्मिक जनप्रतिनिधि धर्मेंद्र तिवारी,विजेंद्र शर्मा,कैप्टन अभिनव का भी इस धार्मिक आयोजन में भरपूर मार्गदर्शन एवं सहयोग मिल रहा है। कुमुद झा ने बताया पूरा यज्ञस्थल क्षेत्र भक्तिमय हो गया है इस क्षेत्र के सभी लोग भी अपने अपने शुभचिंतकों को यज्ञ में आने का न्योता दे रहे हैं। शिव किशोर शर्मा ने कहा यज्ञ स्थल में बच्चे खेलकूद के साथ-साथ झूले का भी भरपूर लुफ्त उठाएंगे। वहीं सुनील सिंह जी ने कहा 22 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित इस यज्ञ के मुख्य कथा वाचक श्री मुनि जी महाराज हैं। उनके अमृतवाणी को अवश्य सुने। यह जानकारी यज्ञ आयोजन कमिटी के मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा जी ने दी है।

# श्रमदान से बनाया 31 बोरीबांध



खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** गांव के विभिन्न दिशाओं में बिड़ोर चुंआ गड़ा, गोम्पाई गड़ा आदि नाले निकलकर कारो नदी से मिलते है। गांव के लोगों सभी नालों पर कुल आठ स्थानों पर बोरीबांध का निर्माण कर दिया है। मार्च महीने में ही खूंटी जिले में पानी की उत्पन्न किल्लत को देखते हुए गांवों के लोग बूद-बूंद पानी का संचयन करने में जुटे हैं। जिला प्रशासन, सेवा वेलफेयर सोसायटी और ग्रामसभाओं के संयुक्त प्रयास से चलाये जा रहे जनशक्ति से जलशक्ति अभियान के तहत गांव-गांव में बोरीबांध का निर्माण कर जल संचयन किया जा रहा है। बोरीबउंध से प्रचंड गर्मी में भी इन गांवों में पानी की समस्या नहीं होगी और भूगभरीय जलस्तर भी उपर आएगा। सोमवार को तोरपा प्रखंड के गुटूहातू गांव में आठ और मुरहू प्रखंड के सुरूंदा गांव में चार बोरीबांध का निर्माण अभियान के तहत किया गया। ग्रामीणों का उत्साहवर्द्धन करने क्षेत्र के युवा नेता देवा हस्सा ने बताया कि अब तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 31 बोरीबांध का निर्माण किया जा चुका है। लक्ष्य 200 बांध बनाने का है।

**जल संचयन को लेकर गांवों में आई जागरुकता :** तोरपा के गुटूहातू गांव में कुल 170 परिवार हैं। ग्रामसभा में निर्णय लिया गया कि हर परिवार से एक-एक महिला या पुरूष का बोरीबांध में श्रमदान करना अनिवार्य है। गांव के विभिन्न दिशाओं में बिड़ोर चुंआ गड़ा, गोम्पाई गड़ा आदि नाले निकलकर कारो नदी से मिलते है। गांव के लोगों सभी नालों पर कुल आठ स्थानों पर बोरीबांध का निर्माण कर दिया है। गुटूहातू में बोरीबांध निर्माण में ग्रामसभा सचिव हेरमन गुउड़िया, बिरसिंह गुड़िया, नूतन गुड़िया, जोन गुड़िया, विनय गुड़िया, हेराम्बी गुड़िया, सरोज गुड़िया, बेरोनिका गुड़िया, चमरी गुड़िया, एनेम गुड़िया, अलसेम गुड़िया, पियूष गुड़िया, लोदरो पाहन, सुखराम पाहन आदि ने श्रमदान किया।

## श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल के अध्यक्ष बने अमित सोनी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल रातू रोड की बैठक सोमवार को माउंट मोटर इस्तिथ हनुमान मंदिर में हुई। बैठक की अध्यक्षता आयुष राज वर्मा ने की। इसमे आय ब्यय प्रस्तुत किया गया। श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल का कमिटी भंग की गयी। इसके बाद 2023 में श्री रामनवमी महोत्सव एवं मंगलवारी सप्तमी अष्टमी नवमी धूम धाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 2023 के लिए पदाधिकारी गण का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष बने अमित सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष-रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष - आयुष राज वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष-हर्ष श्रीवास्तव, रामावतार जायसवाल, मनीष नायक, मणिकांत कुमार, कर्ण पाठक, उपाध्यक्ष-कुमार गौरव, कृष्णा राम, जय गणेश सोनी, सुन्दरम सिंह, अंशु तिर्की, शिबु चौहान, मोहित सोनी,अविनाश यादव को चुना गया। इसके अलावा मंत्री-आशीष सोनी, जयन्त मुंजाल, सह मंत्री-अंकित सोनी, पवन यादव, आयुष सोनी, अंकित राज, बंटी सोनी , मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता-राजवीर चौधरी, सौरव कुमार, महामंत्री-धीरज दयाल कुशवाहा, जुलूस प्रभारी-कुकू नायक, विष्णु यादव, सुजीत, सन्तु यादव,आकाश सोनी को बनाया गया। संरक्षक- गुलशन मिझा, बिजय बर्मन, रामधन बर्मन, सागर वर्मा, रवि कुमार पिंकू, संतोष गुप्ता, कुमार राजा, शंकर प्रसाद, गोपाल पारीक को बनाया गया।

## डॉ मुजफ्फर हुसैन की तीन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

- प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने तीनों पुस्तकों का किया विमोचन
- मुस्लिम समुदाय के विभिन्न पहलुओं पर आधारित है तीनों पुस्तक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने सोमवार को डॉ मुजफ्फर हुसैन की तीन पुस्तकों का लोकार्पण किया। डॉ वर्मा ने कहा कि तीनों पुस्तकों में मुस्लिम समुदाय पर सटीक विवेचना की गयी है। उन्होंने कहा कि डॉ हुसैन द्वारा रचित तीनों पुस्तक पूर्णतः शोध पर आधारित है और इसका अध्ययन करने से मुस्लिम समुदाय के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। यह महाविद्यालय परिवार और मुस्लिम समुदाय के लिए काफी हर्ष की बात है कि कॉलेज के ही एक शिक्षक ने इन पुस्तकों का लेखन कार्य किया है। निःसंदेह आने वाले दिनों में इन पुस्तकों का लाभ मुस्लिम समुदाय के साथ साथ अन्य समुदायों को मिलेगा। पुस्तक की जानकारी देते हुए डॉ मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि तीन पुस्तकों में प्रथम पुस्तक मुस्लिम कल्याणकारी योजना एवं उनके शैक्षणिक संस्थान नाम से है। इसमें मुस्लिम संबंधी सभी कल्याणकारी योजनाओं और उनके शैक्षणिक संस्थानों की विस्तृत जानकारी दी गई है। दूसरी पुस्तक का नाम मुसलमानों में शिक्षा, संस्कार एवं अल्पसंख्यक संस्थान की भूमिका है जिसमें मुस्लिम समुदाय की शिक्षा, संस्कार और उनके लिए गठित अल्पसंख्यक संस्थाओं के कार्य भूमिका आदि को विस्तारित किया गया है। वहीं, तीसरी पुस्तक मुसलमानों का सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक जीवन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि तीनों पुस्तक वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार लिखे गए हैं। पुस्तक का प्रकाशन झारखंड झरोखा, रांची ने किया है।

इस अवसर पर प्राचार्य एवं लेखक के अतिरिक्त इंटर इंचार्ज मतीउर रहमान, मुसर्रत जहां, डॉ शीला कुमारी, अवधेश ठाकुर, शोएब आलम, अपर्णा शर्मा, अनुराधा कुमारी, नूर निशा कुजूर, शान्ति नायक,उमा भारती, अमित कुमार, निरंजन वर्मा, यासमीन परवीन, शैल सुता कुमारी समेत कई शिक्षकगण उपस्थित थे।

## यूथ फेस्टिवल का यह प्रदर्शन प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ के लिए प्रेरित करेगा : डॉ शांडिल्य

### इंटर विश्वविद्यालय नेशनल यूथ फेस्टिवल में डीएसपीएमयू को मिले थे 6 मेडल और प्रशस्तिपत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** 24 से 28 फरवरी तक जैन यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में आयोजित 36वीं इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची की 29 सदस्यीय दल ने काफी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 मेडल अपने नाम किए। इसके टीम मैनेजर डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव शाह थे। सोमवार को इन मेडल और प्रशस्तिपत्र के साथ टीम मैनेजर डॉ गीतांजलि सिंह और राहुलदेव शाह ने कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह से मिलकर उन्हें अपने मेडल और प्रशस्तिपत्र को भेंट किया। उन्हें इस पूरे आयोजन के विषय में जानकारी दी और अपने अनुभवों को साझा किया। इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ शांडिल्य ने कहा कि यह परिणाम प्रतिभागियों के सकारात्मक सोच और आत्मबल का परिणाम है। उन्होंने कहा यह प्रदर्शन हमें और अधिक श्रेष्ठ करने की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने इन मेडल और प्रशस्तिपत्र को आत्मबल का संकेत मानते हुए इसे संस्थान की उपलब्धि का प्रतीक माना। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इस दल को बधाई दी और कहा कि आगे भी विश्वविद्यालय उनसे यह उम्मीद रखता है। उन्होंने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करता आ रहा है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की समीक्षा और महाधिवेशन एवं भावी कार्यक्रमों पर होगी चर्चा

### 15 मार्च को होगी आजसू की बैठक, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में दिनांक 15 मार्च को सुबह 11.00 बजे से रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष तथा अनुषंगी इकाई के प्रदेशस्तरीय अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। बैठक में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की समीक्षा तथा महाधिवेशन, राज्य के ज्वलंत विषयों एवं भावी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की जाएगी। ज्ञात हो कि इसी वर्ष आजसू पार्टी का महाधिवेशन होना तय है। इसे लेकर सभी पदाधिकारियों से केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो चर्चा करेंगे।

ज्ञात हो कि वर्ष 2022 को आजसू पार्टी ने निर्माण वर्ष के रुप में मनाया तथा वर्ष 2023 को संघर्ष वर्ष घोषित किया है। इस दौरान संगठन के निर्माण, पुनर्गठन एवं विस्तार को लेकर कई कार्यक्रम किए गए, जिसमें राज्य के सभी 4403 पंचायतों में पंचायत सम्मेलन, 260 प्रखंडों में प्रखंड सम्मेलन, जिला सम्मेलन, अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ, बुद्धिजीवी मंच, महिला संघ तथा श्रमिक संघ का राज्यस्तरीय सम्मेलन, जनसंग्रह-धनसंग्रह कार्यक्रम तथा वर्कशॉप मुख्य रूप से शामिल है। साथ ही सात सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा घेराव, सामाजिक न्याय मार्च तथा युवा मार्च मुख्य रूप से शामिल है।

स्पीड न्यूज

## पिठोरिया: बालू गांव में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**पिठोरिया।** सोमवार को बालू गांव में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया कार्यक्रम मे भाजपा रांची जिला ग्रामीण एससी मोर्चा के मंत्री सुरेश राम उपस्थित थे। इस मौके पर महिलाओं के सम्मान में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई इस अवसर पर एससी मोर्चा के मंत्री सुरेश राम ने कहा कि महिलाएं आज पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर आगे आगे बढ़ रही है। मौके पर पंचायत के मुखिया उज्जवल पाहन, पंचायत समिति सदस्य हाशिम अंसारी, पूर्व उप मुखिया शकुंतला देवी, लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्य मुनीता, रोशन आरा, देवंती देवी, सुनीता देवी, रीमा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# ओरमांझी: सड़क पार करते दूध टैंकर ने कुचला, मौत

## रिश्ते में पोते के विवाह में थे शामिल, उत्सव दुख में बदला

### ● समाजसेवी थे त्रिलोक तिवारी निधन पर शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के ओरमांझी में हुई सड़क दुर्घटना में पूजा समिति ओरमांझी के उपसचिव सह समाज सेवी त्रिलोक तिवारी (60 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार की रात 11 बजे के करीब हुई सड़क दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि रविवार को ही उसके रिस्ते में पोते का विवाह की पार्टी थी। उसमें शामिल त्रिलोक तिवारी अतिथियों का स्वागत भी कर रहे थे। बाद में वे सड़क पार कर रहे थे। तभी रामगढ़ से रांची की ओर तेज गति से जा रहे एक दूध टैंकर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुई इस दुर्घटना के बाद विवाह का उत्सव दुख में बदल गया। स्वजनों की चिखपुकार मच गई। वहीं सड़क पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा भाग रहे टैंकर को पकड़ लिया गया। वहीं शव का पंचनाम कर पोस्टर्मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। सोमवार को ओरमांझी की डोमानदी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उसके पुत्र राजगौरव तिवारी ने दिया।

### मई माह में होना है बेटी की शादी



बताया गया कि मई माह में उसकी बेटी का विवाह होने वाला है। विभिन्न धार्मिक व समाजिक आयोजनों में सेवाभाव से कार्य करने वाले त्रिलोक तिवारी की आकष्मिक निधन होने से स्वजनों के साथ गांव में भी शोक की लहर है। इधर उनके निधन पर राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, समाजसेवी ओमप्रकाश राव, उमाशंकर साहू, अजय सिंह, शंकर गुप्ता, शषि मेहता व समिति के पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा दुख जताया गया है।

## इटकी: जैक की मैट्रिक परीक्षा में शामिल होंगे 1180 विद्यार्थी

**इटकी।** 14 मार्च से शुरू हो रहे जैक की मैट्रिक परीक्षा में इटकी प्रखंड के 1180 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके लिये इटकी के चार विद्यालयों संत एग्नेस बालिका उच्च विद्यालय व मध्य विद्यालय, शंकरी उच्च विद्यालय व बालिका उच्च विद्यालय में केंद्र बनाये गये हैं। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में प्रशासन की एक बैठक बीडीओ गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिये प्रखंड स्तर पर पांच मजिस्ट्रेटों के अलावा अन्य की प्रतिनियुक्ति की गयी है। बैठक में थाना प्रभारी रजनी रंजन व बीपीओ पम्मी सिन्हा सहित अन्य शामिल थे। परीक्षा केंद्र संत एग्नेश बालिका मध्य विद्यालय में 222, संत एग्नेश बालिका उच्च विद्यालय में 397ए राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय में 197 व शंकरी उच्च विद्यालय में 364 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।

# नौकरी और मुआवजे की मांग: विस्थापितों ने रोकी राजधर साइडिंग की ट्रांसपोर्टिंग

## बेनतीजा खत्म हो गया प्रबंधन और विस्थापितों की वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि पर नौकरी और मुआवजा की मांगों को लेकर बहरा पंचायत अंतर्गत ग्राम कनौदाएमगंरदाहा बहेरा एवं राजघर के रैयतो एवं विस्थापितों ने सीसीएल द्वारा कि जा रही खनन और ट्रांसपोर्टिंग एवं अन्य कार्य सोमवार की सुबह से बंद करा दिया था । बंद कराए जाने से लोडिंग कार्य में लगे पेलोडर हाईवा डंपर से कोयले की ढुलाई का कार्य राजधर साइडिंग में बंद रहा । कोयला उत्खनन और राजघर साइडिग का ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद होने के पश्चात सीसीएल प्रबंधन एवं रैयत विस्थापितों के बीच द्विपक्षीय वार्ता की गई द्य द्विपक्षीय वार्ता भी विफल होने के पश्चात रैयतो का बंदी अनिश्चित काल के लिए जारी रहा द्य रैयतो द्वारा राजघर साइडिंग का कार्य बंद कराए जाने को लेकर सीआईएसएफ के जवान बंदी स्थल पर तैनात रहे द्य साइडिंग का कार्य ठप होने से हुआ सीसीएल को लाखों का नुकसान। इसके साथ ही पहले दिन की बंदी शांतिपूर्ण रही द्य द्विपक्षीय वार्ता में सीसीएल पिपरवार प्रबंधन की ओर से पिपरवार एजीएम एन सेनापति, पिपरवार कार्मिक व प्रशासनिक प्रबंधक आलोक मनीष सोय, सच्चिदानंद, मोहनलाल सिंह क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो एवं रैयत विस्थापितों की ओर से खुर्शीद अंसारी, शहनवाज आलम, मुमताज अहमद, मकसुद आलम, वसीम रजा, सद्दाम अंसारी सहित काफी संख्या में रैयत विस्थापित ग्रामीण उपस्थित थे।

# मैट्रिक-इंटर की कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सिल्ली तैयार, स्टेटिक और जोनल मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात

## प्रखंड कार्यालय में केंद्राधीक्षकों की बैठक में लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** मैट्रिक एवं इंटर मीडिएट की परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये सोमवार को प्रखंड कार्यालय में सिल्ली प्रखण्ड के सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा ने की।मैट्रिक व इंटर की परीक्षा आगामी 14 मार्च से शुरू होगी। लिहाजा इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी की गयी है। बैठक में सभी केंद्राधीक्षकों को अपने केंद्र में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गए। बीडीओ ने कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा के लिये जरूरी चेकिंग की व्यवस्था करें। इस साल मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिये सिल्ली मुरी में सात विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गये है। इनमें मैट्रिक के लिये प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल सिल्ली, एसएस प्लस टू हाई स्कूल सिल्ली, उसुर्लाइन स्कूल मुरी एवं आरटीसी स्कूल मुरी को केंद्र बनाया गया है। वहीं इंटर की परीक्षा के लिये प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल सिल्ली, एसएस हाई स्कूल सिल्ली एवं हिन्डाल्को उच्च विद्यालय मुरी को केंद्र बनाया गया है। इन परीक्षा केंद्रों पर एक स्टेटिक एवं एक जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। मौके पर सभी केंद्रों के केंद्राधीक्षक मौजूद थे। मैट्रिक के कुल 1907 एवं इंटर के 1200 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

### केंद्र के आसपास धारा 144 लागू

सिल्ली के सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षा के समय धारा 144 लागू रहेगा। विद्यार्थियों को छोड़कर किसी भी हालत में पांच लोग एक साथ जमा नहीं हो सकते हैं। इसके साथ ही पारंपरिक हथियार भी हाथ में नहीं रख सकते हैं।

## इटकी: 33 हजार वोल्ट के 16 खंभों से तार की चोरी

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के चचगुरा महरा पतरा से कुर्गी मैदान तक के 16 खंभों से 33 हजार वोल्ट लाइन के तार को चोर रविवार की रात चुरा ले गए। इस घटना से विधुत विभाग को करीब साढ़े चार लाख रुपये की क्षति आंकी गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से चोरों द्वारा काटे गये करीब एक खंभे के तार को जब्त किया है। इधर तार चोरी के कारण बेड़ो सबस्टेशन से इटकी फीडर की लाइन रात भर बंद रही। विभागीय स्तर पर तार लगाने का कार्य सोमवार को देर शाम तक जारी रहा। जानकारी के अनुसार बेड़ो सबस्टेशन को हटिया के अलावा कमडरा फीडर से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था है। घटना की रात बेड़ो को कमडरा फीडर से बिजली आपूर्ति की जा रही थी। इसका लाभ चोरों को मिला। कनीय अभियंता राजेन्द्र प्रसाद चौधरी ने थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## वूशु में 26 मेडल जीत सिल्ली को मिला ओवर ऑल चैंपियन का खिताब



**सिल्ली।** सिल्ली के वूशु खेलाड़ियों ने इंडिया वूमेंस दस का दम वूशु प्रतियोगिता में 26 मेडल जीतकर ओवर ऑल चैंपियन बना। प्रतियोगिता रविवार को खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रतिमा कुमारी, करीना कुमारी, होलिका कुमारी, सोनका कुमारी, ज्योति कुमारी, सुमन कुमारी एवं निशा कुमारी को स्वर्ण पदक । निकिता कुमारी, बनिता कुमारी, अनीता कुमारी, लखमणि कुमारी, मेनका कुमारी, देवंती कुमारी, सपना कुमारी को रजत पदक एवं दीपावली कुमारी, हेमानी कुमारी, अंजना कुमारी, दीप्ति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नीतू कुमारी, उमा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पंचमी कुमारी, रोशनी कुमारी, उषा कुमारी, काजल कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर विधायक सुदेश कुमार महतो, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, ब्रजेश प्रसाद, वुशु कोच वाहिद अली, आर्चरी कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो समेत स्थानीय लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।**
Email: - nphussainabad@gmail.com
**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Short-term Tender Notice, जिसका Reference No. NPH/11/2022-23 और P.R. No. 291770 District(22-23)#D के क्रम सं0 12 एवं 13 में अपरिहार्य कारणवश 03.03.2023, 02:00 Pm एवं 03.03.2023, 08:00 Pm के स्थान पर कमश: 07.03.2023, 06:00 Pm एवं 07.03.2023. 06:00 Pm संशोधित किया जाता है।

शेष प्रकाशित सूचनाएं यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 292361 District(22-23)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**(एन.आर.ई.पी.), चतरा ।**
Email Add: nrepchatra@gmail.com
**रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांक – 172/NREP चतरा दिनांक– 23.02.2023 द्वारा राज्य योजना अनावद्व निधि अन्तर्गत प्रखंड–चतरा, पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा, फांसी तालाब में कांक्रीट बेंच, डेस्क एवं पेवर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य हेतु प्रकाशित ई–अति अल्पकालीन् निविदा सूचना संख्या EE/NREP/CHATRA/09/2022-23 दिनांक 23.02.2023 (PR No.- 291108 NREP (22-23).D को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यापालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

PR 292378 NREP(22-23)D

## ओरमांझी: बोलेरो पिकअप की चोरी

### टाटीसिलवे बांडी गांव के लोगों ने गाड़ी उठा ले जाने की दी थी धमकी, हुए आरोपित

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पांचा में घर के आगे खड़ी अजित कुमार श्रीवास्तव की बोलेरो पिकअप वेन जेएच 01बीसी- 2204 की चोरी हो गई। सोमवार को अहले शुबह की घटना के संबंध में बताया गया कि रविवार रात 10 बजे के करीब वाहन को घर के आगे खड़ा किया गया था। रात तीन बजे के करीब वाहन वहीं पर खड़ी थी। सुबह को जब अजित कुमार श्रीवास्तव ने देखा तो वाहन गायब थी। वाहन मालिक द्वारा ओरमांझी थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें बताया गया है कि 11 मार्च को पड़ोस की बेटी का विवाह था। विवाह के बाद 12 मार्च को सामना लेकर बोलेरो पिकअप भाड़ा में टाटीसिलवे बांडी गांव गया था। वाहन में लदा अलमिरा रास्ते में एक पेड़ की डाली से टकरा गया। जिससे अलमिरा व बक्सा टूट गया। जिससे नाराज लड़के के रिस्तेदारों ने वाहन ले जाने की धमकी दी थी। इसके अगले दिन उसी वाहन के चोरी हो जाने से धमकी देने वालों पर ही वाहन चुराने का आरोप लगाया गया है। हालांकि डेमेज सामान को रिपेयर करा देने के लिए निर्माण फैक्ट्री में भेज दिया गया है। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा वाहन को तलासने व चोरों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# पीसीसी सड़क के बीचोबीच बना रहा था मकान मापी कराने के बाद निकली सरकारी जमीन

### अमीन और कर्मचारी ने की जमीन की मापी निकला जीएम लैंड

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के जोन्हा कुम्हार टोली में अपनी रैयती जमीन बताकर पीसीसी सड़क के बीचोबीच एक व्यक्ति द्वारा मकान बनाया जा रहा है। इससे आम लोगों तथा मुख्य रूप से उस सड़क से जुड़े लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा अंचल अधिकारी अनगड़ा तथा थाना प्रभारी अनगड़ा को आवेदन देकर सड़क पर बनाए जा रहे मकान का निर्माण कार्य रुकवाने का आग्रह किया गया था। इसके बावजूद सड़क के बीचो बीच करीब तीन फीट दीवार खड़ा कर दिया गया है। सोमवार को अंचल अधिकारी ने अमीन और कर्मचारी को स्थल पर भेज कर भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया कि सड़क सरकारी जमीन पर है अथवा रैयती जमीन पर है। मापी के पश्चात अमीन तथा कर्मचारी ने प्रतिवेदित किया है कि सड़क सरकारी जीएम लैंड प्लॉट नं 765 पर है, जिसे अपना रैयती बताकर जबरन पीसीसी सड़क के बीचोबीच मकान बनाया जा रहा है । मापी के दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से लोग उपरोक्त जमीन को आम सड़क के रूप मे उपयोग करते आ रहें है, जहां दो बार सरकारी योजना से सड़क का निर्माण भी हो चुका है।

**कार्यालय धनबाद नगर निगम, धनबाद**
email :-dhanbadmunicipalcorporationadm@gmail.com
Toll Free No.-18008904160

**आम सूचना**

एतद द्वारा धनबाद नगर निगम अंतर्गत सभी धृतिधारियों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 कि धारा 208 के द्वारा कोई भी व्यक्ति/संस्था द्वारा नगरपालिका या उसके नियंत्रणाधीन घरेलु अथवा व्यवसायिक ट्रंक मेंस या सेवा नल या आपूर्ति नल से मोटर/पंप लगाकर या ऐसी अन्य युक्ति से अवैध रूप से जल निकालने अथवा दिशान्तरित करने को निषेध करते हुए अवैध जल निकासी करने के विरूद्ध दंड का प्रावधान किया गया है। झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 कि धारा 208 के द्वारा नगरपालिका क्षेत्र में नगर आयुक्त के अनुमति के बगैर नलकूप बैठाने,कुआं तालाब,डीप बोरिंग,कुण्ड या फुहारा को खोदने या बनवाने पर भी ऐसे कार्य को भरने या तोड़ने एवं दंड राशि अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है।

अतः सभी जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि भविष्य में घरेलु अथवा व्यवसायिक ट्रंक मेंस या सेवा नल या आपूर्ति नल से मोटर/पंप लगाकर या ऐसी अन्य युक्ति से अवैध रूप से जल निकालने अथवा दिशान्तरित करते हुए एवं नलकूप बैठाने,कुआं तालाब,डीप बोरिंग,कुण्ड या फुहारा को खोदते या बनवाते हुए पाए जाने पर झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिसूचना संख्या 3427 दिनांक 31.12.2020 की सुसंगत धाराओं के तहत मोटर/पंप को जब्त करते हुए कार्रवाई कि जाएगी।

प्रशासक –सह–
नगर आयुक्त,धनबाद

PR292442 (Rural Work Department)22-23*D

## आड़ाडीह डैम नहर निर्माण कार्य में अनियमितता

### संवेदक और विभागीय अभियंता पर साठगांठ का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** आजसू नेता रमेश मुंडा ने सिंचाई प्रमंडल बुंडू के अंतर्गत आड़ाडीह डैम, सालगाडीह से मुख्य नहर एवं आद्राडीह शाखा नहर कार्य में भारी अनियमीता के संबंध मे अभियंता प्रमुख और जल संसाधन विभाग के सचिव को पत्र लिख कर शिकायत दर्ज की। रमेश मुंडा ने कहा कि सिंचाई प्रमंडल बुंडू के अंतर्गत कांची सिंचाई योजना एक बहुत ही जन उपयोगी योजना है। इस योजना से हजारों किसान आश्रित है। हम लोगों को जीविका पार्जन का एकमात्र साधन है। रमेश मुंडा ने आरोप लगाया है की सिंचाई प्रमंडल बुंडू में चल रहा कार्य में घौर अनियमितता बरती जा रही है। संवेदक और विभागीय अभियंता के मिली भगत से कार्य कराया जा रहा है। संवेदक कार्यस्थल पर मनमाने ढंग से कार्य कर रहा है कोई भी विभागीय अभियंता कार्य कराते समय स्थल पर नहीं रहते हैं ना ही कार्यालय में उपलब्ध रहते हैं। आजसू नेता ने आरोप लगाया की ढलाई के नीचे नाम मात्र बालू भरा जा रहा है तथा ढलाई की मोटाई नहीं है। गुण नियंत्रण के अभियंता भी कभी स्थल पर नहीं आते हैं रांची से कार्य के पहले ही प्रतिवेदन दे देते हैं मिट्टी कार्य का समुचित भराई कर कन्फेशन नहीं किया जा रहा है सरकारी रुपया का दुरुपयोग किया जा रहा है आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा ने तीनों महत्वपूर्ण कार्य को तत्काल रोक लगाया जाय तथा यथाशीघ्र कार्य का जांच मेरे उपस्थिति में कराने की बात कही।

## पिठोरिया: 35 लोगों को मिला मुर्गी पालन का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** एसबीआई आरएस टीआई, बाढ़ू चौक, कांके, रांची में दस दिवसीय मुर्गी पालन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मुर्गी पालन व्यवसाय के माध्यम से क्षेत्र का आर्थिक रूप से चहुमुखी विकास करना है। मुर्गी पालन की अवधि दस दिनों की थी ए समापन समारोह में निदेशक समीर कुमार सुरेन ने कहा कि प्रशिक्षण लेने से ही व्यक्ति उधमशील बन सकता है और अपने जीवनयापन में सफल हो सकता हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी प्रशिक्षणार्थी मुर्गी पालन कर अधिक से अधिक लाभ कमा सकते हैं। कार्यक्रम में संकाय सदस्य इन्द्रजीत कुमार एवं बीरवल कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी उतीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

झारखण्ड सरकार
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**
**मत्स्य बीज उत्पादकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण**

एतद द्वारा गढ़वा जिले के मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य को मत्स्य बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने एवं इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों को तकनीकी ज्ञान से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उन्हें मत्स्य बीज उत्पादन का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिये जाने की योजना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है,

| क्र0 सं0 | जिला | प्रति बैच प्रशिक्षणार्थियों की सं0 | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षण स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | 20 | 13.03.2023 – 15.03.2023 | मत्स्य किसान प्रषिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची |
| 2 | | | 27.03.2023 – 29.03.2023 | |
| 3 | | | 11.04.2023 – 13.04.2023 | |
| 4 | | | 27.04.2023 – 29.04.2023 | |
| 5 | | | 12.05.2023 – 14.05.2023 | |
| 6 | | | 26.05.2023 – 28.05.2023 | |
| 7 | | | 10.06.2023 – 12.06.2023 | |
| 8 | | | 26.06.2023 – 28.06.2023 | |

विशेष नोट :–
1) प्रशिक्षण में वैसे मत्स्य कृषक भाग ले सकते हैं जिनके पास निजी/लीज पर लिया हुआ तालाब/जलक्षेत्र हो एवं पूर्व से मछलीपालन/मत्स्य बीज उत्पादन में प्रशिक्षित हो अथवा मत्स्य बीज उत्पादन/वितरण कार्य किये हों अथवा आर0 एफ0 एफ0 में मत्स्य पालन कर रहे हैं।
2) प्रशिक्षण हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं है तथा पंजीयन शुल्क 200 रु/– लिया जाएगा।
3) प्रशिक्षण में जाने हेतु इच्छुक आवेदक पंचायत स्तर पर माननीय मुखियाओं/पंचायत समिति के सदस्य की अनुशंसा प्राप्त कर जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा/सिंगल विन्डो सेन्टर में अपना आवेदन देंगे।
4) आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 292391 Fish(22-23)D

**कार्यालय नगर परिषद, विश्रामपुर**

पत्रांक–................../दिनांक–....................
**आम–सूचना (2nd Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर परिशद, विश्रामपुर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 20.03.2023 को नगर परिशद, विश्रामपुर को पूर्वाह्न 01:00 PM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र० सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 20.03.2023 को कार्यालय नगर परिषद, विश्रामपुर को पूर्वाह्न 01:00PM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर परिशद, विश्रामपुर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

सहायक नगर आयुक्त,
नगर परिषद, विश्रामपुर

PR.NO.292469 District(22-23):D

# सताकी में धूमधाम से निकली सरहुल शोभा यात्रा

### प्रकृति पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रखंड के सताकी गांव में हर्षोल्लास के साथ प्रकृति पर्व सरहुल पर्व मनाया गया। सरना स्थल में पाहान सुरेश मुंडा द्वारा विधिवत सिंगाबोंगा के पूजन के बाद शोभा यात्रा निकाली गयी। पाहन ने लोगों को सखुआ फुल दिये। शोभायात्रा सरना स्थल से निकल कर पाहान सुरेश मुंडा के घर तक गया। पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में शामिल हुए महिला पुरुष ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर थिरके। शोभा यात्रा में भाजपा के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो, धीरज उपस्थित हुये। इन्होंने कहा कि मानव और प्रकृति के अटूट संबंध का प्रतीक है सरहूल। सरहुल पर्व प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा करने का संदेश देता है। प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण से ही जीवन बच सकता है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया शर्मिला देवी, बुधराम मुंडा, बलराम मुंडा, श्रीकांत मुंडा, दुर्लभ महतो, मेघनाथ महतो, सुमंत महतो, सुखराम महतो, जयराम महतो आदि मौजूद थे।

# गिरते दाम मरते किसान


**आ**लू-प्याज-टमाटर की तिकड़ी में प्याज और आलू एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आलू 4-5 रुपये प्रति किग्रा तक बिक रहा है। देश में कीमत में एक महीने में 26 प्रतिशत कमी आई है। इसी तरह से दिल्ली के बाजारों में आलू की थोक कीमत करीब 800 रुपये प्रति क्विंटल है दाम घटे हैं। टमाटर की कीमत थोड़ी ठीक है और एक महीने में इसकी कीमत महज 6 प्रतिशत बढ़ी है। आलू और प्याज का उत्पादन करने वाले प्रमुख केंद्रों पर स्थितिऔर खराब है। किसानों का कहना है कि उन्हें उत्पादन की लागत भी नहीं मिल रही है, मुनाफा तो दूर की बात है। इन सब्जियों की कीमत में कई वजहों से बहुत उतार चढ़ाव आती है। इनके उत्पादन के प्रमुख केंद्र सीमित हैं और खपत बढ़ रही है। दूसरी सबसे महत्त्वपूर्ण वजह यह है कि आधुनिक तरीके से प्रसंस्करण और भंडारण की सुविधाएं सीमित हैं। ऐसे में जब कीमत गिरती है तो किसानों को अपनी फसल फेंकनी पड़ती है। वे भविष्य में इस्तेमाल या प्रसंस्करण के लिए इसका भंडारण नहीं कर सकते। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, ह्यप्याज का भंडारण चुनौतीपूर्ण है। ज्यादातर स्टॉक खेत में बने चॉल मे रखा होता है। इस भंडारण की अपनी चुनौतियां हैं। इनके भंडारण के लिए वैज्ञानिक तरीके से बने कोल्ड चेन भंडारण की जरूरत है। गलत तरीके से भंडारण से भी समस्या होती है और कुछ अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 40 प्रतिशत प्याज बर्बाद हो जाता है। करीब 5.8 से 17 प्रतिशत फल और सब्जियां हर साल बर्बाद होती हैं। इसकी कई वजहें हैं, जिसमें उचित भंडारण की व्यवस्था न होना और गलत सरकारी नीति जबावदेह है। लागत से कम मूल्य पर बिकते आलू, प्याज और टमाटर से किसानों की स्थिति खराब होती जा रही है।

# इनफ्लुएंजा का भय

**ज**लवायु परिवर्तन के चलते मौसम में अचानक होने वाले बदलावों से जो सर्दी-गर्मी की स्थिति पैदा हो रही है, वह कई तरह के रोगों को जन्म दे रही है। इसी क्रम में देश के विभिन्न भागों में इन्फ्लएंजा की दस्तक चिंता बढ़ाने वाली है। जिसमें खांसी, बुखार, गले में जलन, ब्रॉन्काइटिस जैसी फेफड़ों से जुड़ी तकलीफें लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। चिंता इसलिये भी है कि इसके लक्षण कोविड वायरस जैसे ही हैं। वैसे तो यह वायरस दो-तीन दिन में ठीक हो सकता है लेकिन यदि कई हफ्ते तक प्रभाव रहता है तो कारगर इलाज की जरूरत महसूस की जाती है। इन्फ्लुएंजा के एच3एन2 वायरस के प्रभाव की वजह मौसम का अचानक सर्द व गर्म होना कहा जा रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग सावधानी रखने की बात कह रहे हैं। कहा जा रहा है कि भारत की बड़ी आबादी को प्रतिरोध टीके लगे होने की वजह से स्थिति नियंत्रण में ही रहेगी क्योंकि अधिकांश लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो गई है। इसके बावजूद वायरस के प्रसार के चलते सावधानी बरतना व्यक्ति के हित में रहता है। यही वजह है कि सामान्य खांसी, जुकाम,बुखार के लक्षण दिखने पर साफ-सफाई, भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचने व मास्क के प्रयोग की सलाह भी दी जा रही है। यानी लोगों को कोरोनोचित व्यवहार को इस संक्रमण में लाभदायक बताया जा रहा है। हालांकि भारत जैसे सघन आबादी वाले देश में इसके प्रसार का जोखिम लगातार बना रहता है। जिसमें सावधानी ही कारगर उपाय कहा जा सकता है। कर्नाटक में एक व्यक्ति की मौत ने चिंता बढ़ाई है हालांकि उम्रदराज व्यक्ति पहले ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह समेत कई रोगों से पीड़ित बताया जाता है।

# सर उठाते खालिस्तानियों पर अंकुश आवश्यक





**- विजय केसरी**

आप पार्टी को खालिस्तानी आंदोलन से फंडिंग भी प्राप्त हो रहें। इस आरोप पर आप पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल ने जोरदार खंडन किया था। अब देश, अरविंद केजरीवाल से जवाब मांग रही है कि पिछले दिनों पंजाब में जो कुछ भी हुआ, उसके लिए जवाबदेह कौन है ? इस घटना को रोका भी जा सकता था।

**पंजाब** प्रांत में खालिस्तानी आंदोलन, जिस रूप में बढ़ता चला जा रहा है, यह देश की एकता और अखंडता के लिए एक बड़ा खतरा बनता चला जा रहा है। खालिस्तानी आंदोलन धीरे धीरे कर अपने पुराने स्वरूप में लौटता दिख रहा है। एक अलग खालिस्तान देश की मांग के नाम पर पंजाब में जो कुछ भी हो रहा है,यह एक प्रकार से देश की अखंडता पर रौंदने के समान है । इससे देश की एकता और अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पिछले दिनों 23 फरवरी को पंजाब प्रांत के अमृतसर के अजनाला थाना में जो कुछ भी घटना घटी, इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए,कम है। अमृतपाल सिंह, 'वारिस पंजाब दे' संगठन के स्वयंभू नेता हैं। अमृतपाल सिंह खालिस्तान अलग देश के नाम पर अपने साथियों के साथ जो कुछ भी कर रहे हैं, इसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भारत को फिर से खंड खंड में बांटने में जुटे अमृतपाल सिंह, देश के लिए दूसरा जनरैल सिंह भिंडरावाले बन चुके हैं। ये अपने बंदूकधारी साथियों के साथ खुलेआम जनसभाएं कर रहे हैं। खुलेआम भारत सरकार को चुनौती दे रहे हैं। वे खुले रुप से खालिस्तान के नाम पर पंजाब को भारत से अलग कर एक नया देश बनाने की बात कर रहे हैं। वहीं प्रांत की सरकार चुपचाप धृतराष्ट्र बनकर यह सब होने दे रही। फलस्वरुप अमृतपाल सिंह की गतिविधियों पढ़ती चली जा रही है। अमृतपाल सिंह के साथ खड़ी भीड़ बताती है कि खालिस्तानी आंदोलन जोर पकड़ता चला जा रहा है। यह किसी भी स्थिति में देश की एकता और अखंडता के लिए उचित नहीं है। अमृतपाल सिंह एक साजिश के तहत यह सब पंजाब प्रांत में कर रहे हैं । अमृतपाल सिंह को कनाडा, पाकिस्तान और ब्रिटेन में बैठे खालिस्तानी समर्थकों द्वारा फंडिंग किया जा रहा है। अब यह बात किसी से छुपी नहीं रह गई हैं।

अमृतपाल सिंह ने हथियार से लैस अपने साथियों के साथ बीते 23 फरवरी को लवप्रीत सिंह उर्फ तूफान सिंह को छुड़ाने के लिए अजनाला थाना को जिस प्रकार से रौंदा, इससे प्रतीत होता है कि वह कितना निरंकुश और स्वयं को ताकतवर समझने लगा है । हजारों की भीड़ लेकर, पुलिस ब्रैकेटिंग तोड़ कर थाना में घुस जाना और कई पुलिसकर्मियों को गंभीर रूप से घायल कर देना, यह कोई छोटी घटना नहीं है । जबकि इस जुलूस के निकलने की जानकारी अमृतसर के जिला कलेक्टर सहित पुलिस के पदाधिकारियों को थी। तब अमृतसर के जिला कलेक्टर और पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे क्यों रहें ? जबकि वहां का पुलिस प्रशासन चाहता तो अमृतपाल सिंह के उग्र जुलूस को थाने से बहुत पहले रोक सकता था । लेकिन ऐसा नहीं कर वहां का जिला और पुलिस प्रशासन खुद कटघरे में खड़ा कर लिया है ।? इससे स्पष्ट होता है कि अमृतपाल सिंह के खालिस्तानी आंदोलन को बढ़ावा देने में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का भी अपरोक्ष रूप से सहयोग है।

पंजाब में आप पार्टी की सरकार है। भारी बहुमत से पंजाब विधानसभा के चुनाव में आप पार्टी की जीत हुई थी। आप पार्टी की इस जीत पर देश के विभिन्न समाचार पत्रों में यह खबर भी प्रकाशित हुई था कि आप पार्टी को खालिस्तानियों का समर्थन प्राप्त है। आप पार्टी को खालिस्तानी आंदोलन से फंडिंग भी प्राप्त हो रहें। इस आरोप पर आप पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल ने जोरदार खंडन किया था। अब देश, अरविंद केजरीवाल से जवाब मांग रही है कि पिछले दिनों पंजाब में जो कुछ भी हुआ, उसके लिए जवाबदेह कौन है ? इस घटना को रोका भी जा सकता था। लेकिन क्यों नहीं रोका गया ? जिस लवप्रीत उर्फ सिंह तूफान सिंह को अमृतसर की पुलिस ने बाइज्जत रिहा कर दिया। उस लवप्रीत सिंह पर एक व्यक्ति को किडनैप कर बुरी तरह मारने के आरोप हैं। वह इतने गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह कोई मामूली आरोप नहीं हैं। इतने गंभीर आरोप में गिरफ्तार लवप्रीत सिंह को क्यों छोड़ा गया ? यह घटना बताती है कि वहां का जिला प्रशासन खालिस्तानी आंदोलन के सामने घुटने टेक दी है।

'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख बंद कर अमृतपाल सिंह, खालिस्तान अलग देश के नाम पर जिस तरह की देश तोड़ने वाली बातों को हवा दे रहा है, यह कतई देश के लिए अच्छी बात नहीं है। अमृतपाल सिंह जिस तेजी के साथ पंजाब में उभर रहे हैं, यह पंजाब सहित देश के लिए बहुत ही चिंता का विषय बनता चला जा रहा है। अमृतपाल सिंह, लवप्रीत सिंह को छुड़ाने के उपरांत जिस अंदाज में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में दस्तक दिया, अरदास किया, उसके बाद मीडिया को जिस अंदाज में अपनी बातों को रखा, उनका इरादा स्पष्ट रूप से देश को तोड़ने वाला है। वहां की सरकार खालिस्तानी आंदोलन के आगे नतमस्तक है । मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से जब पत्रकारों ने इस घटना के बाबत पूछा, तब उन्होंने इसे एक बहुत ही साधारण घटना बताई। आगे उन्होंने कहा, पंजाब में पूरी तरह शांति व्यवस्था कायम है। अमृतसर के अजनाला थाना को अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा रोकने वाली घटना के दृश्यों को पूरा देश देख रहा है । उसे भगवंत सिंह मान नहीं देख रहे हैं।? आप पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल भी नहीं देख रहे हैं। पंजाब की जनता ने बहुमत देकर आप पार्टी को सत्ता से जरूर सौंपी, लेकिन अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान का धृष्टराष्ट्र बन जाना, पंजाब सहित देश की अखंडता के लिए उचित नहीं है ।

पंजाब प्रांत में जो हालात बने हैं, उस हालात का एक ही राजनीतिक समाधान है, केंद्र सरकार, पंजाब में राष्ट्रपति शासन घोषित कर खालिस्तानी आंदोलन को जड़ से समाप्त करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए। ताकि फिर कोई पंजाब को खालिस्तान के नाम पर अलग देश बनाने की हिम्मत ना जुटा पाए। पंजाब कल भी भारत अभिन्न अंग था, आज भी अभिन्न अंग है। सिखों के बलिदान को कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता है । हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

## खास बात

### बेहतर ईलाज



**डॉ अनूप सिंह**

**कम** कीमत पर होगा हर मरीज का इलाज

असाध्य रोगों के निवारण के लिये क्लिनिक के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित विशेष अतिथियों एवं चिकित्सकों से बात करते हुए डॉ. अनूप सिंह ने कहा, मैं खुश हूं कि मैं राँची में इस नई क्लिनिक को शुरू करने जा रहा हूं। मुझे आशा है कि यह क्लिनिक होम्योपैथी चिकित्सा के लिए एक सफल संस्थान बनेगी जो लोगों को स्वस्थ जीवन का अनुभव करने में मदद करेगी। साथ ही मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि इस नई क्लिनिक में बहुत कम कीमत पर न सिर्फ मरीजों का इलाज किया जाएगा, बल्कि उन्नत तकनीक, आधुनिक चिकित्सकीय संसाधन और काउंसलिंग के माध्यम से उन मरीजों को एक नया वातावरण प्रदान किया जाएगा।

राजधानी रांची के लालगुटवा चौक स्थित एसबी कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रामदेव होम्योपैथी क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। श्री नागेश्वर सिंह एवं श्रीमती शीला देवी की उपस्थिति में इस क्लिनिक का शुभारंभ जानीमानी महिला होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. खुशबू ने किया। इस क्लिनिक का संचालन होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे समय से काम कर रहे चिकित्सक करेंगे। डॉ. अनूप सिंह झारखंड राज्य के एक अनुभवी होम्योपैथी चिकित्सक हैं, जो अपने असाधारण, उन्नत उपचार तथा संबंधमय सलाह के लिए जाने जाते हैं। रांची स्थित यह क्लिनिक उनकी दूसरी क्लिनिक है। मरीजों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध डॉ. अनूप इस आधुनिक होम्योपैथी क्लिनिक में अपनी विशेष टीम के साथ नियमित तौर पर उपलब्ध रहेंगे।

**इन रोगों का होगा ईलाज**

रामदेव होम्योपैथी क्लिनिक में लीवर रोग, नसों के दर्द, सर्दी-जुकाम, बालों के झड़ने, अलर्जी, श्वसन संबंधी समस्याएं, डायबिटीज, थायराइड, एस्थमा, एक्जिमा, सिरदर्द तथा अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज होगा। साथ ही डॉ. खुशबू भी इस क्लिनिक में कंसलटेंट डॉक्टर के रूप महिलाओं से संबंधित रोगों के लिए बतौर विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगी।

कोडरमा,हजारीबाग,गिरिडीह जिले सहित झारखण्ड की जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए पीएम श्री नरेन्द्र मोदीजी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी जी का आभार। शीघ्र ही इस रूट से लम्बी दूरी की यात्री ट्रेनों का परिचालन होगा। (संदर्भ मधुपुर रांची भाया कोडरमा हजारीबाग रांची नयी रेल लाईन पर ट्रेन परिचालन की अनुमति। )

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

सुरक्षा, समानता, सम्मान! इनके बिना महिला सशक्तिकरण और बेहतर भारत की कल्पना अधूरी है। प्रण है, हर महिला को दिलाएंगे बराबरी का अधिकार, और सुरक्षित जीवन का आधार।

**– राहुल गांधी**





आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा आज कर्नाटक के हुबली में लोकार्पित विश्व का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म 'नए भारत' के सामर्थ्य, सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर व नागरिक सुविधाओं के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

**–योगी आदित्यनाथ**

# महामारी का उदेश्य

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**हम** दोनों रविवार को बातचीत करते हैं। लंदन और मुंबई के बीच अमूमन इसी तरह होती है बातचीत। कुछ दिनों से चर्चा का सिरा एक किताब की ओर मुड़ गया है, जिस पर हमने काम किया है। पिछले रविवार हमारी बातचीत महामारी से हटकर लेखकों और दुनिया के बारे में उनके नजरिए की ओर बढ़ गई। खासतौर से दो लेखकों जेआरआर टोकीन और जॉर्ज आर आर मार्टिन की ओर। पश्चिमी जगत में आधुनिक दौर के फैंटेसी फिक्शन लिटरेचर में इन दोनों का बड़ा नाम है। एक का नाम लॉर्ड ऑफ द रिंग्स से जुड़ा है तो दूसरे का गेम ऑफ थ्रोंस से। शानदार लेखक हैं दोनों। कमोबेश हर लिहाज से सज्जन। दो शानदार सोच वाले लोग और दुनिया के बारे में अलग-अलग दो नजरिए वाले भी।

कुछ लोग कह सकते हैं कि धर्म के बारे में बात करने के लिए पश्चिमी लेखकों की चर्चा क्यों? क्यों नहीं कर सकते जिक्र? देवी सरस्वती तो सबको आशीर्वाद देती हैं। ज्ञान वर्षा हर तरफ से होती है। इसमें देशों और सभ्यताओं की इंसानी सीमाएं नहीं डाल पाती हैं बाधा। टोकीन दुनिया को जिस तरह देखते हैं, उसके पीछे सज्जनता है, अच्छाई है और सही या गलत के बारे में एक साफ-सुथरी नैतिकता है। लॉर्ड ऑफ द रिंग्स में हिंसा दिखती है, लेकिन वह भी सम्मान के लिए है।

मार्टिन की नजर में दुनिया लेकिन ऐसी नहीं है। वह जो दुनिया देखते हैं, उसमें कुटिलताएं हैं, वह दुनिया पाशविक है, निर्मम है। पतनशील, अनैतिक और हिंसक दुनिया। गेम ऑफ थ्रोंस में अक्सर बिना मकसद के हिंसा होती है, महज इसलिए कि कोई किरदार वैसा कर सकता है।

## कार्टून वर्ल्ड




# जीएसटी की वसूली सप्लाई देने वाले कंज्यूमर से होती है



**अजयदीप वाधवा**

**जमीन** और भवनों के विक्रय पर जीएसटी जीएसटी सिस्टम में, टैक्स की वसूली तब होती है, जब कोई सामान (गुड्स) या सेवा (सर्विस) को बेचा जाता है। वस्तु या सेवा की अंतिम कीमत में उस पर निर्धारित जीएसटी टैक्स भी शामिल होता है। वस्तु या सेवा की सप्लाई देने वाला (सेलर), इसे सप्लाई लेने वाले (कंज्यूमर) से वसूलता है और बाद में इसे सरकार के खाते मे जमा कर देता है। केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की अनुसूची ककक के क्रम संख्या (5) के अनुसार, 'भूमि की बिक्री' न तो माल की आपूर्ति है और न ही सेवाओं की आपूर्ति है, इसलिए भूमि की बिक्री पर जीएसटी नहीं लगता है । इसी प्रकार निर्मित भवन की बिक्री पर भी जीएसटी नहीं लगता है। पर निमार्णाधीन भवनों के विक्रय पर जीएसटी लगता है। यदि भवन निमार्ता किसी को भवन या फ्लैट इसके कॉम्प्लीशन प्रमाण पत्र जारी होने के पूर्व बेचता है या विक्रय हेतु अग्रिम राशि ले लेता है तो उस विक्रय के मूल्य पर जीएसटी लगता है जो क्रेता से लेकर विक्रेता सरकार को देता है। जिस भवन का प्रयोग रहने के लिए किया जाएगा उस पर जीएसटी दर 5 % है वा व्यवसायिक भवन पर 12%।

## आर्थिक

वस्तुत यह दर क्रमश 7.5% और 18% है पर चुकी जमीन की खरीद या बिक्री पर जीएसटी नहीं लगता है और जीएसटी के तहत पूरे भवन के 1/3 भाग को जमीन माना जाता है इस कारण 7.5% और 18% की दरों से 1/3 भाग को हटाकर इन दरों को 5% और 12% कर दिया गया है। पर अगर निमार्णाधीन भवन अफोर्डेबल हाउसिंग के श्रेणी में आते हैं तब उन पर जीएसटी दर समान्य रुप से 1 % लगता है। अफोर्डेबल हाउसिंग में मेट्रो शहरों में 60 वर्ग मीटर (लगभग 645 वर्ग फीट) तक के कारपेट एरिया और गैर-मेट्रो शहरों में 90 वर्ग मीटर (लगभग 960 वर्ग फीट) तक के कारपेट एरिया वाले घर शामिल हैं। मेट्रो और गैर-मेट्रो दोनों शहरों में 45,00,000 / - रुपए तक के मूल्य वाले घरों को किफायती आवास माना जाता है। अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग स्कीम को मजदूरों के लिए शुरू किया गया है। इस योजना के माध्यम से गरीब वर्ग के लोगो को किराये में रहने के लिए कम दामों में रहने के लिए घर उपलब्ध करवाया जाता है। यह योजना भारत सरकार की पीएम मोदी आवास योजना से संबंधित है।

इस बीच बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर करदाता यह घोषणा करता है कि वह निचले प्राधिकारियों के आदेश के खिलाफ अपील करना चाहता है तो उससे रिकवरी नहीं होगी।

अब तक जीएसटी अपील पंचाट का गठन नहीं हुआ है। न्यायालय ने कहा कि अगर रिकॉर्ड में यह घोषणा आ जाती है तो कोई रिकवरी नहीं होगी। अगर करदाता इस तरह की घोषणा निर्धारित तिथि तक नहीं कर पाता तो अधिकारी रिकवरी की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं, लेकिन उन्हें इस तरह की घोषणा के लिए करदाता को 15 दिन वक्त देना होगा।

केपीएमजी इंडिया में अप्रत्यक्ष कर पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि इस आदेश से प्रक्रिया को पटरी पर लाने में मदद मिलेगी।

(लेखक कर सलाहकार, सीएमए सह वित्त विषयों के जानकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### लोकोत्सव की झांकी

**होली** पारंपरिक रीति-रिवाजों की गरिमा का सचित्र वर्णन के लिये धन्यवाद। सप्तरंगी पर्व में आपसी सौहार्द, स्नेहिल संबंधों की मर्यादित शैली, ठेठ ग्राम्य सांस्कृतिक अंचल की जीवन झांकी की प्रस्तुति मन-मस्तिष्क में उभरती है। पराक्रम की उमंग का रंगोत्सव होला महल्ला से जुड़ी ऐतिहासिक कथाओं से आनंद को और अधिक बढ़ा देता है। इस का वर्णन बेहतरीन है।

**–अनिल कौशिक, रांची**

### बड़ी हो लकीर

**राहुल** गांधी द्वारा इंग्लैंड में एक यूनिवर्सिटी तथा सदन में मोदी सरकार के खिलाफ दिए गए भाषण के साथ-साथ वर्तमान सरकार के बदले में अपनी नीतियां स्पष्ट करने की आवश्यकता पर बल देने वाला था। राहुल गांधी को इंग्लैंड में सरकारी नीतियों की आलोचना के साथ-साथ यह भी स्पष्ट करना चाहिए था कि अगर वे लोग सत्ता में आए तो आम जनता के लिए क्या-क्या करेंगे। **–रवि, जमशेदपुर**

# देश की गरिमा को ठेस पहुंचाते राहुल गांधी

**हृदयनारायण दीक्षित**

**देश** की राजनीति का सांस्कृतिक होना अनिवार्य है। संस्कृतिविहीन राजनीति कलहपूर्ण होती है। कांग्रेस के नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपने निराधार वक्तव्यों से जगहंसाई करा रहे हैं। उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में अपने देश भारत के सम्बंध में अनर्गल टिप्पणियां की हैं। कैम्ब्रिज में उन्होंने कहा- 'भारत की संवैधानिक संस्थाएं सत्ता पक्ष के नियंत्रण में हैं।' राहुल जी स्वतंत्र न्यायपालिका द्वारा भिन्न-भिन्न विषयों पर दिए गए निर्णयों पर ध्यान नहीं देते। सर्वोच्च न्यायालय ने अभी चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के सम्बंध में विशेष प्रकार का निष्कर्ष दिया है। न्यायपीठ ने हिन्दू आस्था को भारत के लोगों की जीवनशैली बताया है। देश की न्यायपालिका संवैधानिक स्वतंत्रता का सदुपयोग कर रही है। यह शीर्ष संवैधानिक संस्था है। समझ में नहीं आता कि उन्हें न्यायपालिका भी सत्ता पक्ष के नियंत्रण में क्यों दिखाई पड़ती है।

राहुल गांधी स्वयं लोकसभा सदस्य हैं। उन्होंने लोकसभा में असंसदीय टिप्पणियां की थी। ऐसी असंसदीय बातें कार्यवाही से निकाली गईं। असंसदीय कथनों को कार्यवाही से निकालना संसदीय विशेषाधिकार का अंग है। यह काम सरकारी नहीं है। मूलभूत प्रश्न है कि क्या राहुल गांधी संसद को भी सरकार के दबाव में काम करने वाली संस्था मानते हैं। ऐसी अनर्गल टिप्पणियां ब्रिटिश संसद में नहीं होती। राहुल गांधी ने विदेशी सांसदों के मध्य कहा है कि भारत में विपक्षी सांसदों के माइक बंद कर दिए जाते हैं। ब्रिटिश संसदीय परिपाटी के अनुसार संसद अपनी कार्य संचालन प्रक्रिया की स्वामी होती है - 'हॉउस इज द मास्टर ऑफ हिज ओन बिजनेस'। भारत में भी संसद अपनी संचालन प्रक्रिया की स्वामी है। समझ में नहीं आता कि राहुल गांधी ब्रिटिश सांसदों से भारतीय संसद में कथित रूप से माइक बंद करने की शिकायत क्यों कर रहे हैं? आखिरकार ब्रिटिश सांसद राहुल की समस्या का समाधान कैसे कर सकते हैं? राहुल जी कृपया ध्यान देना चाहें। लोकसभा मंडप में अध्यक्ष के आसन के पीछे 'धर्मचक्र प्रवर्तनाय' लिखा हुआ है। राहुल को छूट है कि वह धर्म या धर्मचक्र माने या न माने लेकिन उन्हें धर्मचक्र प्रवर्तनाय की मान्यता पर ध्यान देना चाहिए। दिक्काल की विधि का अनुसरण धर्मचक्र है।

## सामयिक

प्राचीन संसद भवन में ऐसे सांस्कृतिक वाक्य भिन्न-भिन्न स्थलों पर अंकित हैं। केन्द्रीय कक्ष के द्वार संख्या एक की ओर बढ़ते हुए पंचतंत्र का सुन्दर सूक्त अंकित है- 'अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम्-द्य उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् - अर्थात यह मेरा है, यह पराया है। ऐसा सोचने वाले संकीर्ण बुद्धि के हैं। उदारमना के लिए यह पूरी पृथ्वी एक परिवार है।' इसी तरह लिफ्ट संख्या एक के पास सभा की संरचना के सम्बंध में महाभारत का सुन्दर वाक्य है- 'न स सभा यत्र न सन्ति वृद्धा न ते वृद्धा ये न वदन्ति धर्मम्-नासौ धर्मो यत्र न सत्यमस्ति न तत सत्यं यच्छलेनाभ्युपेतम् - अर्थात वह सभा सभा नहीं जिसमें वृद्ध न हों। वे वृद्ध, वृद्ध नहीं जो धर्मनिष्ठ न हों। वह धर्म, धर्म नहीं है जो सत्य न हो।' भारतीय राष्ट्र राज्य के प्रतीक चिह्न में तीन शेरों व चक्र के नीचे 'सत्यमेव जयते' छपा रहता है। 'सत्यमेव जयते' उत्तरवैदिककालीन मुण्डकोपनिषद का मंत्र है - 'सत्यमेव जयते नानृतं' अर्थात सत्य की विजय होती है झूठ की नहीं। राहुल जी को भारतीय संस्कृति के ऐसे आधारभूत तत्वों का अध्ययन करना चाहिए। राहुल के विदेश में दिए गए वक्तव्य भारतीय राष्ट्र राज्य की गरिमा को क्षति पहुंचाने वाले हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## मनरेगा योजना में चल रहा 40 प्रतिशत तक कमीशनखोरी का खेल

# लाभुक कंगाल अधिकारी मालामाल

■ जमीन और जेवर बंधक रख लाभुक दे रहे हैं भारी कमीशन

■ योजनाओं की जांच करायी जाये : सकेंद्र प्रसाद मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के कई पंचायतो में मनरेगा योजना के तहत बनाये जा रहे सिंचाई कूप व डोभा में 40 प्रतिशत तक कमीशनखोरी की बात सामने आ रही है लाभुक जमीन और जेवर बंधक रखकर कमीशन भुगतान करने को विवश हैं।

लाभुकों ने बताया कि बीडीओ और वीपीओ को कूप और डोभा ऑनलाइन करने और कायार्देश देने के लिए 20-20 हजार रुपये का चढावा चढाना पडता है। लाभुकों की माने तो योजना निर्माण की राशि में बीडीओ 10 प्रतिशत, पंचायत सेवक 5 प्रतिशत, बीपीओ 10 प्रतिशत, रोजगार सेवक 5 प्रतिशत, जेई 7 प्रतिशत, एई 3% व कंप्यूटर ऑपरेटर की ओर से प्रति मास्टर रोल 200 रुपये की उगाही कमीशन के रूप में की जाती है।

### भुगतान में आनाकानी

लाभुकों ने बताया कि मनरेगा की सिंचाई योजनाओं में जब तक कमीशन नहीं मिल जाता, तब तक लाभुकों को भुगतान राशि देने में आनाकानी की जाती है। लाभुक का सही समय से मेजरमेंट बुक नहीं किया जाता है। लाभुक प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक जाते हैं और अंततः उन्हें कमीशन भुगतान करना पड़ता है। लाभुक यह भी बताते हैं कि जब कंप्यूटर ऑपरेटर को पैसे नहीं देते हैं तो लिंक फेल होने का बहाना बनाकर दौड़ाया जाता है।

### क्या कहते हैं अलौंजा मुखिया

इस मामले पर अलोंजा पंचायत के मुखिया सकेंद्र प्रसाद मेहता कहते हैं कि ब्लॉक में भ्रष्टाचार चरम पर है। कोई भी काम बिना कमीशन करवाना नामुमकिन है। कूप योजना में जमकर कमीशनखोरी हुई है। पांच लाख तक की योजना मुखिया द्वारा स्वीकृत की जाती है और लाभुको का भी भुगतान मुखिया के डिजिटल सिगनेचर से ही किया जाता है। जब मुखिया पंचायत भवन से योजनाओं को आनलाईन करने की बात कहते है तो बीडीओ और बीपीओ द्वारा कहा जाता है कि यह हमारा अपना अधिकार है, हम जो चाहेंगे, वही होगा ब्लॉक से ही काम चालू हो जाता है और वही शुरू होता है कमीशनखोरी का खेल। मुखिया फंड में पैसा धरा का धरा रह जाता है। उपायुक्त से मांग है की इन योजनाओ की जांच कराई जाए ताकि लाभुकों को उनका लाभ मिल सके।

### क्या कहती हैं बीडीओ

जब इस संबंध में बीडीओ रिंकू कुमारी से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। अभी तक किसी लाभुक ने इस मामले को लेकर उनसे शिकायत नहीं की है। आरोप बेबुनियाद है। मुझे आपके माध्यम से इस बात की जानकारी हुई है।

## स्पीड न्यूज

### एसपी मनोज रतन चौथे ने थाना के जीर्णोद्धार व मंदिर का किया उद्घाटन



**दारू।** एसपी मनोज रतन चौथे यज्ञ के समापन के अवसर पर सोमवार को दारू थाना भवन पहुंचे। यहां उन्होंने थाना भवन के जीर्णोद्धार व नवनिर्मित शिव मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दारू थाना प्रभारी अमित कुमार , मीडिया कर्मी और जनप्रतिनिधि और आम ग्रामीण को धन्यवाद देते हुए कहा कि बहुत कम समय मे मंदिर का निर्माण हुआ इसके लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र है। इस दौरान डीएसपी अनुज उरांव, बिष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, आंगो थाना प्रभारी मनीष कुमार, चुरचू प्रभारी इंद्रदेव रजवार व अन्य मौजूद थे।

### आज से शुरू होगी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा, 4694 विद्यार्थी होंगे शामिल

**बिष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड में इंटर और मैट्रिक परीक्षा के मद्देनजर सारी तैयारियां पूरी . आज से इंटर और मैट्रिक परीक्षा आयोजित है। इस बाबत बिष्णुगढ़ प्रखंड में तकरीबन सात सेंटर है। जिसमें प्लस टू हाई स्कूल बिष्णुगढ़, प्रोजेक्ट हाई स्कूल बनासो, प्रोजेक्ट हाई स्कूल बिष्णुगढ़, इंटर कॉलेज बिष्णुगढ़, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बिष्णुगढ़, गर्ल्स हाई स्कूल बिष्णुगढ़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 7 परीक्षा केंद्रों पर 69 वीक्षक की उपस्थिति रहेगी। प्रथम पाली व द्वितीय पाली में परीक्षा आयोजित की गई है। मैट्रिक में कुल 2,603 व इंटर में 2,091 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसबाबत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा केंद्र पर सारी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। कई परीक्षा केंद्र में तीसरी आंख की भी निगाह बनी रहेगी।

### शांतिपूर्ण रामनवमी त्योहार मनाने को लेकर थाना परिसर में की गयी बैठक

**बड़कागांव।** रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई ।जिसका संचालन बड़कागांव पुलिस निरीक्षक नीरज कुमार सिंह ने किया । बैठक में प्रखंड के सभी गांव एवम अखाड़ा धारियों से लाइसेंस की जानकारी ली गई तथा उस गांव में बनाए गए कमेटी के अध्यक्ष व सचिव का पूर्ण ब्योरा लिया गया साथ ही साथ उपद्रवियों पर विशेष निगरानी हेतु पुलिस द्वारा विशेष कमेटी बनाई गई और बताया गया कि क्षेत्र में किसी भी हाल में राम नवमी के अवसर पर डीजे साउंड का उपयोग नहीं किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर त्योहार के अवसर पर शराब पर प्रतिबंध लगाया गया । मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,बीडीओ जितेंद्र पांडे, जिप सदस्य सुनीता देवी, यासमीन निशा, पुलिस निरीक्षक नीरज कुमार सिंह ,थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया कविता देवी, पारसनाथ कुमार, रंजीत कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**बरही।** थाना परिसर में रामनवमी पर्व के दौरान मंगल जुलूस को सौहार्दपूर्ण तरीके से निकाले जाने को लेकर जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया ।मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने कहा कि जुलूस में साउंड ज्यादा वॉल्यूम ज्यादा जोर से ना बजाए। पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने सभी अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि मंगला जुलूस में भगवान राम के आदर्शों को दर्शाने का प्रयास हो। उन्होंने कमेटी के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि दस बजे तक मंगला जुलूस को समाप्त कर देना है। पुनि सह थाना प्रभारी ने बेहतर झांकी निकालने वाले को पुरस्कृत करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष इकबाल रजा, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बद्री साव, अंकित साव, मोहन प्रजापति, महादेव, पवन केशरी, सुरेंद्र यादव, शिवा निषाद, परमेश्वर यादव, अनुज रविदास व अन्य मौजूद थे।

### संयुक्त संचालन समिति बनाकर हिस्सेदारी मांगना गलत : कुलदीप यादव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्थानीय विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव ने चार गांव के कुछेक लोगों द्वारा संयुक्त संचालन समिति बनाकर सेल में हिस्सेदारी मांगने को उचित नहीं बताते हुए इसका विरोध किया है। सोमवार को कुलदीप यादव ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि स्थानीय विस्थापित मोर्चा में भी बलकुदरा, कुरसे सहित 15-20 गांव के लोग शामिल हैं। पूर्व में विस्थापित-प्रभावित 15-20 गांव के सैंकड़ों महिलाएं मेरे नेतृत्व में बलकुदरा खदान में दिन भर भूखे-पियासे रहकर खदान को बंद कराने के आंदोलन में शामिल होकर जुलूस के शक्ल में रोजगार देने की मांग की थी। इस आंदोलन के बाद ही लोकल सेल खुल रहा है ताकि रोजगार मिल सके। ऐसे में कुछेक लोगों द्वारा संयुक्त संचालन समिति बनाकर सेल में हिस्सेदारी मांगने की बात कहीं से भी उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 15-20 गांवों का 5-7 सदस्यीय मंडल सीओ से मिलेगा। सीसीएल भी स्थानीय विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव को ही मान रहा है। उन्होंने कहा कि लोकल सेल संचालन समिति बनाकर जल्द ही सीसीएल व सीओ को सूचित की जायेगी। उन्होंने अगुवा साथियों से 5-7 सदस्यीय चयन कर टीम बनाकर अंचल कार्यालय चलने का आह्वान किया है।

## भुरकुंडा : अगलगी में हजारों के सामान खाक

■ दुर्गा मोबाइल के गोदाम में लगी आग

■ जनरेटर, कुलर, फ्रीज सहित हजारों के समान जलकर राख



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित दुर्गा मोबाइल के गोदाम में सोमवार की सुबह 9 बजे आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारण जनरेटर, कुलर, फ्रीज सहित हजारों रूपये के अन्य समान जलकर राख हो गया। कयास लगाया जा रहा है कि शॉट सर्किट के कारण आग लगी होगी। जानकारी के अनुसार घटना में 2-3 लाख के समान जलकर खाक हो गया।

### अनुमंडल दंडाधिकारी ने बरही अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था हेतु निषेधाज्ञा आदेश किया जारी

# रामनवमी और मंगला झांकी को लेकर अनुमंडल प्रशासन है तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** उपायुक्त हजारीबाग के निर्देशानुसार 14 मार्च को रामनवमी जुलूस का प्रथम मंगला झांकी प्रदर्शन के लिए निकाला जाना है। इसको देखते हुए अनुमंडल दण्डाधिकारी द्वारा बरही अनुमंडल क्षेत्र निषेधाज्ञा आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में बताया गया कि प्राप्त सूचना के अनुसार पूर्व में कि घटित घटनाओं एवं सांप्रदायिकता तथा संवेदनशीलता को देख मंगला झांकी, जुलूस पर असामाजिक तत्वों एवं अन्य लोगों की भीड़ जमा होने से विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। फलतः विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रथम मंगला झांकी, जुलूस पर दंप्रसं की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा पूरे अनुमंडल क्षेत्रांतर्गत लागू करना अपेक्षित प्रतीत होता है।

### क्या है बरही एसडीओ का आदेश



एसडीओ पुनम कुजूर ने अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए बरही अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की जिसमें एक साथ पांच या उससे अधिक व्यक्तियों को घूमने पर प्रतिबंध, पारंपरिक हथियारों को छोड़ अन्य घातक आग्नेयास्त्र, लाठी, तीर-धनुष आदि को लेकर घूमने पर प्रतिबंध, पर्व 2023 रामनवमी मंगला झांकी / जुलूस के, हथियार, तलवार, अस्त्र-शस्त्र, डीजे, साउंड, लाउडस्पीकर पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। अनुज्ञप्तिधारी जुलूस संगठन हेतु निर्धारित रास्ता (मार्ग) से ही पारंपरिक रीति-रिवाज से जुलूस निकल सकता है। ताकि विधि व्यवस्था की समस्या न हो। कोई भी वैसा कार्य जो किसी व्यक्ति अथवा जुलूस संगठन में सम्मिलित व्यक्ति न करें जिससे विधि-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। रामनवमी 2023 के प्रथम मंगला झांकी जुलूस पर सोशल नेटवर्किंग जैसे वाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया, मीडिया प्लेटफार्म पर भडकाऊ सांप्रदायिक मैसेज ऑडियो विडियो के प्रेषण पर प्रतिबंध उक्त आदेश का उल्लंघन करने के आलोक में संबंधित व्यक्ति, एडमिन पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। मंगला झांकी, जुलूस के दौरान ऐसे किसी भी जाति, धर्म से संबंधित उत्तेजक भाषण नारा पर प्रतिबंध रहेगा, जिससे किसी धर्म विशेष की भावना को ठेस नहीं पहुंचे। मंगला झांकी जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था को बाधित नहीं किया जायेगा। यह निषेधाज्ञा पुलिस बल कर्मचारी पदाधिकारी शादी-विवाह शव यात्रा पर लागू नहीं रहेगा। यह आदेश 13 से 15 मार्च तक लागू रहेगा।

### रामगढ़ उपायुक्त ने किया दुलमी और चितरपुर प्रखंड का दौरा

# निर्माणाधीन झारखंड बालिका विद्यालयों का किया निरीक्षण

■ राजकीय मध्य विद्यालय बड़कीपोना का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड में निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम से अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखने एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### पदाधिकारियों को दिये कई निर्देश



साथ ही उपायुक्त ने निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। चितरपुर प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने राजकीय मध्य विद्यालय बड़कीपोना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं कि जांच करने के उपरांत बच्चों से उन्हें विद्यालय के माध्यम से मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली एवं सभी को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे मिड डे मील की जांच करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने व रोस्टर का पालन करते हुए बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम सहित अन्य उपस्थित थे।

### पीडीएस डीलरों पर बड़ी कार्रवाई

**विष्णुगढ़।** झारखंड सरकार द्वारा पीडीएस डीलरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अनियमितता बरतने वाले कई डीलरों को निलंबित कर दिया गया है। सरकार के खाद्य आपूर्ति विभाग की कार्रवाई के जद में बिष्णुगढ़ प्रखंड के दो डीलर शामिल है जिसका निलंबन कीया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया की बनासो के हीरालाल पासवान व गोविंदपुर कला के उमेश कुमार सिंह का नाम शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग के जांच की कार्रवाई में डीलरों द्वारा कार्यों में अनियमितता और लापरवाही बरतने से विभाग द्वारा कार्रवाही की गई है। विदित हो कि सप्ताह पूर्व बिष्णुगढ़ प्रखंड के कई राशन कार्ड धारीयों को भी अवैध तरीके से राशन कार्ड बनाने के मामले पर नोटिस जारी किया गया था। बिष्णुगढ़ प्रखंड में लगभग 256 कार्ड धारियों के नाम अवैध तरीके से राशन बनाये गए है। जिसमें सीएससी संचालक के नाम भी सामने आए थे । सारे मामले पर गौर किया जाए तो खाद्य आपूर्ति विभाग गलत करने वाले डीलर व इसके दलालों पर सरकार सख्त है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली की आनंदी कुमारी को प्रथम पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता 2023 के बाल वर्ग में विद्या विकास समिति झारखंड प्रांत के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली हजारीबाग की बहन आनंदी कुमारी ने पूरे अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि आनंदी छठी कक्षा की छात्रा है। उनकी माता निर्मला कुमारी एवं पिता दीपक कुमार कुम्हारटोली व्यवसायी हैं। वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने बहन आनंदी को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। जहां आनंदी के माता-पिता भी उपस्थित थे। उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह, उपाध्यक्ष प्रो अरुण मिश्रा, सचिव संजय उपाध्याय एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। मौके पर आचार्य पंकज मिश्रा, प्रेम पांडे, संगीता जी थीं।

### भुरकुंडा: चौथी बार रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने दीपक सिंह

■ सौंदा डी में स्थानीय लोगों की हुई बैठक, रामनवमी पूजा की तैयारी पर हुई चर्चा

■ पूर्व की भांति पूजा कमेटी रखने का हुआ निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को ले सौंदा डी स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार की संध्या स्थानीय लोगों की बैठक हुई। बैठक में रामनवमी पर्व की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही कोष संग्रह, मंदिर का रंग-रोगन, साफ-सफाई आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि पूर्व की भांति ही पूजा कमेटी रहेगी। यह भी निर्णय हुआ कि सरकारी दिषा-निर्देशों के अनुसार आगामी 30 मार्च को पूरे धूमधाम महावीरी पताकों व गाजे-बाजे के साथ सौंदा डी में भव्य तरीके से रामनवमी का जुलूस निकाला जायेगा। पूजा की सफलता को ले पुनः चौथी बार दीपक सिंह को अध्यक्ष चुना गया। वहीं मोनू पांडेय सचिव व अमित झा कोषाध्यक्ष चुने गये।

### बरही: पांचवीं बार रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने सुनील साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** बरही के पटना रोड में स्थित साहु धर्मशाला में सार्वजनिक रामनवमी पूजा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भगवान केशरी ने किया। इस वर्ष की रामनवमी पूजा कमिटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें लगातार पांचवी बार अध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार साहू को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अलावा सचिव पद के लिए संजय साव और बबलू साव, कोषाध्यक्ष अमित साव, उपाध्यक्ष राजेश कुमार केशरी, राजेश साव, पंकज सिंह, अरुण कुमार, सिक्की यादव और सहसचिव संजीत केशरी, मीडिया प्रभारी सुधीर रजक, गोलू केशरी को बनाया गया। साथ ही मुख्य संरक्षक भगवान केशरी, दिनेश कुमार, राजू किंग, सुधीर राणा बनाये गये।

### अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त

**चरही।** बीते रात गुप्त सूचना के अनुसार चरही पुलिस ने अवैध कोयले से लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही पांच लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि बड़कागांव थाना क्षेत्र के सेहदा वन सीमा क्षेत्र से कोयले को अवैध उत्खनन कर चरही थाना क्षेत्र के बरहगाइयां में आपूर्ति के लिए लाया जा रहा था। इसी बीच चरही पुलिस जानकारी मिली थी। ट्रैक्टर पर तीन टन स्टीम कोयला लदा है। जिसे जब्त कर चरही थाना लाया गया। इसमें सेहदा के हिरामन गंझु, चुरामन गंझु, कोवाड के द्वारिका महतो, बांदा के टिकेश्वर महतो और ट्रैक्टर मालिक नामजद अभियुक्त बने हैं।

### तीन दिवसीय यज्ञ की पूर्णाहुति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

>> गूंजते रहे हर हर महादेव के नारे

**दारू।** दारू थाना के बगल में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ की विधिवत समापन सोमवार को हो गया है। मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में तीन दिनों तक पूरे भक्तिमय माहौल में हर हर महादेव और जय श्री राम के नारों के साथ गुंजायमान रहा। बाबा भोलेनाथ के भक्त तीन दिनों तक यहां लगातार बड़ी संख्या में पहुंचे और पूजा अर्चना में भाग लिया। इससे पूर्व सोमवार को मंदिर के अंदर शिव परिवार की प्रतिमा विधिवत रूप से स्थापित कर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद यज्ञ हवन हुआ और विधिवत रूप से यज्ञ की पूणार्हुति दी गई। पूणार्हुति के बाद मंदिर में रोजाना पूजा करने की जिम्मेवारी मनोज शर्मा को सौप दी गई। यज्ञ को डॉक्टर आचार्य अनुग्रह नारायण शर्मा और टीम में शामिल अन्य ब्राह्मणों के सहयोग से विधिवत पूर्वक सम्पन्न कराया गया। दारू थाना प्रभारी अमित कुमार अपनी पत्नी पूजा कुमारी के साथ मुख्य पुजारी के रूप में शामिल हुए।

### सरहुल पूजा को लेकर करमाली टोला में आदिवासी समाज की बैठक, तैयारियों पर चर्चा



>> 24 को पूजा व 25 को सरहुल जुलूस निकालने का निर्णय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अपनी वास्तविक गौरवशाली इतिहास बताने, संस्ति, हक-अधिकार पर होने वाले घुसपैठ पर सतर्क करने और सरहूल पूजा को ले रविवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित करमाली टोला में आदिवासी समाज की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से श्याम सुंदर करमाली, देवानंद बेदिया, गुलाब करमाली उपस्थित थे। बैठक में सरहुल पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसमें सर्वसम्मति निर्णय हुआ कि पटेलनगर करमाली टोला से जुलूस झांकी निकली जाएगी। इसके तहत 24 मार्च को करमाली टोला सरना स्थल में विधिवत पूजा एवं 25 मार्च को भव्य जुलूस का निकाला जायेगा। इस दौरान महिलाएं-पुरूष व बच्चे पारंपरिक वेषभूषा में वाद्ययंत्र, तीर-धनुष, फरसा आदि पारंपरिक हथियार के साथ जुलूस में सैंकड़ों लोग शामिल होंगे। मौके पर श्रीनाथ करमाली, संतोष राम, विक्रम करमाली, पृथ्वीराज करमाली, राजकुमार गोंड़, उमेश मुंडा, अरुण करमाली, शशि करमाली, अदित्य करमाली, संजय करमाली, भास्कर करमाली, रतन करमाली, नंदु करमाली, चंचल करमाली आदि मौजूद थे।

# एपीसीआर की बैठक में नागरिक अधिकारों की सुरक्षा पर दिया बल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कटकमसांडी /हजारीबाग।** पगमिल स्थित अल मनार लाइब्रेरी में एपीसीआर (एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स) की बैठक में नागरिक अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष तस्लीम परवेज नै किया।

बताया कि मौके पर रांची से आये बतौर मुख्य अतिथि मो जियाउल्लाह ने एपीसीआर लोगों को कानूनी व्यवस्था, सामाजिक व राजनीतिक परिस्थिति और उनके सांविधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में शिक्षित करने हेतु जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए लोगों को संगठित करने और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी प्रयास करने पर जोर देने की बात कही। उन्होनें विभिन्न क्षेत्रो मे.हो रहे अन्याय व अत्याचार की पहचान के लिए सर्वेक्षण का आयोजन करने एवं न्याय पर आधारित समाज के निर्माण के लिए मीडिया का मदद लेने, अन्यायपूर्ण व जनविरोधी दमनकारी कानूनो के खिलाफ प्रभावपूर्ण आवाज उठाने व मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए व्यवहारिक कदम उठाने हेतु लोगों को संगठित करने की बात बताई। वहीं एडवोकेट मोनालिसा लकड़ा ने कहा कि अभिवंचित वर्गों को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराकर लोगो को सशक्त बनाना एपीसीआर का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के बाद रहबाब कोचिंग सेंटर का विधिवत उद्घाटन डॉ एए फारूकी एवं एडवोकेट मोनालिसा लकड़ा ने फीता काटकर किया। कोचिंग संचालक एजाज अहमद ने बताया कि कोचिंग में आर्थिक रूप सें बेहद गरीब बच्चों को शिक्षित कर प्रतियोगी बनाना लक्ष्य है।

# रामगढ़: 26 से शुरू होगा कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार

■ गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधानसभा की विधायक सुनीता चौधरी के करकमलों से जीर्णोद्धार कार्यक्रम का होगा शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा के महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर महादेव मंदिर परिसर में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद देवधारी महतो व संचालन राजेश महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 26 मार्च से महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य आरंभ करने का निर्णय लिया गया। वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि कैथा महादेव मंदिर हमारे पूर्वजों ने बनाया है।



**खास बातें :** वर्षो से हम ग्रामीण कैथा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करते रहे हैं। अब समय के साथ हम ग्रामीणों ने कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया है। वहीं, कैथा मंडा पूजा के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि दशकों से कैथा महादेव मंदिर में हम ग्रामीण आस्था और श्रद्धा से मंडा पूजा करते रहे हैं। साथ अन्य अवसरों पर विधि पूर्वक भगवान का पूजन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैथा महादेव मंदिर का भव्य तरीके से जीर्णोद्धार कर मंदिर को नया रूप दिया जायेगा। 24 मार्च को ग्रामीणों और चटिया के द्वारा विधि पूर्वक पूजन किया जाएगा और 26 मार्च को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधानसभा की विधायक सुनीता चौधरी जीर्णोद्धार कार्य आरंभ करेंगी। बैठक में कोलेश्वर महतो, गणेश महतो, डिया महतो, रामप्रकाश महतो, संतोष महतो, बहाली ओहदार, बालिस राम महतो, राजकुमार महतो, ईश्वर ओहदार, अमरलाल करमाली, शोभनाथ महतो, संदीप महतो, रतनलाल महतो, बालमुखी महतो, प्रदीप महतो, राजेंद्र महतो, हेमलाल महतो, कुलदीप महतो, संजय कुमार, प्रकाश महतो आदि भी थे।

स्पीड न्यूज

## अखंड तिरंगा यात्रा हेतु काले की क्षेत्रीय बैठक जारी



जमशेदपुर। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' द्वारा 23 मार्च शहादत दिवस पर आयोजित अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा हेतु संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने नमन कार्यालय, छायानगर, ट्यूब बारीडीह, बिरसानगर जोन 3, बागुनहातु, बिरसानगर जोन 8 सहित अन्य कई क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में शामिल होकर स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ जनों को यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। इस मौके पर काले ने कहा कि देशहित में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले अमर बलिदानियों के ओजस्वी व अनुकरणीय व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में सदैव समर्पित भाव से सतत कार्य करने का संकल्प लें। इन बैठक को सफल बनाने में बागुनहातु लोकसेवा एकता संघ के अध्यक्ष रूपलाल लोहार, उपाध्यक्ष लखीकांतो घोष, अमित ठाकुर, मुकुल दास, मंटू बारीक, शशीविर राणा, सुरेंद्र दास, गौरव साहू छायानगर से कंचन बाग, श्रीराम शर्मा, धर्मेंद्र, संजय प्रामाणिक ट्यूब बारीडीह से नीतीन मुखीया, विश्वनाथ, मुन्ना गुप्ता, शुकरु मुखी, मोहन मुखी, मंचु मुखी, गौतम मुखी, विशाल मुखी बिरसनगर जोन 3 के कार्तिक गोप, कालाकातो महतो, विरगु मंडल, प्रसाद गोप, मनोज गोप, काशी प्रधान साकची से रोहन अवस्थी, राकेश मंडल, सोनू सिंह, सन्नी सिंह, हैप्पी सिंह, अभिषेक कुमार बिरसानगर जोन 8 से सुबोध रविदास, मनोरंजन, अनूप रविदास, भोला रविदास, रितेश मुखी एवं अन्य का योगदान रहा।

## राजभवन प्रदर्शन में पूर्वी सिंहभूम से 500 से अधिक कांग्रेसी हुए शामिल



प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे व राकेश तिवारी।

जमशेदपुर। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर भाजपा सरकार के द्वारा अडानी समूह को एलआईसी एवं एसबीआई में जमा मध्यम वर्गीय एवं गरीबों के पूंजी को ताक पर रखकर दे दिया गया। जिसके विरोध में राजभवन मार्च आयोजित कर विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। जमशेदपुर से हिस्सा लेने वालों में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में पांच सौ से अधिक कांग्रेसजन रांची राजभवन मार्च विशाल विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने बताया कि राजभवन मार्च का आयोजन मोहराबादी के बापू वाटिका से प्रारंभ होकर राजभवन तक पहुंचा, आंदोलन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं माननीय मंत्रीगण आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। जमशेदपुर से जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, रविंद्र कुमार झा, सामंता कुमार, अवधेश सिंह, सुबोध सिंह सरदार, प्रिंस सिंह, खगेनचन्द्र महतो, जितेन्द्र सिंह, के के शुक्ल, अमरजीत नाथ मिश्र, परविंदर सिंह, कमलेश कुमार पाण्डेय, परितोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर, भरत सिंह, चरणपाल सिंह, अजय मंडल, आशीष ठाकुर, अतुल गुप्ता, प्रमोद मिश्र, सीताराम चौधरी, राकेश साहू, रईस रिजवी छब्बन, दिबेश राज, सन्नी सिंह, अशोक कुमार सिंह, ज्योति मिश्र, नलनी सिन्हा, अभिजीत सिंह, राहुल गोस्वामी, बिजेन्दर पाण्डेय, अशोक सिंह, रानी राव, रंजीत झा, बलदेव सिंह, कुलदीप सिंह, नवीन मिश्र, ईश्वर चन्द्र गुप्ता, कैसर आलम अंसारी, लक्की शर्मा सहित सम्पूर्ण प्रदेश से हजारों-हजार कांग्रेसजन शामिल हुए।

## 5 मोतियाबिंद रोगियों का अपरेशन कर निशुल्क लेंस लगाया



जमशेदपुर। शिक्षित बेरोजगार टेंपो चालक संघ, आनंद मार्ग एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से साकची बारीडीह टेंपो स्टैंड में 300 लोगों का आंखों का जांच हुआ था काफी संख्या में मोतियाबिंद के रोगी चयनित हुए थे परंतु 5 मोतियाबिंद के रोगी का ही निशुल्क अपरेशन कर लेंस लगाकर आज चश्मा एवं दवा देकर घर पहुंचा दिया गया। 16 मार्च को गदरा में जांच शिविर आयोजित किया जायेगा।

## पटमदा : महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

जमशेदपुर। पटमदा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के साथ खेत में सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस टीम ने छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि 2 फरार है।

# जहां प्रेम होता है, वहीं भगवान प्रकट हो जाते हैं : सतश्री

## गोपाल मैदान में संगीतमय रामकथा का दूसरा दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो

- 12 से 18 मार्च तक चल रही श्रीराम कथा में सूरत (गुजरात) से आए परम पूज्य सतश्री प्रवचन दे रहे हैं
- दूसरे दिन सोमवार को सतश्री ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया



प्रवचन देते स्वामी सत्श्री।

जमशेदपुर। बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 12 से 18 मार्च तक चल रही श्रीराम कथा में सूरत (गुजरात) से आए परम पूज्य सतश्री प्रवचन दे रहे हैं। कथा के दूसरे दिन सोमवार को सतश्री ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने कहा कि कौशल्या के उदर में जब श्रीरामचंद्र ने जब प्रवेश किया, उस वक्त पृथ्वी पर पाप काफी बढ़ गया था। मनुष्य से देवता तक चिंतित थे कि इस पाप से मुक्ति कैसे मिलेगी। ऋषियों ने कहा कि भगवान का अवतार होगा, वही पृथ्वी को पाप से मुक्त करेंगे। जब भगवान शंकर से पूछा गया कि भगवान कहां मिलेंगे, तो उन्होंने कहा कि जहां प्रेम प्रकट होगा, भगवान वहीं प्रकट हो जाएंगे। सतश्री ने उदाहरण दिया कि काष्ठ में अग्नि होती है, लेकिन वह दिखाई नहीं देता है, उसे पकड़ने पर दाह या ताप भी महसूस नहीं होता। लेकिन जब उसे जलाया जाता है तो उसी में से अग्नि प्रकट होती है, वही काष्ठ जलकर राख हो जाता है। इसी तरह आप जहां भी निस्वार्थ भाव से भगवान को याद करते हैं, तो भगवान प्रकट हो जाते हैं। सतश्री ने प्रेम, प्यार, प्रीति, अनुराग, आसक्ति, भक्ति आदि की विस्तृत व्याख्या की। अपना सर्वस्व न्योछावर करना ही प्रेम है। प्रेम में त्याग, समर्पण और वैराग्य होता है। उन्होंने प्रेम सूर्योदय और वासना सूर्यास्त है। प्रेम शांति और वासना अशांति उत्पन्न करता है। अनुष्ठान को सफल बनाने में श्री राम कथा समिति के सुरेश सोंथालिया, राजेश चावडा, किशन सोन्थालिया, महेश सोन्थालिया, विपिन भाई आडेसरा, बीएन शर्मा, जयेश अमीन, भरत वसानी, सत्यनारायण अग्रवाल मुन्ना आदि आदि सक्रिय हैं।

### यूट्यूब पर भी उठा सकते कथा का आनंद

बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में सतश्री की राम कथा सोमवार से प्रतिदिन संध्या 4 बजे से प्रारंभ होगी। जो श्रद्धालु किसी कारणवश नहीं आ सकते वे यूट्यूब चौनल 'सतश्री हिंदी' पर कथा का जीवंत प्रसारण देख व सुन सकते हैं।

**सहयोगी संस्था :** श्री गुजराती सनातन समाज, श्री जलाराम सत्संग मंडल, श्री स्थानकवासी जैन संघ, श्री प्रभु प्रेमी संघ, उत्कल एसोसिएशन महिला शाखा, जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद, शाकंभरी माता परिवार, मारवाड़ी युवा मंच सुरभि शाखा, महासर माता परिवार, सिंहभूम चौंबर अफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, भायली मंडल, राणी सती सत्संग समिति, श्री बालाजी भक्त मंडल, जीण माता परिवार, राधा रानी परिवार, सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन, श्री टाटानगर गौशाला कमिटी, राजस्थान ओसवाल जैन संघ, श्री राम मंदिर कमिटी, श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर कमिटी, जमशेदपुर ओसवाल समाज, प्रेस क्लब अफ जमशेदपुर व झारखंड क्षत्रिय संघ।

# एचसीएल का आइसीसी प्लांट समेत दो माइंस जल्द चालू कराये सरकार : सांसद

>> सांसद विद्युतवरण महतो ने आइसीसी प्लांट और राखा और-सिद्धेश्वर चापड़ी माइंस का मामला संसद में उठाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो।

जमशेदपुर। सांसद बिद्युत बरण महतो ने सोमवार को घाटशिला स्थित इंडियन कॉपर काम्पलेक्स का मामला लोकसभा में नियम 377 के अधीन सूचना देते हुए उठाया। सांसद महतो ने लोकसभा में कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड (मऊभंडार) स्थित हिंदुस्तान कपर लिमिटेड (एचसीएल) इंडियन कपर कप्लेक्स (आइसीसी) वर्ष 1932 से स्थापित प्लांट है। उक्त प्लांट पिछले 3 साल से बंद पड़ा हुआ है क्योंकि एचसीएल प्लांट में आइसीसी की ही मलाजखंड इकाई ने सप्लाई होने वाली ताम्र सांद्र अयस्क से उत्पादन कार्य होता है। दुर्भाग्यवश लंबे समय से ताम्र सांद्र अयस्क की सप्लाई आइसीसी इकाई में नहीं कर सीधे बाजार में बेच रही है। सांद्र अयस्क की कमी के कारण आइसीसी स्मेल्टर बंद है। ऐसा प्रतीत होता है कि एचसीएल प्रबंधन प्लांट को बेचने का मन बना रही है जिसके कारण उक्त क्षेत्र के आसपास के निवासियों, कार्यरत मजदूरों एवं कामगारों में भारी आक्रोश है। कोरोना महामारी के बीच बीते डेढ़ साल से असंगठित क्षेत्र के हजारों मजदूर बेरोजगार हो चले हैं। जो चिंता का विषय है। सांसद ने सदन को बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र स्थित राखा कॉपर एवं चापड़ी माईस बीते दो दशक से बंद पड़ी हुई है। इस माइंस को चालू कराने हेतु वे लंबे समय से प्रयासरत हैं। उक्त प्रयास के फलस्वरूप तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास जी ने माईस को चालू कराने हेतु लीज पर 100 एकड़ भूमि उपलब्ध कराया था, ताकि बंद खदाने चालू हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। उक्त माइंस के कंपनी प्रबंधन के द्वारा फरवरी 2019 में भूमि पूजन भी किया गया था। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास जी एवं कंपनी के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। परंतु एचसीएल प्रबंधन द्वारा ढाई वर्ष बीतने के बाद भी माईस को खोलने हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है जिससे स्थिति जस का तस बना हुई है। अतः मैं आपके माध्यम से में केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि अविलंब पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड स्थित हिंदुस्तान कपर लिमिटेड इंडियन कॉपर कप्लेक्स प्लट में उत्पादन एवं मुसाबनी प्रखंड के राखा कपर एवं चापड़ी माईस को चालू कराया जाए।

## टाटा स्टील लि. में कई वरिष्ठ अधिकारी हुए इधर से उधर

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील लिमिटेड में वरिष्ठ पदों पर कई बदलाव किए गए बदलाव के तहत टाटा स्टील लोंग प्रोडक्ट्स में भेजे गए मुकेश अग्रवाल को एचआरबीपी स्टील बनाया गया है। वे जमशेदपुर प्लांट से कामकाज देखेंगे और आयरन मेकिंग सर्विस एचआरएम को सहयोग करेंगे। केपीओ से इस तरह भेजे गए राशिद जाफरी को टाटा स्टील लोंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड का चीफ पीपुल्स ऑफिसर बनाया गया है। उनको 3 साल के लिए भेजा गया है। उक्त स्थानांतरण आगामी 2 अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। आरएम वाइस प्रेसिडेंट की असिस्टेंट प्रेरणा कुमारी को एक साल की शिक्षा छुट्टी पर भेजा गया है। उनकी जगह पर सहर्ष त्रिपाठी को एग्जूक्टिव वीपी आरएम बनाया गया है। वे अभी पिलेट प्लांट में आइएल-4 स्तर के अधिकारी हैं। ज्वाइंट कंसल्टेशन आइ एल -3 अधिकारी अभिजीत सिंह को 3 साल के लिए भेजा गया है वे वीपी एचआरएम को सीधे रिपोर्ट करेंगे और जमशेदपुर से कामकाज संभालेंगे। इसी तरह वेस्ट बोकारो के एचआरबीपी सुधीर कुमार सिंह को हेड एचआर ज्वाइंट कंसल्टेशन बनाया गया है। शिव शंकर को हेड एचआर कलिंगा नगर से हटाकर वेस्ट बोकारो का हेड एचआरबीपी बनाया गया है। जगजीत सिंह भाटी को लजिस्टिक अपरेशन मेरा मंडली बनाया गया है।

## झारखंड क्षत्रिय महिला संघ ने होली के अवसर पर आयोजित किया हिलोर



जमशेदपुर। झारखंड क्षत्रिय महिला संघ द्वारा महिला दिवस एवं होली के अवसर पर सोमवार को रंगमा मंदिर मैदान में कार्यक्रम 'हिलोर' आयोजित किया गया। कार्यक्रम सभी इकाई अध्यक्ष एवं केंद्रीय पदाधिकारी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम अतिथि रीतू सिंह, संरक्षिका पूनम सिंह, सत्या सिंह, सीता सिंह, सुमित्रा सिंह, अध्यक्ष ड कविता परमार, महासचिव मंजू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। होली के परिधानों में सभी क्षत्रानियां कार्यक्रम में आई थी। टी एम एच की न्यूरो विशेषज्ञ ड रीतू सिंह को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। क्षत्रिय महिला संघ के 15 इकाइयों ( सीतारामडेरा, शीतगोड़ा, बागबेड़ा, सोनारी, टेल्को बिरसानगर, जुगसलाई, सुंदरनगर, गोविंदपुर, आर आई टी, आदित्यपुर, मानगो, बारीडीह, बिस्तुपुर, साकची) की क्षत्रानियां कार्यक्रम में शामिल हुईं। होली के विभिन्न रंग और विभिन्न इकाइयों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति हिलोर का मुख्य आकर्षण रहा। 500 से ज्यादा क्षत्रानियां शामिल हुई।

## घर पर बच्चों को सुरक्षित आवागमन के लिए प्रशिक्षित करें अभिभावक : चाणक्य चौधरी

कुडी महंती अडिटोरियम में सेफ टॉक के छठे संस्करण का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



कार्यक्रम को संबोधित करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

जमशेदपुर। टाटा स्टील द्वारा 10 मार्च को कुडी महंती अडिटोरियम,कदमा में 'सेफ टॉक' के छठे संस्करण का आयोजन किया गया। 'सेफ टॉक' सुरक्षा से संबंधित विषयों पर जागरूकता पैदा करने के लिए बनाया गया एकइंटरैक्टिव प्लेटफर्म है, जिसमें सड़क सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा और जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षा शामिल है। इस कार्यक्रम में एक विशेष विषय पर बात करने के लिए एक प्रतिष्ठित वक्ता को आमंत्रित किया जाता है। इस संस्करण का विषय 'समुदाय में सुरक्षा की संस्कृति का निर्माण' था। चाणक्य चौधरी, (वाइस प्रेसिडेंट, कर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील) इस संस्करण के सम्मानित वक्ता थे। उन्होंने घर पर सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने और बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए शिक्षित करने एवं तैयार करने केमहत्व पर बात की। कंपनी परिसर के अंदर और बाहर सड़क पर सुरक्षा, और यातायात प्रबंधन के लिए बच्चों और कर्मचारियों द्वारा स्वयंसेवा के महत्व जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के 350 से अधिक कर्मचारियों ने भागलिया, जिसमें प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल था। 'सेफ टक' हर 15 दिनों के अंतराल (पाक्षिक) पर आयोजित किया जाता है, और अगली वार्ता 24 मार्च, 2023 को आयोजित की जाएगी।

## जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशों को लागू करे सरकार : जनवादी महिला समिति

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला संगठनों की संयुक्त समन्वय समिति ने डीसी ऑफिस पर किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन करने पहुंची महिलाएं।

जमशेदपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला संगठनों की संयुक्त समन्वय समिति द्वारा मनाया गया सप्ताह भर का प्रचार अभियान सोमवार को भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रस्तुत करने के कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। जनवादी महिला समिति (एडवा), कामकाजी महिलाओं की समन्वय समिति (सीटू), विभिन्न ट्रेड यूनियनों की महिला प्रकोष्ठों सहित प्रमुख महिला समाजसेवियों द्वारा संयुक्त रूप से आज पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के माध्यम से भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में देश की प्रत्येक महिला नागरिक को समान अधिकार एवं न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में बीस सूत्रीय मांगों का चार्टर रखा गया। पूरबी घोष, शर्मिला ठाकुर, जया मजूमदार, पानमोनी किसकू, उषा सिंह, आई पुष्पा लता सहित अन्य प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मौजूदा पितृसत्तात्मक समाज में शोषण, हिंसा और भेदभाव की प्रवृत्ति में गिरावट के कोई संकेत नहीं होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। पूरबी घोष ने पोश अधिनियम तथा जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशों को लागू करना, आंतरिक शिकायत समिति की प्रावधान का सख्त कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की मांगों को रेखांकित करते हुए सरकार से निर्भया फंड में आवंटन बढ़ाए जाने के लिए आग्रह किया।

## रूढ़िवादी चुनौतियों से लड़ना है तो चुप्पी तोड़ें: वर्णाली

चांदपुर में युवा के महिला दिवस समारोह में गोष्ठी, क्विज और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फर वलंटरी एक्शन) के तत्वावधान में कार्यक्रम कमिक रिलीफ के तहत पोटका प्रखंड के चांदपुर पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पंचायत प्रतिनिधियों महिलाओं एवं किशोरियों के साथ मनाया गया। इस दौरान महिला हिंसा के खिलाफ लड़कियों व महिलाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी सवाल जवाब प्रतियोगिता एवं लड़कियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। महिला दिवस को संबोधित करते हुए युवा की सचिव वर्णाली ने कहा कि लड़कियों, महिलाओं के बिना आगे जीवन की शुरुआत नहीं की जा सकती। फिर भी परिवार व समाज में कितनी लड़कियों व महिलाओं के साथ जेंडर के आधार पर भेदभाव किया जाता है। दोस्ती, प्यार, पसंद, नापसंद, शादी, गर्भसमापन, पहनावा को लेकर खुद से निर्णय नहीं ले पाती हैं, पुरुष द्वारा नियंत्रित की जाती है। महिलाएं आवाज नहीं उठाती है और अवसरों से वंचित हो जाती है, मगर हमें रूढ़िवादी चुनौतियों को पार करते हुए चुप्पी तोड़ना है तभी अपने यौन प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों को मजबूत व सुरक्षित कर पाएंगे।

# अडानी सीमेंट ने ओएचएसएसएआई अवार्ड्स 2022 में प्राप्त किए कई अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। ओएचएसएसएआई ने मैन्यूफेक्चरिंग सैक्टर में अडानी सीमेंट को सड़क सुरक्षा श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार और सुरक्षा के लिए रजत पुरस्कार से किया सम्मानित। अडानी सीमेंट के लीडर्स को भी सेफ्टी और सस्टेनेबिलिटी की दिशा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुंबई, 13 मार्च 2023- अडानी सीमेंट को अक्यूपेशनल हेल्थ, सेफ्टी एंड सस्टेनेबिलिटी एसोसिएशन अफ इंडिया (ओएचएसएसएआई) द्वारा सुरक्षा के लिए अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ओएचएसएसएआई एक अग्रणी गैर-लाभकारी संगठन है जो व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में नवीन विचारों पर ध्यान केंद्रित करता है और उन कंपनियों और अग्रणी लोगों को मान्यता देता है जो अपने कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए असाधारण प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं।





>> ओएचएसएसएआई रोड सेफ्टी गोल्ड अवार्ड





>> ओएचएसएसएआई सेफ्टी सिल्वर अवार्ड

**अडानी सीमेंट को विनिर्माण क्षेत्र में कई श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें शामिल हैं-**

**व्यक्तिगत पुरस्कारों की श्रेणी में-**

- सुकुरु रामाराव, सीओओ को वर्षों से एचएसई और सस्टेनेबिलिटी का समर्थन करने के लिए उनके अपार योगदान के लिए एचएसई लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- पंकज सिंह, हेड - सेफ्टी, मैन्युफैक्चरिंग एंड लजिस्टिक्स को ओएचएस और रोड सेफ्टी में उनके योगदान के लिए एचएसई एंड एस मेंटर अफ द ईयर के रूप में सम्मानित किया गया।

अजय कपूर, सीईओ, सीमेंट बिजनेस, ने कहा, 'अपनी सुरक्षा संबंधी उपलब्धियों के लिए हमें ओएचएसएसएआई द्वारा सम्मानित किए जाने पर निश्चित तौर पर हम गर्व महसूस कर रहे हैं।

सुरक्षा हमारी कारोबारी रणनीति का एक अभिन्न अंग है, और हम अपने सुरक्षा प्रदर्शन में लगातार सुधार करने और हमारे संचालन के सभी क्षेत्रों में उत्ष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षा हर किसी की जिम्मेदारी है, और हम अपने कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल बनाए रखने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराते हैं।'

## खबर एक नजर में

### महिला योगा लीग प्रतियोगिता : झारखंड विजेता तथा उडिसा टीम बनी उपविजेता



जमशेदपुर। योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन अफ झारखंड की ओर से रांची (सुजाता चौक, रोटरी क्लब सभागार) में महिला योगा लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड की टीम ने बाजी मार ली। आयोजन में झारखंड सहित उडिसा व छत्तीसगढ़ की 250 से अधिक महिला योग प्रतिभागी शामिल हुईं। इसे दो वर्गों, आर्टिस्टिक योगासना व ट्रेडिशनल योगसना में बांटा गया था। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय योग विभाग की निदेशिका डा.मधुलिका वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगता का शुभारंभ किया। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रांची के विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह शामिल हुए तथा विजेताओं को पुरस्त किया। प्रतियोगिता में झारखंड को विजेता तथा उडिघ्सा को उप विजेता घोषित किया गया। इस मौके पर झारखण्ड राज्य योगासना स्पोर्टस एसोशियेशन के मुख्य संरक्षक छवि विरमानी, अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव विपिन पांडेय, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, सुधा झा, संतोषी कुमारी (कंपीटिशन डायरेक्टर), मलय डे, स्वामी देव तथा प्रहलाद भगत आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी योगासना स्पोर्टस एसोशियेशन अफ झारखंड के वरीय उपाध्यक्ष अंशु सरकार ने दी।

### प्रति से लगाव ही हमारा पहचान है : सुखराम हेंम्ब्रम



चांडिल। चांडिल के आदिवासी संथाल बहुल क्षेत्र हाथिनादा एवं बांदू के जामदोहा गांव में बाहा पर्व पर महिला -पुरूष अपने पारंपारिक वस्त्र व वाद्य यंत्रों के साथ बाहा पर्व पर जमकर थिरके। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम पारंपरिक वेशभूषा एवं कानों में सखुआ फूल लगाकर मुख्य रूप से उपस्थित थे। सुखराम हेंब्रम ने कहा प्रति से लगाओ ही हमारी पहचान है। इस पहचान को हमारे आदिवासी युवाओं को बचाए रखने की जरूरत है। इस मौके पर आदिवासी समाज के कई लोग उपस्थित थे।

### जमशेदपुर वीरांगना के होली मिलन समारोह संपन्न



जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन, जमशेदपुर के द्वारा बिस्टूपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन श्रीमती सरोज सिंह के नेतृत्व में किया गया । इस मौके पर उपस्थित वीरांगनाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आयोजन को उल्लास पूर्वक मनाया। होली मिलन में मुख्य रूप से वीरांगना प्रभा सिंह, सुषमा सिंह, एडवोकेट दीपा सिंह, मंजू सिंह, ज्ञानती सिंह, शशिप्रभा सिंह, संजू सिंह, नीलू सिंह, रिंकू सिंह, कंचन सिंह, सरोज सिंह, नीलमसिंह, विद्या सिंह, आदि उपस्थित थीं।

### बैंक ऑफ बड़ौदा, रांची क्षेत्र ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



रांची। बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा सोमवार को बैंक की महत्वकांक्षी योजना बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के तहत रांची विश्वविद्यालय, रांची के शैक्षणिक सत्र 2020-22 के एमए (हिंदी) (अंतिम वर्ष) प्रथम कुमारी राजतान्या एवं द्वितीय सीमा कुमारी को क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक मनीष कुमार द्वारा रू.11000 एवं रू.7500 का चेक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में रांची क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रमुख गौतम पल, अन्य कार्यपालकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

स्पीड न्यूज

## चाईबासा में नक्सली दस्ते का सदस्य गिरफ्तार

**चाईबासा।** चाईबासा पुलिस ने भाकपा माओवादी दस्ते के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली जेटेया थाना अंतर्गत सुकरीपाड़ा गांव का रहने वाला किसन केराई उर्फ किसन डुकरे है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि किसन मागे पर्व मनाने अपने गांव आने वाला है। जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर उसके घर की घेराबंदी की और किसन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किसन ने अपने बयान में यह स्वीकार किया कि वह उग्रवादी दस्ते में रहकर विभिन्न अपराधों में शामिल रहा है। उस पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## नाबालिक लड़की का शादी की नियत से हुआ अपहरण

**जामा।** थाना क्षेत्र के महारो से एक नाबालिक लड़की के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के परिजनों ने बताया कि रविवार को सुबह लड़की को घर में नहीं पाया गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब लड़की का कहीं पता नहीं चला तो सोमवार को परिजनों ने इसकी सूचना जामा थाना को दी। जिसमें लड़की के पिता ने बताया कि दुमका नगर थाना क्षेत्र के बक्सी बांध मुहल्ले के अमन कुमार राउत लगातार उसकी बेटी को फोन किया करता था। उन्होंने अमन पर शादी की नियत से लड़की को भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में प्रभारी थानेदान रविशंकर सिंह ने बताया कि कांड संख्या 24/23 के तहत भादवि की धारा 363, 366 ए में मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

## नाबालिग को भगा ले जाने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**शिकारीपाड़ा।** थाना क्षेत्र के कुशपहाड़ी गांव में 10 दिन पूर्व एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में गांव के आदेश पुजहर नामक युवक को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। पुलिस नाबालिग किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दी है। पुलिय यह कार्रवाई नाबालिग के पिता के द्वारा दिए आवेदन पर की। आवेदन में बताया कि 2 मार्च की सुबह 4 बजे उसकी पुत्री शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। उसी वक्त आदेश पुजहर उसे बहला- फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। किशोरी का मेडिकल जांच के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया।

# शिक्षण क्षेत्र में विकास के लिए सतत शोध है आवश्यक : कुलपति

### एएन कॉलेज में दो दिवसीय बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



सेमिनार का उद्घाटन करती कुलपति व अन्य

**दुमका।** एएन कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन सोमवार को कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने द्वीप प्रज्जवलित कर की। सेमिनार में मुख्य अतिथि भागलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा अवध किशोर राय, एसकेएमयू के कुलसचिव डॉ संजय सिन्हा, डीएसडब्लू डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ प्रेम शंकर झा, प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह, टोकन के निदेशक केतन कुमार मिश्रा मंच पर विराजमान रहे। अतिथियों का स्वागत परांपरिक रिति-रिवाज लोटा-पानी एवं नृत्य संगीत से हुआ। सुकन्या चौधरी डांस ग्रुप स्वागत गान प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय कुलगीत के बाद स्वागत भाषण आयोजन समिति सचिव डा अमरकांत अमरनाथ सिंह ने किया। मंच संचालन डॉ चंद्र भानु प्रताप सिंह ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डा सोना झरिया मिंज ने जैव विविधता एवं वनौषधियों का उपयोग के विषय को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षण क्षेत्र में विकास के लिए सतत शोध कार्य आवश्यक है। शिक्षकों को भी ज्ञान पिपासु होने पर जोर दिया। सेमिनार ज्ञानवर्धन के लिए बेहतर साधन है। कुलपति ने झारखंड और खासकर संथाल परगना में मौजूद प्राकृतिक संपदा से जुड़े जुगाड़ तकनीक पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ अवध किशोर राय ने विस्तारपूर्वक औषधिय पौधों का उपयोग, औषधीय पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संथाल परगना का यह क्षेत्र वन और खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। जिनका संरक्षण विकास के लिए बेहद जरूरी बताया है। उन्होंने राज्य में खासकर संथाल परगना में पाये जाने वाले औषधीय पौधे लगवाने की अपील की। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन में प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने उत्साह से शिक्षा दान के महती कार्य को कॉलेज के उत्तरदायित्व को पूर्ण करते रहने का भरोसा दिया। सेमिनार में लगभग 250 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कर भाग लिया।

# प्रकृति सुरक्षित रहेगी तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा: डॉ यादव

### एसपी कॉलेज में उत्साहपूर्वक मना बाहा पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य व उपस्थित लोग

**दुमका।** एसपी कॉलेज में आदिवासी समुदाय का प्रकृति से जुड़ा पर्व बाहा पर्व का आयोजन सोमवार को हुआ। आदिवासी समाज पर्व-त्योहार को अपने अंदाज में मनाते आ रहे हैं। समाज द्वारा मनाए जाने वाला हर पर्व प्रकृति से जुड़ा रहता है। पर्व मनाने के दौरान समाज की महिलाएं, पुरुष और बच्चे, युवा पीढ़ी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। संताल परगना महाविद्यालय के संताली विभाग द्वारा बाहा पर्व को मनाया गया। पारंपरिक वेशभूषा में महिला एवं पुरुष नृत्य करते नजर आये। सखुआ के फूल को महिलाओं ने अपने सिर पर लगाकर उत्सव मनाते हुए कहा कि जैसे सखुआ का फूल सूख जाने के बाद भी उसका रंग बदलता नहीं, ऐसे ही हमारे समाज में भी अपनी संस्कृति और परंपरा बरकरार रहे और आपसी भाईचारा का प्रतिक यह पर्व है। पारंपरिक परिधान में महिला पुरुषों ने वाद्य यंत्र की धुन पर इस पर्व को मनाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि जहां सखुआ के पेड़ की पूजा की जाती है। प्रकृति की पूजा करने वाले समाज का यह मानना है कि प्रकृति सुरक्षित रहेगी तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रकृति की पूजा करनी चाहिए। चुकी प्रकृति है तो हम हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि साहित्य अलंकार चूंडा सोरेन ह्वसिपाहीह्व ने बताया कि यह प्रकृति का पर्व है। इस पर्व में विशेषकर युवा पीढ़ी शामिल होते हैं। लेकिन अपने पर्व में वह शामिल होते हैं। जिससे वह अपनी परंपरा और संस्कृति को समझ सके और आगे भी उसका निर्वहन कर सके। उन्होंने बताया कि बाहा में सखुआ फूल का काफी महत्व होता है। सखुआ फूल का रंग कभी नहीं बदलता। सूख जाने के बाद भी उसका रंग बरकरार रहता है। फूल को सिर में लगाने का महत्व होता है। कार्यक्रम में संताली विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो होलिका मरांडी ने बाहा परब का विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की प्रो बसंती हांसदा, इतिहास विभाग की डॉ सुमित्रा हेम्ब्रम ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में डॉ इंद्रजीत कुमार, डॉ यदुवंश यादव, डॉ रूपम कुमारी, प्रो पुष्पा सोरेन एवं कॉलेज कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार सौरभ उपस्थित थे। मंच का संचालन सेमेस्टर 5 के छात्र दिलीप किस्कू एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो सनातन मुर्मू ने किया।

# 5 सालों से बालगृह में रह रहे 10 अनाथ बालकों का सीडब्ल्यूसी ने किया पुनर्वास

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने बालगृह में पिछले 4-5 सालों से रह रहे 12 अनाथ बालकों का पुनर्वास कर दिया है। इन 12 बालकों का नामांकन दुमका के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में करवाया गया है। इनमें से 10 बालकों को सोमवार को उनके अभिभावकों या उपयुक्त व्यक्ति को सौंप दिया गया। अब ये बालक नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय में रहकर पढ़ाई करेंगे और छुट्टी होने पर अभिभावक इन्हें घर ले जाएंगे। सोमवार को बालगृह (बालक) के प्रभारी संजु कुमार द्वारा 10 बालकों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन बालकों के अभिभावक एवं करीबी रिश्तेदार भी समिति के समक्ष उपस्थित हुए। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय, कुमारी बिजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने बालकों एवं उनके अभिभावकों का बयान दर्ज किया। बालकों और उनके अभिभावक के आग्रह पर उन्होंने अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि देखरेख एवं संरक्षण की अवश्यकता वाले (सीएनसीपी) बालक के लिए बालगृह अंतिम विकल्प है।

सीएनसीपी बालक को तबतक ही बालगृह में रखा जाता है जबतक उनके पुनर्वास का साधन खोज नहीं लिया जाता और उन्हें पुनर्वासित नहीं कर दिया जाता। समिति ने ऐसे 12 बालकों को चिन्हित किया था जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु होने के कारण वे अनाथ की श्रेणी में सीएनसीपी घोषित किये जाने के बाद से वर्ष 2018 से बालगृह में आवासित थे पर उनसे मिलने के लिए उनके रिश्तेदार आया करते थे और छूट्टी में घर भी ले जाया करते थे। इन बालकों को स्पान्सरसिप स्कीम से जोड़ने या एडोप्सन देने के विकल्प पर भी समिति ने सुनवायी की पर बालक और उसका परिवार इसके लिए तैयार नहीं हुआ। ये सभी बालक दुमका के केन्द्रीय बालक-बालिका मध्य विद्यालय में अध्ययनरत थे।

# जल संरक्षण कर गांव को समृद्ध बना सकते हैं, केवल आवश्यकता है, एक प्रयास एवं सही दिशा की: डॉ राजेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता


संबोधित करते डॉ राजेंद्र सिंह

**दुमका।** जल संरक्षण, संवर्धन, डीएमएफटी एवं राज्य सरकार के योजनाओं के प्रचार प्रसार से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कंवेंशन सेंटर में सोमवार को हुआ। जिसमें जल पुरुष डॉ राजेंद्र सिंह ने जल संरक्षण के लिए सुझाव एवं विचार लोगों के बीच प्रस्तुत किए। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित हुई। प्रथम चरण में मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ राजेंद्र सिंह जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने गांव को समृद्ध गांव बना सकते हैं, केवल आवश्यकता है तो एक प्रयास एवं सही दिशा की। उन्होंने जल की माहता को बताते हुए कहा कि जल में ही जीवन है। जल के बिना जीवन की परिकल्पना असंभव है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए वर्षा जल के संचयन एवं सभी गांव में कम से कम 70 फीसदी पानी रोक कर जल का समुचित उपयोग करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जनता को आपसे अपेक्षाएं हैं। उनके अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए आपको आगे आना होगा एवं संरक्षण की दिशा में प्रयास करना होगा। सभी जनप्रतिनिधि सर्वप्रथम इससे लिए ग्राम पर नियम बनाए उसके पश्चात जिला स्तर इसकी रूपरेखा प्रस्तुत करें इस प्रकार एक छोटे जगह से एक क्रांतिकारी परिवर्तन किया जा सकता है।

दुमका में प्राकृतिक संसाधनों की कमी नहीं है। इनका सदुपयोग करके आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक समृद्धि भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने प्रकृति की महत्ता को बताते हुए कहा कि प्रकृति हमारी जननी है एवं इनका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। जल संरक्षण की दिशा में अगर प्रयास किया जाए तो ना केवल उस गांव में मुलभूत सुविधाओं की प्राप्ति हो सकती है, बल्कि गांव के लोगों के रोजगार का साधन भी बनेगा। इस में इस क्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा कही सवाल किए गये। साथ ही इसके दूसरे चरण में सिविल सोसाइटी सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं लोगों को जल संरक्षण की दिशा में उचित कदम उठाने के लिए अपील की गई।

## एक नजर में

### एसकेएमयू में यूजी सेमेस्टर 2 के परीक्षा फार्म भरे जायेंगे 16 मार्च तक

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्विद्यालय के यूजी सेमेस्टर 2 का परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी हो गई है। परीक्षा फार्म 16 मार्च तक ऑनलाईन भरे जायेंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2021-24 के यूजी सेमेस्टर 2 के परीक्षा 2022 के परीक्षा फार्म बिना विलंब शुल्क के 16 मार्च तक ऑनलाईन भरे जायेंगे। निर्धारित समयावधि में छात्र-छात्राएं फार्म कर हार्ड कॉपी विभाग एवं कॉलेज में जमा करना अनिवार्य होगा।

### दाल-भात केद्रों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**दुमका।** सदर प्रखंड में संचालित दाल-भात केन्द्रों का निरीक्षण बीडीओ सह एमओ राजेश कुमार सिन्हा ने किया गया। निरीक्षण के दौरान ओम स्वंय सहायता समूह पोलिटेक्निक कॉलेज गेट के बगल में, मनवा स्वंय सहायता समूह कचहरी परिसर, एंजील स्वंय सहायता समूह दाल-भात केन्द्र और दिव्यशक्ति स्वंय सहायता समूह दाल-भात केन्द्र में योजना का लाभ लेने वाले लाभुकों के सूची से संबंधित रजिस्टर नहीं पाया गया। संचालिका ने बताया गया कि रजिस्टर घर में छूट गया है। दीप शिखा स्वंय सहायता समूह दाल-भात केन्द्र मुफसिल थाना के बगल में बंद पाया गया। दिव्यशक्ति स्वंय सहायता समूह दाल-भात केन्द्र मैक्सि बसस्टेंड में निरीक्षण के दौरान योजना का लाभ ले रहे लाभुकों ने बताया कि केन्द्र के संचालिका 10 रुपए प्रति प्लेट शुल्क लिया जा रहा है। स्टेट बैंक के सामने स्थित गंगा लक्ष्मी स्वंय सहायता समूह दाल-भात केन्द में निरीक्षण के दौरान 197 लाभुकों के द्वारा दोपहर ढ़ाई बजे तक योजना का लाभ लेते पाया गया। लेकिन किसी भी लाभुक का हस्ताक्षर रजिस्टर में नहीं पाया गया। स्पष्ट है कि विभाग के द्वारा निर्धारित मापदंडों का अनुपालन दाल-भात केन्द्रों के संचालकों के द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसके लिए सभी को स्पष्टीकरण किया जा रहा है। संतोषजनक जबाव नहीं प्राप्त होने की स्थिति में दाल-भात केन्द्र के संचालिका को निलंबित करने की अनुशंसा डीएसओ को किया जायेगा।

### जय माता दी सेवा समिति का विशाल भगवती जागरण होगी 25 मार्च को, सदस्यों को सौंपा गया कार्यभार

**दुमका।** जय माता दी सेवा समिति की निमार्णाधीन मंदिर सह धर्मशाला कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष अरुण केशरी ने किया। बैठक में आगामी 25 मार्च को यज्ञ मैदान में विशाल भगवती जागरण के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में कई अहम निर्णय लिए गये। जिनमें विभिन्न कार्यों का सदस्यों को कार्य भार सौपा गया। कार्यक्रम में महिला और पुरुषो के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था होगी। पुरुष और महिला वर्ग के लिए नारियल-चुनरी काउंटर (माता के प्रसाद) की भी व्यवस्था होगी। यज्ञ मैदान में जागरण की रात श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से महिला सुरक्षा बल और पुरुष सुरक्षाबल की तैनाती समेत सदस्यो को भी मुस्तैदी होगी। हर साल की भांति धर्मस्थान मंदिर से माता का ज्योत गाजे-बाजे के साथ जागरण स्थल यज्ञ मैदान पहुंचेगी। जिसके दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की अपार भीड़ धर्मस्थान मंदिर से यज्ञ मैदान तक उमड़ती है। इसके मद्देनजर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होगी। चुकि विशाल भगवती जागरण कार्यक्रम में शहर के आस-पास के इलाके से भी श्रद्धालु पहुंचते है और रात भर माता का भजन करते है। सेवा में रात भर स्वयंसेवी व धार्मिक संस्थाये चाय-शरबत, पेयजल व अन्य सुविधाएं श्रद्धालुओं को मुहैया कराते हैं। जागरण के दूसरे दिन रविवार को प्रसाद वितरण करने के लिए सदस्यों के अतिरिक्त युवकों की एक टोली को जनपुस्तकालय में माता का प्रसाद नारियल और हलवा वितरण के कार्य में लगाया जाएगा। जिससे प्रसाद पाने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत श्रद्धालुओं को नहीं हो। जागरण के बाद सुबह 8 बजे से कुंवारी कन्याओं को भोजन कराने की भी व्यवस्था होगी। इस वर्ष जागरण के आयोजन में करीब 10-12 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित है।

# साहित्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा 18 मार्च से

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कन्वेंशन सेंटर में 18 एवं 19 मार्च को द्वितीय दुमका स्टेट लाइब्रेरी लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में डीसी रविशंकर शुक्ला ने प्रेसवार्ता कर दो दिवसीय साहित्योत्सव के आयोजन से संबंधित जानकारियां दिया। डीसी ने कहा कि यह आयोजन सहित्य से जुड़े लोगों के लिए कई मायनों में अहम होगा। आयोजन में साहित्य से जुड़ी चुनौतियों पर बात होगी। जाने माने पट कथा लेखक, लेखक एवं साहित्य से जुड़े लोग भाग लेंगे। कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। आमजनों के सवालों के जवाब भी अतिथियों के द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उन लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। जो लिखना चाहते हैं। वे लोग जो क्रिएटिव राइटिंग के माध्यम से अपनी पहचान बनाना चाहते हैं। उन्हें इस आयोजन के माध्यम से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लेखक कार्यक्रम में भाग लेने दुमक पहुचेंगे, तो कुछ ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़ेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। साहित्य से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखेंगे। कहा कि पर्यावरण एवं वन्य जीव पर किताबें लिखने वाले लेखक भी कार्यक्रम में भाग लेंगे और पर्यावरण से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न प्रकार की टीम गठित की गई है।

# नक्सल प्रभावित कंकुवा में पहली बार रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड के नक्सल प्रभावित कंकुआ मध्य विद्यालय में आदिवासी हो मुंडा युवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को प्रथम रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई उपस्थित हुए एवं रक्तदाताओं को सम्मानित किया। पहली बार नक्सल इलाकों में रक्तदान शिविर के आयोजन पर ग्रामीण युवाओं में उत्साह देखा गया। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। युवाओं को संबोधित करते हुए डा. विजय सिंह गागराई ने कहा की जीवन में रक्तदान से बड़ा को दान नहीं है। स्वास्थ्य व्यक्ति को प्रत्येक साल कम से कम एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए, जिससे किसी जरुरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती हैं। मौके पर नकटी के मुखिया मिथुन गागराई, सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानंद होता, सुनील लागुरी, कृष्णा सांडिल, ललित नारायण ठाकुर, तीरथ जामुदा, संतोष सिंहदेव, रामराई सामड, वीरसिंह हासदा, मरकुश गागराई ,आदिवासी हो मुंडा युवा विकास समिति कंकुआ के सुनील लागुरी, कृष्ण सांडिल, मंत्री बांकिरा, शिव सांडिल , कृष्ण गागराई, संतोष नाग, पीतांबर दिग्गी, सुगना सांडिल, डाबू पूर्ति, केदार पूर्ति, मंगल गागराई, सुनील गागराई, सुरेश नाग, गोंडोरम गागराई, बबूलू सांडिल समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




## रिसर्च पर प्रशिक्षण का आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्य का आयोजन सोमवार से हुआ। सेमिनार 13 से 17 मार्च तक आयोजित होगी। जिसमें आवासीय, कम्यूनिटी बेस्ड पार्टिसिपेटरी रिसर्च, सीबीआरपी, फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रारंभ हुई। प्रशिक्षण एसकेएमयू के अधीन विभिन्न विभागों, कांस्टीट्यूएंट एवं एफिलिएटिड कॉलेज के प्राध्यापकों को पार्टिसिपेटरी रिसर्च इन एशिया, न्यू दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# विजय गागराई की सक्रियता ने बढ़ायी भाजपा-झामुमो की चिंता

### चक्रधरपुर विस क्षेत्र से लड़ सकते है चुनाव, सामाजिक कार्यक्रमों में लगातार हो रहे है शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** डाक्टर विजय सिंह गागराई चक्रधरपुर की राजनीति में तेजी से उभरता हुआ नाम है। कहने को तो सामाजिक संस्था पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव की हैसियत से समाजसेवा कार्यों में शामिल हो रहे है, लेकिन असल मकसद 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में चक्रधरपुर से किस्मत आजमाना है। सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से विजय सिंह गागराई ने जिस तरह अपनी सक्रियता बढ़ाई है, उससे झामुमो ही नहीं बल्कि भाजपा खेमे में चिंता देखी जा रही है। विजय गागराई की एक और पहचान ये है कि वह खरसावां से झामुमो के विधायक दशरथ गागराई के भाई है। राजनीति का मैदान उनके लिए नई चीज नहीं है। फिलहाल विजय सिंह गागराई ने अपना पूरा फोकस चक्रधरपुर के अलावा बंदगांव प्रखंड ग्रामीण इलाकों में लगा रखा है। उनके साथ कई पंचायत प्रतिनिधि और राजनीतिक दलों से रिश्ता रखने वाले देखे जा रहे है। गांवों में होने वाले सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा विजय गागराई ग्रामीणों के बीच कई तरह की सामग्रियों का भी वितरण कर लोगों के बीच पहचान बनाने में जुटे है। पिछले दिनों एक कार्यक्रम में विजय सिंह गागराई से चुनाव लड़ने के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल को उन्होंने खुबसूरती के साथ टाल दिया था। हालांकि उनके करीबियों का कहना है कि उनका लक्ष्य 2024 का विस चुनाव ही है। अब सवाल उठता है कि विजय गागराई ने जिस तरह से सक्रियता दिखाई है अगर वह चुनावी मैदान में उतरते है तो भाजपा व झामुमो दोनों दलों के वोट बैंक में सेंधमारी कर नुकसान पहुंचा सकते है। वहीं राजनीतिक पंडितों का मानना है कि विजय गागराई की सक्रियता को देखते हुए बड़े राजनीतिक दल भी टिकट का ऑफर कर सकते है। फिलहाल विजय गागराई किसी राजनीति दल में शामिल नहीं है।

## विद्युत विभाग ने ऑनलाइन ऊर्जा संवाद में जनप्रतिनिधियों को दी सेवाओं की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चक्रधरपुर के कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने ऑनलाइन उर्जा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के विद्युत अभियंताओं समेत जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने बताया की ऊर्जा संवाद का मुख्य उद्देश्य बिजली विभाग की योजनाओं एवं सेवाओं की समुचित जानकारी देना एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रचार-प्रसार करना है। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेना एवं समयबद्ध तरीके से निपटारा करना है। जनप्रतिनिधियों को विभाग की योजनाओं जैसे 100 यूनिट फ्री बिजली योजना, छूटे हुए टोलों का विद्युतीकरण एवं कैम्पों की जानकारी दी गई।

उन्हें बताया कि विभाग गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है, परंतु उसी अनुपात में राजस्व उगाही भी जरूरी है। इसके लिए बिजली की चोरी रोकना जरूरी है। उपभोक्ता से ससमय बिजली बिल जमा करने, भार के अनुपात में कनेक्शन लेने आदि में सहयोग करने के लिये आग्रह किया।

# अहमदाबाद टेस्ट ड्रॉ, इंडिया का 2-1 से सीरीज पर कब्जा




एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया से लगातार चौथी टेस्ट सीरीज जीत ली है। 4 मुकाबलों की सीरीज का आखिरी मुकाबला ड्रॉ रहा है। ऐसे में सीरीज 2-1 से भारत के नाम रही है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया कंगारुओं से लगातार चार टेस्ट सीरीज जीतने वाली एशिया की पहली टीम बनी है। इतना ही नहीं, भारत ने लगातार छठी बार घर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले, टीम इंडिया को 2004 में अपने घर में पराजय झेलनी पड़ी थी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 175/2 रनों पर घोषित की। फिर नतीजा न निकलता देख दोनों कप्तानों ने एक घंटे पहले ही आपसी सहमति से मैच समाप्ति की घोषणा कर दी। तब मार्नस लाबुशेन 63 और स्टीव स्मिथ 10 पर नाबाद लौटे। लाबुशेन की यह टेस्ट में 15वीं और भारत में पहली हाफ सेंचुरी है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 480 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। जवाब में भारतीय टीम ने 571 रन बनाते हुए पहली पारी में 91 रनों की बढ़त हासिल की। मैच के आखिरी दिन सोमवार को कंगारुओं ने 3/0 से अपनी दूसरी पारी को आगे बढ़ाया।

## भारत दूसरी बार डब्लूटीसी के फाइनल में

एजेंसी

**अहमदाबाद।** टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने जीत के बाद कहा कि आइपीएल खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलना टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। दरअसल, क्राइस्टचर्च में श्रीलंका पर न्यूजीलैंड की दो विकेट की रोमांचक जीत के साथ ही भारत का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल का टिकट पक्का हो गया था। श्रीलंका को अपनी उम्मीदों का बनाए रखने के लिए दो मैचों की श्रृंखला को 2-0 से जीतना था। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लंदन के ओवल मैदान पर सात से 11 जून तक खेला जाएगा। आईपीएल एक जून को खत्म होगा। द्रविड़ ने डब्ल्यूटीसी फाइनल को चुनौती करार देते हुए कहा कि टीम को इसके लिए बेहतर योजना बनानी होगी। उन्होंने टेस्ट मैच के बाद आधिकारिक कहा, हमने लंच के समय इसके लिए क्वालीफाई किया। मैं चीजें स्पष्ट होने से पहले कुछ कहने से बचता हूं। हम इसका जश्न मनाएंगे। उन्होंने कहा, यह काफी चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि डब्ल्यूटीसी फाइनल से सिर्फ एक सप्ताह पहले आईपीएल का फाइनल है। हम इसके बारे में सोचेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस श्रृंखला में टीम की वापसी करने के जज्बे से प्रभावित द्रविड ने कहा, जब भी हम पर दबाव हावी हुआ हमने सटीक तरीके से जवाब दिया। इस टीम को कोचिंग देने के संबंध में यह एक खुशी की बात है।



विराट कोहली को उनकी इस पारी के लिए चौथे मैच के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया जबकि इस टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय ऑलराउंडर आर अश्विन और रविंद्र जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब संयुक्त रूप से दिया गया।

## रोमांचक मुकाबले में आखिरी बॉल पर जीता न्यूजीलैंड, केन विलियमसन ने जड़ा शतक

**क्राइस्टचर्च।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 2 टेस्ट की सीरीज खेली जा रही है। सोमवार को क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे पहले टेस्ट में दोनों टीमों के बीच हाई वोल्टेज मुकाबला देखने को मिला। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पहले टेस्ट में 2 विकेट से हराया। न्यूजीलैंड को विजयी रन आखिरी गेंद पर मिला। पांचवें दिन न्यूजीलैंड को जीत के लिए 257 रन की जरूरत थी। न्यूजीलैंड चौथे दिन 1 विकेट खो कर 28 बना लिए थे। केन विलियमसन ने शतकीय पारी खेल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। विलियमसन ने 194 गेंदों पर 121 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 11 चौके और एक छक्का भी लगाया। विलियमसन के अलावा डेरिल मिचेल ने 81 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। श्रीलंका को ओर से असिथा फर्नांडो ने सबसे जयदा 3 विकेट लिए। उनके अलावा प्रभात जयसूर्या ने 2, कासुन रजिथा और लाहिरू कुमारा ने 1-1 विकेट लिए। हारने के बाद श्रीलंका डब्ल्यूटीसी की रेस से बाहर हो चुका है।

## लखनऊ ने झारखंड को छह विकेट से हराया

**लखनऊ।** चौधरी आसिफ अली मेमोरियल आल इंडिया क्रिकेट लीग मैच में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने छह विकेट से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में लखनऊ के सावन सिंह ने धुआंधार पारी खेलते हुए 11 चौकों की मदद से 66 बाल पर 81 रन बनाये। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर से पहले ही 158 रन बनाये। हर्ष सिंह ने सर्वाधिक 38 रन बनाया। उत्तम त्रिपाठी ने 26 रन बनाया। सलामी बल्लेबाज ए रघुवंशी 20 रन ही बना पाये। वहीं क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ मात्र चार विकेट गंवाकर 24 ओवर में ही 162 रन बना लिए और मैच को छह विकेट से जीत लिया।

## ब्रुक और गार्डनर ने जीता आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार

**दुबई।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रुक और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर ने फरवरी माह के लिए क्रमशः आइसीसी पुरूष व महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीत लिया है। गार्डनर ने फरवरी माह में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम की खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां उन्होंने प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार भी जीता। गार्डनर ने इंग्लैंड की पावर हीटर नेट साइवर और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाट्र्ड को पीछे छोड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

## वॉटसन ने की लीजेंड्स लीग क्रिकेट की तारीफ

**दोहा।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट मास्टर्स की शुरूआत हो चुकी है, जिसके पहले दो मैच काफी रोमांचक रहे। वॉटसन ने कहा, एलएलसी का हिस्सा बनना बहुत मजेदार है। यह मेरा पहला एलएलसी मास्टर्स टूनार्मेंट है। मैं अपनी उम्र में क्रिकेट खेलने के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। मैं अपनी उम्र में क्रिकेट खेलने के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं।

## डब्ल्यूपीएल : 6 विकेट से जीती दिल्ली बेंगलुरु की लगातार पांचवीं हार

एजेंसी



**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु की इस टूर्नामेंट में यह लगातार पांची हार है। डी वाई पाटिल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 150 रन बनाये। जवाब में दिल्ली ने 19.4 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। आखिरी ओवर में दिल्ली को 9 रन की जरूरत थी। दिल्ली की मारियन कैप और जेस जोनासेन ने ओवर की शुरुआती 4 बॉल में इसे लक्ष्य को हासिल कर लिया। जेस जोनासेन ने ही विनिंग शॉट लगाया। पहली पारी में बेंगलुरु से एलिस पेरी ने नाबाद 67 रन बनाये, वहीं दिल्ली से शिखा पांडे ने 3 विकेट झटके। जेमिमा रोड्रिग्ज 15वें ओवर में आउट हो गयीं, उनके बाद मारियन कैप ने जेस जोनासेन के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों आखिर तक टिकी रहीं और करीबी मुकाबले में टीम को जीत दिलाई। कैप 35 और जोनासेन 22 रन बनाकर नाबाद रहीं। दिल्ली से शेफाली वर्मा शून्य, मेग लेनिंग 15, एलिस कैप्सी 38 और जेमिमा रोड्रिग्ज 32 रन बनाकर आउट हुईं। बेंगलुरु से आशा शोभना ने 2 विकेट लिए। वहीं प्रीति बोस और मीगन शट को एक-एक विकेट मिला। दिल्ली ने पहले ही ओवर में शेफाली का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एलिस कैप्सी ने आक्रामक बैटिंग की। वह 24 बॉल में 38 रन बनाकर आउट हुईं।

## अगर भारत को समस्या है तो हमें भी इंडिया में विश्व कप के दौरान सुरक्षा की चिंता है: पीसीबी अध्यक्ष



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने इस साल पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप और भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर जल्दी स्थिति स्पष्ट करने की बात करते हुए कहा कि वह सभी विकल्पों पर विचार कर रहे है। सेठी ने कहा कि वह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की अगली बैठक में इन मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने सोमवार को कहा, हमारे सामने जटिल मुद्दे हैं लेकिन जब मैं एसीसी और आइसीसी की बैठकों में जाऊंगा तो मुझे सभी विकल्प खुले रहने होंगे। हमें हालांकि अब स्थिति स्पष्ट कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एशिया कप के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजने के भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। पीसीबी हालांकि इस बात पर अडिग है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए उनके देश का दौरा नहीं करेगी तो पाकिस्तान को भी भारत में विश्व कप नहीं खेलने के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा, मैंने अपने विकल्प खुले रखे हैं क्योंकि जब सभी टीमें पाकिस्तान आ रही हैं और सुरक्षा को लेकर कोई समस्या नहीं है तो भारत सुरक्षा को लेकर चिंतित क्यों है।

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, मायके वाले बोले- बच्चा नहीं होने पर की गई हत्या

**नालंदा।** नालंदा जिले के बिहार नगर थाना क्षेत्र के गढ़पर मोहल्ले में एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला है। विवाहिता की हत्या का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगा है। बताया जाता है कि शादी के 1 साल बाद बच्चा नहीं होने का ताना देकर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाता था। और अब उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। विवाहिता का नाम अंशु कुमारी है। उसके मायके वालों ने कहा कि हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए अंशु के शव फंदे से लटका दिया। ताकि हत्या आत्महत्या लगे। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या के आरोप में पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

## बच्ची को आयरन से दागा, चेहरे को केरोसिन से जलाया

**आरा।** भोजपुर जिले के तियर थाना क्षेत्र में एक बच्ची को पहले गर्म आयरन से दागा गया। फिर उसके चेहरे पर केरोसिन तेल छिड़ककर उसे जला दिया। इस वारदात में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। झुलसी बच्ची ने पीएमसीएच, पटना में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना पांच मार्च की बताई जा रही है। घटना के बाद बच्ची के दादा के बयान पर संबंधित थाने में तीन नामजद समेत एक अज्ञात युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाने में दर्ज मामले में पारस गिरी, कमलेश गिरी की पत्नी दुर्गा देवी और पुत्री खुशी कुमारी को नामजद आरोपी बनाया गया है।

## औरंगाबाद: सड़क हादसे में स्कूली छात्रा की मौत

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में सड़क हादसे में एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, यह घटना सोमवार की दोपहर ओबरा थाना क्षेत्र के भरूब गांव की है। जहां घर से खाना खाकर स्कूल जा रहे छात्रा को एक तेज रफ्तार पिकअप ने रौंद दिया। इसके बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक छात्रा की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के भरुब गांव निवासी संतोष कुमार के 7 वर्षीय पुत्री उजाला पटेल के रूप में हुई है।

## गैंगरेप के बाद नाबालिग को कुएं में फेंका

**मोतिहारी।** मोतिहारी में एक नाबालिग (17) के साथ गैंगरेप हुआ। वारदात के बाद किशोरी को कुएं में फेंक दिया गया था। कुएं में घुटने भर पानी ही था। जिसके कारण उसकी जान बच गई। लड़की पानी में खड़ी थी। बताया जा रहा है कि पीड़िता 12वीं की छात्रा है। होली की छुट्टी पर वो घर गई थी। खेत में काम करने जा रहे ग्रामीणों ने उसके चिल्लाने की आवाज सुनी। झांककर देखा तो कुएं के अंदर किशोरी दिखी। घटना मोतिहारी के पिपरा थाना क्षेत्र की है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पिपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता को कुएं से बाहर निकाला और सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार किशोरी बार-बार अपना बयान बदल रही है।

## चलती ट्रेन से गिरकर युवकजख्मी

**सहरसा।** सहरसा-मानसी रेलखंड के सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक यात्री का पैर फिसल जाने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों द्वारा जख्मी युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में भर्ती कराया गया।जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर युवक की स्थिति चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया।

## मोतिहारी में सीएसपी संचालक से चार लाख की लूट

**मोतिहारी।** जिले के छौड़ादानो क्षेत्र में एक सीएसपी संचालक से चार लाख रुपए लूटे जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है,कि तिनकोनी गांव निवासी सुबंश सिंह प्रतिदिन की तरह सोमवार छौड़ादानों स्थित स्टेट बैंक से पैसा निकालकर अपने घर तिनकोनी जा रहा था। इसी बीच पहले से घात लगाए अज्ञात लूटेरे ने बंदूक और चाकू के नोक पर डरा धमका कर संचालक से रुपये लूटकर फरार हो गयेमिली जानरारी घटनास्थल आदापुर थाना क्षेत्र में पड़ता है।

# बांका : प्रेमिका से मिलने आया प्रेमी, ग्रामीणों ने पीटा, दोनों की मंदिर में करा दी शादी

एजेंसी



**बांका।** बांका में प्रेमिका से मिलने 12 किलोमीटर पैदल चलकर आया था प्रेमी। प्रेमी को चुप चुप कर अपनी प्रेमिका से मिलना महंगा पड़ गया। प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़कर पीटा फिर दोनों की मंदिर में करा दी शादी। मामले में पुलिस का कोई हस्तक्षेप नहीं रहा और ग्रामीण स्तर पर ही निपटा लिया गया। गांव में चर्चा का विषय बना है मामला रविवार रात की है। जहां रात भर हाइ वोल्टेज ड्रामें के बाद दोनों की शादी करा कर सोमवार की सुबह 9 बजे दोनों को विदा कर दिया गया। बांका जिला के शंभूगंज प्रखंड क्षेत्र में प्रेमधुन में मगन बांका जिला स्थित फुल्लीडुमर के डोमो गांव का एक प्रेमी पैदल अपनी प्रेमिका से मिलने करंजा गांव पहुंच गया। जहां नहर किनारे एक ठिकाने पर दोनों को प्रेमालाप करते ग्रामीणों ने पकड़ा। पहले तो ग्रामीणों ने प्रेमी की धुनाई की। उसको बचाने के लिए प्रेमिका कवच बनकर प्रेमी के सामने आ गई। बाद में ग्रामीणों ने ही गांव के शिव मंदिर में उनदोनों की शादी करा दी। दरअसल डोमो के सुभाष दास का 22 वर्षीय पुत्र नीतीश दास का करंजा के सुशील दास की पुत्री सुनैना से प्यार हो गया। नीतीश दास टेंट हाउस में काम करता है। करीब एक वर्ष पहले किसी शादी समारोह में डीजे बजाने करंजा आया था। इस दौरान नीतीश और सुनैना से आंखे चार हो गई। धीरे - धीरे बात मोबाइल से शुरू हुआ। प्यार इस तरह परवान चढ़ते गया कि एक साथ जीने - मरने की कसम तक खा लिया। नीतीश रोजी - रोजगार पर ध्यान न देकर हमेशा सुनैना की याद में खोते चला गया। इसके बाद योजना बनाकर नीतीश बगैर घर में कुछ बताए पैदल पांव बहियार होते हुए प्रेमिका से मिलने करंजा पहुंच गए। शाम ढलने के बाद नहर केनाल पर सूने स्थान में दोनों प्रेमालाप में मगन हो गए। इस बीच किसी ग्रामीणों की नजर पड़ी। फिर दोनों को ग्रामीणों ने घेर लिया। शिव मंदिर में दोनों के स्वजनों के समक्ष पंचायत लगी। प्रेमी ने भी बगैर देर किए सुनैना की मांग भर दी। इस शादी के गवाह शिव- पार्वती के अलावा सैकड़ों ग्रामीण बने। गांव में यह चर्चा का बना है।

## बेतिया में भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष की मिली लाश: परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

एजेंसी

**बेतिया।** बेतिया में सोमवार को गन्ने के खेत से बीजेपी पूर्व मंडल उपाध्यक्ष की लाश मिली। मृतक माधोपुर पंचायत के वार्ड नंबर 2 निवासी स्वर्गीय बुधन भगत के पुत्र भुनेश्वर भगत (60) हैं। भुनेश्वर पिछले कई सालों से भाजपा से जुड़े हुए थे। भुनेश्वर के बेटे ने पिता के दोस्त पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते के बाद मौके पर सदर एसडीपीओ मुकुल परिमल पांडे और मझौलिया थाना पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।मामला जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के माधोपुर पंचायत के वार्ड नंबर 3 का है। मृतक भुनेश्वर भरत के पुत्र विजय भगत ने बताया कि रविवार की रात पिता गांव में ही अपने दोस्त कौशल सिंह के घर खाना खाने गए थे। लेकिन देर रात तक वह नहीं लौटे। जब हम लोग कौशल सिंह के घर गए और पूछताछ की। कौशल सिंह ने बताया कि तुम्हारे पिता खाना खाकर चले गए हैं। लेकिन सोमवार की सुबह कौशल सिंह के घर के पास ही गन्ने के खेत से भुनेश्वर भगत का शव मिला। विजय भगत ने बताया कि उनके पिता की हत्या कौशल सिंह ने अपने परिजनों के साथ मिलकर कर दी है। हालांकि, हत्या की वजहों को लेकर कुछ स्पष्ट नहीं है।

**बोले एसडीपीओ**

मामले में सदर एसडीपीओ मुकुल परिमल पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल भेज दिया। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरा (भोजपुर)। भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रविवार की सुबह करंट की चपेट में आने से आटा चक्की मिल संचालक की मौत हो गई। इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी स्व. विश्वनाथ गुप्ता के 56 वर्षीय पुत्र मिथिलेश प्रसाद हैं। वह पेशे से आटा चक्की मिल संचालक एवं घर में ही अपना आटा मिल चलाते थे। मृतक के छोटे भाई राजेश ने बताया कि वह रविवार की सुबह भी आटा चक्की मिल में गेहूं पीस रहे थे। उसी दौरान अचानक बिजली का तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ा। तभी काम करने के दौरान उनका पैर उसी तार पर स्पर्श कर गया। इसके कारण वह करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए।

## शंभूनाथ सिन्हा ने समर्थकों के साथ जदयू से दिया इस्तीफा

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से नेताओं का इस्तीफा देना लगातार जारी है। इसी क्रम में अब जदयू के वरिष्ठ नेता और पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता ई. शंभूनाथ सिन्हा ने दो दर्जन से अधिक पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पटना में सोमवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में शंभूनाथ सिन्हा ने पार्टी एवं उसके नेतृत्व पर अपने मूल सिद्धांतों से भटकने का आरोप लगाते हुए कहा कि तीन साल पहले स्वामी सहजानंद सरस्वती की विचारधारा में आस्था रखने वाले हजारों लोगों ने राष्ट्रवादी जन कांग्रेस पार्टी का गठन किया था। जिसका विलय जदयू में कराया गया। विलय के समय सिर्फ यही शर्त रखी गई थी कि सभी कार्यकताओं के मान-सम्मान की रक्षा की जाएगी, लेकिन अफसोस है कि मुख्यमंत्री अपने एक सामान्य से उस वादे को भी पूरा नहीं कर पाए, बल्कि इसके ठीक विपरीत उन्हें अपमानित किया गया। ऐसी परिस्थिति में पार्टी में बने रहना अब बिल्कुल संभव नहीं रह गया है। अतः आज अपने तमाम साथियों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा कर रहा हूं। आज सिर्फ सुविधाभोगी अवसरवादियों की एक जमात बनकर रह गई है। हजारों कार्यकताओं के बलिदान से जिस पार्टी का निर्माण किया गया था, उसी पार्टी में समर्पित कार्यकताओं को अपमानित कर पार्टी विरोधी ताकतों को सम्मानित किया जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### आरआरआर के...

एसएस राजामौली, राम चरण और जूनियर एनटीआर समेत पूरी टीम का खुशी का ठिकाना नहीं है। ऑस्कर्स सेरेमनी में आरआरआर की जीत का बड़ा जश्न देखा जा रहा है। उम्मीद के मुताबिक फिल्म डायरेक्टर एसएस राजामौली की फि ल्म आरआरआर के गाने 'नाटू-नाटू' ने अपना परचम लहराते हुए देश के लिए दूसरा ऑस्कर जीता। इसे 'बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग' कैटेगरी की कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड अपने नाम किया। 'नाटू-नाटू' भारत के सिनेमा जगत के फिल्म प्रोडक्शन में बना पहला ऐसा गाना है, जिसने 95वें ऑस्कर में अपनी कामयाबी का झंडा बुलंद किया है। तेलुगु गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम एम कीरावानी हैं और इसे आवाज काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दी है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। गीत अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है, जिसमें उनके जोरदार नृत्य को भी काफी सराहना मिली है। ऑस्कर पुरस्कार जीतने के बाद पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मेरे मन में केवल एक इच्छा थी। आरआरआर को हर भारतीय का गौरव बढ़ाने के लिए यह पुरस्कार जीतना है। यह हमारे देश के लिए गौरवान्वित होने का क्षण है। फिल्म में एनटीआर जूनियर, राम चरण, आलिया भट्ट, अजय देवगन और श्रिया सरन सहित अन्य कलाकारों ने अपनी भूमिका को बखूबी तरह से निभाया है।

### भाजपा के शोर...

2015 में सदन से पारित हुई थी नीति : मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि नियोजन नीति 2015 में सदन से पारित हुई था। सरकार ने उसमें संशोधन किया ,जिसे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। अब फिर सरकार हाईकोर्ट के निर्णय के आलोक में नियुक्ति नियमावली में संशोधन कर रही है। वह भाजपा विधायक अमित यादव के सवाल का जवाब दे रहे थे। अमित यादव ने अल्पसूचित प्रश्न में के जरिये पूछा था कि आखिर किन कारणों से कोर्ट ने हेमंत सरकार की नियोजन नीति रद्द की है। क्या सरकार बाहरी लोगों को नौकरी देने का द्वार खोल रही है। नीति मेंदर होने से युवाओं की सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करने की उम्र सीमा खत्म होती जा रही है। क्या सरकार उम्र सीमा में छूट देगी। **विधायक की हत्या की साजिश का मामला उठा :** कांग्रेस के उमाशंकर अकेला ने कहा कि झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को जान का खतरा है। उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। सरकार इस पर संज्ञान ले। गौरतलब है कि पूर्णिमा के पूर्व ड्राइवर अजय रवानी का नीरज सिंह हत्याकांड के आरोपियों से संपर्क में होने के साक्ष्य मिले हैं। वह गैंगस्टर रमन सिंह और प्रिंस खान के संपर्क में था। रवानी ने विधायक।

### झटका : केंद्रीय कर्मियों...

बकाये महंगाई भत्ते का एरियर 2020-21 के लिए है जिसे देना उचित नहीं समझा गया है। मौजूदा समय में केंद्रीय कर्मचारियों को 38 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। सितंबर 2022 में पिछली दफा महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी हुई थी। केंद्रीय कर्मचारियों को 18 महीने के एरियर का इंतजार है लेकिन सरकार के ताजा जवाब से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभागियों को बड़ा झटका लगा है।

### राज्य में 1400...

**प्रवेश पत्र के बिना प्रवेश वर्जित :** परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र लेकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना है। यदि किसी इंस्ट्रूमेंट के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की आवश्यकता होती है, तो इसकी अनुमति केंद्र अधीक्षक एवं परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ही देंगे। वीक्षण कार्य में वैसे शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया है। किसी भी परिस्थिति में शिक्षकेतर कर्मचारियों से विशेष कार्य नहीं कराने का निर्देश दिया गया है। **विशेष निगरानी रखने का निर्देश :** झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के तहत नकल करना या नकल कराना या परीक्षा केंद्र के इर्द-गिर्द नकल कराने के उदेश्य से घूमते हुए पाया जाना गैर जमानतीय अपराध घोषित है। केंद्राधीक्षक को वैसे सभी तत्वों पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

स्पीड न्यूज

### दिल्ली से दोहा जा रही फ्लाइट में यात्री की मौत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली से कतर की राजधानी दोहा जा रही इंडिगो की फ्लाइट में 60 साल के एक पैसेंजर की तबीयत बिगड़ गई। मेडिकल इमरजेंसी को देखते हुए फ्लाइट को पाकिस्तान के कराची डायवर्ट किया गया, लेकिन एयरपोर्ट पहुंचने से पहले ही पैसेंजर की मौत हो गई। कराची के जिन्ना एयरपोर्ट पर फ्लाइट का क्रू पैसेंजर को लेकर मेडिकल टीम के पास पहुंचा, जहां टीम ने पैसेंजर को मृत घोषित कर दिया। यह घटना रविवार रात की है। मृतक की पहचान नाइजीरिया के रहने वाले अब्दुल्ला के रूप में हुई है।

### लद्दाख के लेह में 3.5 की तीव्रता से भूकंप

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गई। सुबह 10:52 पर लद्दाख के लेह क्षेत्र में धरती हिली। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। हालांकि इसमें फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान खबर नहीं मिली है।

### 14 मार्च को भारत आएंगे फ्रांस के पूर्व पीएम फिलिप

**नयी दिल्ली।** फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री एडवर्ड फिलिप द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों विशेष रूप से बंदरगाहों पर सहयोग और स्थानीय सरकारों के बीच विकेंद्रीकृत सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 14-17 मार्च तक भारत का दौरा करेंगे। भारत में फ्रांसीसी दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है। वह वर्तमान में फ्रांस के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह शहर ले हैवरे के मेयर हैं। अपनी यात्रा के दौरान एडुअर्ड फिलिप दिल्ली और मुंबई की यात्रा करेंगे।

### 12 सोने के बिस्किट के साथ एक तस्कर धराया

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल में बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से एक तस्कर को दबोचा है। उसके पास से सोने के 12 बिस्किट बरामद हुए हैं। उसने अपनी कमर में इन बिस्किट्स को बांध रखा था। बीएसएफ ने आरोपी तस्कर से पूछताछ की है। इसके बाद हेल्पलाइन जारी की गई है। यह पूरा मामला उत्तर 24 परगना के तराली स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा का है। बीएसएफ 112 वीं वाहिनी के तराली चौकी को इनपुट मिला था कि तस्करी होने वाली है। जवानों ने घेराबंदी की। तभी एक शख्स चोरी छिपे भारतीय सीमा में प्रवेश करता दिखाई दिया।

### उमेश हत्याकांड मामला : 5 अधिकारी सस्पेंड

**बरेली।** प्रयागराज के उमेश पाल हत्या की पूरी प्लानिंग बरेली सेंट्रल जेल में हुई। इस मामले में शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जेल में बंद अशरफ से मुलाकात कराने में बरेली सेंट्रल जेल के जेलर राजीव मिश्रा और डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप को निलंबित किया गया है। इसके अलावा तीन जेल वार्डन को भी निलंबित कर किया है। वहीं, जेल अधीक्षक आरके शुक्ला को नोटिस देते हुए जवाब मांगा है। जल्द ही उन पर भी कार्रवाई हो सकती है।

# लंदन में राहुल के बयान पर सत्ता पक्ष हमलावर संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर भाजपा ने माफी की मांग की। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- सरकार अडानी मुद्दे पर जांच से भाग रही। हमारी बात नहीं सुनी जाती। हम विक्रम बेताल की तरह पीछा नहीं छोड़ेगे। विपक्ष के नेता अडानी मुद्दे पर बेल में आ गए और जेपीसी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामे को देखते हुए दोनों सदनों को दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दिया गया। दो बजे बाद भी हंगामा जारी रहा। इस पर दोनों सदनों की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। बता दें कि इस महीने की शुरूआत में राहुल गांधी लंदन दौरे पर थे। यहां उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कहा था कि संसद में माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष अपनी आवाज नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कोई नेता किसी भी यूनिवर्सिटी में बोल नहीं सकता है। भारत में लोकतंत्र पर सीधा प्रहार हो रहा है।

सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन में आक्रोश की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। वे इस विषय पर स्पष्टता चाहते हैं। विपक्ष के हंगामें के चलते सदन की कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित करते हुए सभापति ने कहा कि वे कल इस विषय पर रुलिंग देंगे।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी राहुल के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि वे चेयर पर सवाल उठाते हैं। वे कहते हैं कि उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने सदन में पूरा भाषण दिया और कोई व्यवधान नहीं हुआ लेकिन फिर भी वे चेयर पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

दूसरी ओर लोकभा में विपक्ष के नेता कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन के बीच आए। हंगामें के चलते कार्यवाही को पहले 2 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में भी कार्यवाही पहले दो बजे तक स्थगित की गई थी।

### राहुल ने लंदन में भारत का अपमान किया : राजनाथ



राहुल गांधी पर लंदन में भारत का अपमान करने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में मांग की कि कांग्रेस नेता को सदन के सामने माफी मांगने के लिए कहा जाना चाहिए। सिंह ने निचले सदन में कहा, राहुल गांधी, जो इस सदन के सदस्य हैं लंदन में भारत का अपमान किया। हाल ही में लंदन के चैथम हाउस में बातचीत के दौरान गांधी ने आरोप लगाया कि संसद में विपक्षी नेताओं के माइक्रोफोन अक्सर खामोश कर दिए जाते हैं। उन्होंने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर हमला बोला और कई आरोप लगाए। गांधी ने यहां तक कहा कि यूरोप और अमेरिका भारत में लोकतंत्र को बहाल करने के लिए पर्याप्त नहीं कर रहे हैं क्योंकि उन्हें देश से व्यापार और पैसा मिल रहा है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि देश में विभिन्न संस्थान खतरे में हैं।

### राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए : गोयल

गोयल ने आगे कहा कि राहुल गांधी को अपनी टिप्पणियों के लिए सदन के अध्यक्ष से माफी मांगनी चाहिए जहां उन्होंने कहा था कि भारतीय संसद में विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारा लोकतंत्र अच्छे सिद्धांतों पर काम करता है। उन्होंने विदेशी धरती पर भारतीय संसद को अपमानित किया है। उन्होंने हमारी संसद के बारे में जो टिप्पणी की है, मैं उसकी कड़ी निंदा करता हूं। मैं फिर कहूंगा कि उन्हें वापस आना चाहिए और सदन और अध्यक्ष से माफी मांगनी चाहिए।

### हम विक्रम बेताल की तरह पीछा नहीं छोड़ेंगे : खड़गे

राहुल पर बयान के मुद्दे पर कांग्रेस ने सदन में प्वाइंट ऑफ आर्डर का विषय रखा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल दूसरे सदन के नेता हैं और उनपर टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने सभापति से मांग की कि नेता सदन का बयान कार्यवाही से हटाया जाए। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी यही मुद्दा उठाया। पीयूष गोयल ने कहा कि उन्होंने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया।

## वन रैंक वन पेंशन पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लगाई फटकार

### रक्षा मंत्रालय कानून हाथ में नहीं ले सकता : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 25 लाख पूर्व सैनिकों की बकाया पेंशन का भुगतान चार किश्तों में करने के रक्षा मंत्रालय के नोटिफिकेशन पर तल्ख टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रक्षा मंत्रालय कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। रक्षा सचिव 20 जनवरी को जारी किया नोटिफिकेशन तत्काल वापस लें। दरअसल रउ ने 9 जनवरी को वन रैंक वन पेंशन का कुल बकाया चुकाने के लिए केंद्र को 15 मार्च तक का समय दिया था। लेकिन 20 जनवरी को मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी की कि बकाया भुगतान चार किश्तों में किया जाएगा। इसके बाद भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन ने एक याचिका लगाई जिसमें रक्षा मंत्रालय के नोटिफिकेशन को रद्द करने की मांग की गई थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक जुलाई 2014 के बाद सेवानिवृत्त हुए सैनिकों को मिलाकर लाभार्थियों की संख्या 25 लाख पार हो चुकी है। इससे सरकार पर 8,450 करोड़ रु. का अतिरिक्त भार पड़ेगा। संशोधन के बाद पेंशन योजना को जुलाई 2019 से जून 2022 तक का एरियर या बकाया भी दिया जाएगा। यानी कुल 23,638.07 करोड़ रुपए दिया जाएगा।

#### केंद्र ने कहा- हम एक किश्त जारी कर चुके

इधर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसने पूर्व सैनिकों को ओआरओपी बकाया की एक किश्त का भुगतान कर दिया है, लेकिन बकाया भुगतान को पूरा करने के लिए कुछ और समय चाहिए। इस पर उखक ने दोबारा कहा- पहले ओआरओपी बकाया के भुगतान पर अपना 20 जनवरी का पत्र वापस लें, फिर हम आपके आवेदन पर और समय के लिए विचार करेंगे।

## पनडुब्बी सिंधुकीर्ति की फिर से 934 करोड़ रुपये से होगी मरम्मत, एचएसएल से करार

एजेंसी



- रक्षा मंत्रालय ने हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए
- मरम्मत के बाद युद्ध लड़ने योग्य होने पर नौसेना के सक्रिय बेड़े में शामिल होगी

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना की पनडुब्बी सिंधुकीर्ति को एक बार फिर मरम्मत के लिए हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) को भेजा जाएगा। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एचएसएल के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। किलो क्लास की डीजल-इलेक्ट्रिक रूसी पनडुब्बी सिंधुकीर्ति 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत 934 करोड़ रुपये की लागत से मरम्मत होने के बाद युद्ध में लड़ने योग्य हो जाएगी, जिसके बाद इसे भारतीय नौसेना के सक्रिय बेड़े में शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने आज एक बयान में बताया कि सिंधुकीर्ति पनडुब्बी की सामान्य मरम्मत के लिए विशाखापत्तनम के हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड से 934 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह पनडुब्बियों के लिए एचएसएल में लाइफ सर्टिफिकेशन के साथ मध्यम मरम्मत करने की दिशा में बढ़ाया गया कदम है। इस परियोजना में 20 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) शामिल हैं और परियोजना की अवधि के दौरान प्रतिदिन 1,000 श्रम दिवस के रोजगार का सृजन होगा।

### नागालैंड के सीएम नेफ्यू रियो ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद नेफ्यू रियो ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मुलाकात की। नागालैंड और इसके नागरिकों के लिए उनके निरंतर समर्थन के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। उनके नेतृत्व में, नई सरकार नागालैंड को एक उत्कृष्ट राज्य बनाने और वास्तविक शांति और विकास की शुरूआत करने की दिशा में काम करेगी।



## इलाहाबाद हाई कोर्ट से 3 महीने में हटाओ मस्जिद, सुप्रीम कोर्ट ने दिया सख्त आदेश

एजेंसी

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अधिकारियों को 3 महीने के भीतर इलाहाबाद हाई कोर्ट परिसर से एक मस्जिद को हटाने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने मस्जिद हटाए जाने का विरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं को बताया कि संरचना एक खत्म हो चुके पट्टे (लीज) पर ली गई संपत्ति पर है और वे अधिकार के रूप में इसे कायम रखने का दावा नहीं कर सकते। याचिकाकर्ताओं, वक्फ मस्जिद उच्च न्यायालय और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नवंबर 2017 के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने उन्हें मस्जिद को परिसर से बाहर करने के लिए तीन महीने का समय दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी।

### महिला जज को धमकाने का मामला : इमरान खान के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने जब से कुर्सी छोड़ी है उसके बाद से ही उनके सितारे लगातार गर्दिश में चल रहे हैं। पहले तो रैली के दौरान उनपर जानलेवा हमला होता है। फिर उसके बाद एक-एक कर पाकिस्तान में उनके ऊपर एफआईआर की जाती है। अब पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। सिविल जज जिला सत्र न्यायालय ने खातून जज जेबा चौधरी को धमकी देने के मामले में वारंट जारी किया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान को आज अदालत में पेश होना था। हालांकि, इमरान खान ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अदालत में उपस्थिति से छूट की मांग करते हुए एक याचिका दायर की।



### दिल्ली के विधायकों की सैलरी 66 प्रतिशत बढ़ी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दी मंजूरी

नयी दिल्ली। दिल्ली के विधायकों की सैलरी 66 प्रतिशत बढ़ गई है। राष्ट्रपति ने बजट सत्र से पहले विधायकों की सैलरी, पेंशन और भत्तों को बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्हें अब 54 हजार रुपए की जगह हर महीने 90 हजार रुपए सैलरी मिलेगी। भत्तों को शामिल कर दें तो विधायकों को अब हर महीने 1 लाख 70 हजार रुपए मिला करेंगे। दिल्ली सरकार के कानून, न्याय और विधायी मामलों के विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर इस बारे में जानकारी दी है। सैलरी, पेंशन और भत्तों को बढ़ाने का प्रस्ताव दिल्ली विधानसभा में पिछले साल जुलाई में पास हुआ था। दिल्ली सरकार ने सीएम, मिनिस्टर, विधायकों, मुख्य सचिव, स्पीकर और विपक्ष के नेता की सैलरी बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था। राष्ट्रपति ने 14 फरवरी को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। विधायकों को अब 14 फरवरी 2023 से बढ़ी हुई सैलरी मिलेगी। दिल्ली में विधायकों की सैलरी 12 साल बाद बढ़ाई गई है। विधायकों की बेसिक सैलरी 20 हजार से बढ़ाकर 30 हजार की गई है। दैनिक भत्ता 1 हजार से बढ़ाकर 1.5 हजार रुपए किया गया है। इससे पहले विधायकों को भत्ते और सैलरी मिलाकर हर महीने 72 हजार रुपए मिला करते थे।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस से रु 20 लाख करोड़ में 200 से ज्यादा ब्रह्मोस सुपरसॉनिक मिसाइल लेगी नेवी

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना जल्द ही ब्रह्मोस एयरोस्पेस के साथ 20 लाख करोड़ रुपए की डील साइन करने वाली है। नेवी इस कंपनी से 200 से ज्यादा ब्रह्मोस सुपरसॉनिक क्रूज मिसाइल खरीदने वाली है। अधिकतर स्वदेशी कंटेंट वाली ये मिसाइल भारतीय नौसेना के सभी फ्रंटलाइन वॉरशिप्स पर तैनात की जाएंगी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस की साझेदारी वाली कंपनी है। इस कंपनी ने हाल ही में मिसाइल की टेस्ट फायरिंग की थी। इस मिसाइल पर स्वदेशी सीकर भी तैनात किया जाएगा। मिसाइल सीकर वह सिस्टम होता है जो मिसाइल को सही ट्रैजेक्टरी पर गाइड करता है, ताकि मिसाइल सही निशाने पर लगे। एक सीनियर डिफेंस ऑफिशियल्स के मुताबिक, 200 से ज्यादा ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का नेवी का यह प्रपोजल फिलहाल शुरूआती स्टेज पर है और इसके जल्द ही डिफेंस मिनिस्ट्री से क्लियर होने की उम्मीद है। कुछ साल पहले इस कंपनी ने अपनी मिसाइल की स्ट्राइक रेंज को 290 किमी से बढ़ाकर 400 किमी कर दिया था।




### उद्धव ठाकरे के करीबी सुभाष देसाई के बेटे भूषण देसाई ने थामा शिंदे गुट का दामन

मुंबई। महाराष्ट्र में राजनीतिक हलचल तेज है। इन सबके बीच उद्धव ठाकरे को एक बड़ा झटका लगा है। उद्धव ठाकरे के बेहद करीबी माने जाने वाले सुभाष देसाई के बेटे ने शिवसेना में शामिल होने का फैसला लिया है। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना का हाथ थामा। सुभाष देसाई को उद्धव गुट का बड़ा नेता माना जाता है। वह शिवसेना के काफी पुराने सदस्य भी रहे हैं। लेकिन अब उन्हीं के बेटे भूषण देसाई ने एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होना बेहतर समझा है। भूषण शिंदे गुट में ऐसे समय में शामिल हो रहे हैं जब महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र चल रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बाला साहब के विचार पर चलने वाली महाराष्ट्र में सरकार है। उन्होंने कहा कि जब हम अलग होने का फैसला कर रहे थे तब हमारे साथ 40 विधायक और 13 सांसद थे। लेकिन बाद में कई लोग हमसे जुड़े हुए हैं। आपको बता दें कि पिछले साल शिवसेना में बगावत देखने को मिली थी। एकनाथ शिंदे के साथ पार्टी के 40 से ज्यादा विधायक चले गए थे जिसके बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले महा विकास आघाडी की सरकार गिर गई थी।

### वाणिज्य की खबरें

### सेंसेक्स 897 अंक गिरकर बंद, निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपए डूबे

**मुंबई।** अमेरिका के 2 बैंक बंद होने का असर आज भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखा। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन, यानी सोमवार (13 मार्च) को सेंसेक्स 897 अंक गिरकर 58,237 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 257 अंक की गिरावट रही। यह 17,155 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। केवल टेक महिंद्रा का शेयर 6.83 प्रतिशत ऊपर रहा। इस गिरावट के चलते निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपए डूब गए। इरए पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 258.95 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह शुक्रवार को 262.94 लाख करोड़ रुपए था। आज की गिरावट में बैंकिंग और ऑटो सेक्टर सबसे आगे रहे। इंडसइंड बैंक, रइक टाटा मोटर्स, ट&ट, अडाणी पोर्ट्स, आयशर मोटर्स, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व समेत निफ्टी-50 के 45 शेयरों में गिरावट रही। सिर्फ 4 शेयर टेक महिंद्रा, अपोलो हॉस्पिटल, ब्रिटानिया और डठ्ठ में तेजी रही। पावर ग्रिड के शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### फरवरी में रिटेल महंगाई घटकर 6.44 प्रतिशत पर आई, जनवरी में 6.52 थी

**नयी दिल्ली।** देश में फरवरी महीने में रिटेल महंगाई घटकर 6.44 प्रतिशत पर आ गई है। जनवरी 2023 में यह तीन महीनों के उच्च स्तर 6.52 प्रतिशत और दिसंबर 2022 में 5.72 प्रतिशत पर रही थी। तीन महीने पहले नवंबर 2022 में रिटेल महंगाई 5.88 प्रतिशत थी। पिछले साल फरवरी 2022 में यह 6.07 प्रतिशत रही थी। खाने-पीने के सामान में मामूली बढ़ोतरी हुई है। वहीं दाल-चावल और सब्जियों की कीमतों में थोड़ी कमी आई है, जिसके चलते महंगाई दर में मामूली गिरावट देखने को मिली है। फरवरी 2023 में फूड इन्फ्लेशन 5.95 प्रतिशत हो गई है, जो जनवरी में 5.94 प्रतिशत थी। लगातार दूसरे महीने इन्फ्लेशन भारतीय रिजर्व बैंक के 6 प्रतिशत के अपर टॉलरेंस लेवल से ऊपर रही है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के बास्केट में लगभग आधी हिस्सेदारी खाद्य पदार्थों की ही होती है। बीते महीने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में गेहूं जैसे खाद्यान्न के भाव घटे हैं। सरकार ने सप्लाई भी बढ़ाई है। इसका असर भी रिटेल महंगाई के आंकड़ों पर पड़ा है।

### टीसीएस फोर्ब्स की 'बेस्ट लार्ज एम्प्लॉयर्स' की लिस्ट में शामिल

**नयी दिल्ली।** दिग्गज भारतीय आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को फोर्ब्स ने अमेरिका की 'बेस्ट लार्ज एम्प्लॉयर्स' की सालाना लिस्ट में शामिल किया है। ये लिस्ट 1000 से ज्यादा कर्मचारियों वाली अमेरिकी कंपनियों के लिए काम कर रहे 45,000 कर्मचारियों पर सर्वे करने बाद बनाई गई है। टीसीएस, आईटी इंडस्ट्री में अमेरिका में सबसे ज्यादा जॉब देने वाली कंपनियों में से एक है। पिछले तीन साल में टीसीएस ने 21,000 से अधिक लोगों नौकरी दी है। अमेरिका में टीसीएस में 45,000 से अधिक एम्प्लॉई काम करते हैं। टीसीएस नॉर्थ अमेरिका के चेयरमैन सुरेश मुथुस्वामी ने कहा कि टीसीएस ने एम्प्लॉई फ्रेंडली वर्कप्लेस बनाने पर फोकस किया। इससे इनोवेशन को बढ़ावा मिला।

## कभी सुसाइड करने वाले थे नाटू-नाटू के कोरियोग्राफर

एजेंसी




**लॉस एंजेलिस।** फिल्म 'आरआरआर' के गाने 'नाटू-नाटू' को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। आखिरी बार 2008 में फिल्म 'स्लमडॉग मिलेनियर' के गाने 'जय हो' के लिए एआर रहमान को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का ऑस्कर मिला था। इसके 15 साल बाद भारत को ये अवॉर्ड मिला है। 'जय हो' गाने को ऑस्कर तो मिला, लेकिन ये ब्रिटिश फिल्म थी। ऐसे में 'नाटू- नाटू' ऑस्कर पाने वाला पहला ऐसा गाना है जो भारतीय फिल्म का है। इसे जूनियर एनटीआर और रामचरण पर फिल्माया गया, जिसका हुक स्टेप बनाने के लिए कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित ने 110 मूव्स तैयार किए थे। इस गाने को पहले ही गोल्डन ग्लोब मिल चुका है। यह गोल्डन ग्लोब हासिल करने वाला पहला भारतीय और एशियन गाना भी है। इस गाने के बनने और बनाने वाले लोगों की कहानी काफी इंट्रेस्टिंग है। जिन कंपोजर एमएम कीरवानी को ऑस्कर मिला है, वो कभी असमय मृत्यु के डर से डेढ़ साल तक संन्यासी बनकर रह चुके हैं। इतना ही नहीं, वे बिना मुहूर्त देखे अपनी कार से भी नहीं उतरते। इस गाने को उन्हीं के बेटे काल भैरव ने आवाज दी है। वहीं गाने के स्टेप्स जिन पर दुनियाभर के लोग थिरक रहे हैं, उन्हें बनाने वाले कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित भी सुसाइड करते-करते रुके थे।

### ऑस्कर विजेताओं की पूरी सूची

- सबसे अच्छी फिल्म - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - मिशेल योह (एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - ब्रेंडन फ्रेजर (द व्हेल)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - डेनियल (एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस)
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म संपादन - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस
- सर्वश्रेष्ठ मूल गीत - आरआरआर से नाटू-नाटू
- बेस्ट साउंड - टॉप गनः मेवरिक
- सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा - वीमेन टॉकिंग
- सर्वश्रेष्ठ मूल पटकथा - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस- डैनियल क्वान और डैनियल शाइनर्ट
- सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव - अवतारः द वे ऑफ वॉटर
- सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन - ऑल क्विट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट
- सर्वश्रेष्ठ मूल स्कोर - ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट
- सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड लघु फिल्म - द बॉय, द मोल, द फॉक्स एंड द हॉर्स
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म - द एलिफेंट व्हिस्परर्स
- बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन - ब्लैक पैंथरः वकंडा फॉरएवर
- सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म - ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट (जर्मनी)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री - जेमी ली कर्टिस - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता - के हुई क्वान - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस

## 5 साल में बनी 39 मिनट की 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स'

एजेंसी

**लॉस एंजेलिस।** भारत की फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्विस और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा हैं। 39 मिनट की इस शार्ट फिल्म में इंसान और जानवरों के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी दक्षिण भारतीय कपल बोमन और बेली की है, जो रघु नाम के एक छोटे अनाथ हाथी की देखभल करते हैं। इस डॉक्यूमेंट्री को ओरिजनली तमिल भाषा में बनाया गया था। 8 दिसंबर 2022 को यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की गई थी। 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री है। इस कैटेगरी की फिल्में बनाने के लिए लोगों की असली जिंदगी को फॉलो किया जाता है।



फिल्म की डायरेक्टर कार्तिकी ने पांच साल तक बोमन और बेली की जिंदगी को करीब से देखा।

कार्तिकी ने बेबी एलिफेंट रघु के साथ जो भी पल बिताए वे सब कैप्चर किए गए। रघु के शॉट कैप्चर करने के लिए उसे कोकोनट मिक्सचर खिलाया जाता था। इसे खाकर वह खुशी से झूम उठता था और ये मोमेंट्स रिकॉर्ड कर लिए जाते थे। इस तरीके से साढ़े चार सौ घंटे के फुटेज कैप्चर हुए। फिल्म तमिलनाडु के मदुमलाई रिजर्व में सेट है।